सुप्रभात
रांची, सोमवार
09.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 61



12 दीपिका पादुकोण ने बेटी को दिया जन्म




## न्यूज डायरी

### हमारे अपने लोगों ने ही लड़ाई छोड़ दी : हेमंत

**रांची।** सीएम हेमंत ने चंपई सोरेन का नाम लिये बिना कहा कि हमारे बीच कुछ ऐसे लोग भी हैं जो राज्य के हक की लड़ाई को छोड़कर अलग राह पर चले गये। सीएम रविवार को गुवा में श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, हमने खुद को इकट्ठा किया और इस लड़ाई को जारी रखने का फैसला किया। सीएम ने कहा कि कोरोना महामारी जब खत्म हुई तो विरोधियों ने जांच एजेंसियों को हमारे पीछे लगा दिया गया। हमें जबरन जेल में डाल दिया।

### असम के मुख्यमंत्री हिमंता आज आयेंगे रांची

**रांची।** असम सरकार के मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा आज रांची पहुंचेंगे। वे ओरमांझी में उत्पाद सिपाही दौड़ में मृत जवान अजय कुमार मुंडा के परिजनों से मुलाकात करेंगे। वहां से श्री सरमा नामकुम जायेंगे और मृतक युवक विकास लिंडा के परिजनों से मिलेंगे। श्री सरमा सांसद आदित्य साहू के कुचु, स्थित आवास भी जायेंगे। श्री सरमा 10 को रांची से प्रस्थान करेंगे।

### आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में बिजली गिरने की घटना में सात लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा रविवार दोपहर सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहतरा (लटुवा) में हुई। बारिश में भींगने से बचने के लिए तालाब के किनारे एक पेड़ के नीचे खड़े थे, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गयी।

### पैरालंपिक खेलों में भारत ने जीता 29 पदक

**नयी दिल्ली।** भारत ने पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदकों के रिकॉर्ड के साथ अपने ऐतिहासिक अभियान का समापन किया। भारत ने इस बार अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल किया।

### ओसीए के अध्यक्ष बने रणधीर सिंह , पहले भारतीय

**नयी दिल्ली।** अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गये। उन्हें रविवार को महाद्वीपीय संस्था की 44वीं आम सभा के दौरान यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी। उन्होंने कुवैत के शेख अहमद अल-फहद अल-सबा की जगह ली है।

मुख्यमंत्री ने केंद्र पर भेदभाव करने का लगाया आरोप

# देश के नीति-निर्धारक झारखंड को अहमियत ही नहीं देते : हेमंत सोरेन

- 201 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 96 योजनाओं का किया उदघाटन-शिलान्यास, लाभुकों के बीच 103 करोड़ 41 लाख 80 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का हुआ वितरण
- संघर्षों से आदिवासी बिखरता नहीं, मजबूत होकर आता है सामने, अपने मान-सम्मान से कभी समझौता नहीं करते आदिवासी-मूलवासी

**बेटियां हमारी बोझ नहीं मजबूत संपत्ति बनेंगी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गुवा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बेटियां बोझ नहीं मजबूत संपत्ति बनेंगी। बहन-बेटियों के सशक्तिकरण के लिए उनकी सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। इसी कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से आधी आबादी को सशक्त बना रहे हैं। वे रविवार को पश्चिमी सिंहभूम में गुवा गोली कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद सरकार की उपलब्धियों को गिना रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में झारखंड की पहचान सोने के चिड़िया के रूप में है। यहां खनिज संसाधनों की प्रचुरता है, लेकिन यहां आदिवासी और मूलवासी आज तक पिछड़े हैं। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को जिम्मेवार ठहराया। श्री सोरेन ने कहा कि देश के नीति-निर्धारक झारखंड को कभी अहमियत नहीं देते हैं। यहां के लोगों को मजदूरी करने के लिए छोड़ दिया गया। मुख्यमंत्री दावा किया कि जिस तरह लंबी लड़ाई के बाद झारखंड अलग राज्य लिया। उसी तरह इस राज्य को और मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 2019 में हमारी सरकार के गठन के साथी बड़ी-बड़ी चुनौतियां हमारे सामने आती रहीं। उस समय से लेकर आज तक विपरीत परिस्थितियों के बीच राज्य सरकार की योजनाएं शानदार तरीके से धरातल पर उतर रही है और विकास का आयाम गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बिचौलियागिरी खत्म करना हमारा संकल्प है। सीएम ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में उनकी सरकार हर घर में एक लाख रुपए हर वर्ष देगी, ताकि कर्ज लेने की जरूरत न पड़े।

**सात पूर्व सीएम मेरे पीछे पड़े :** सीएम हेमंत ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि आज सात पूर्व सीएम मेरे पीछे पड़े हुए हैं। अब ये लोग मेरे पूरे परिवार को जेल भेजने की तैयारी कर रहे हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने इस राज्य को दोनों हाथों से लूटा।

मुख्यमंत्री हेमंत ने गुवा गोली कांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कहा

### झारखंड वीरों की धरती हम समझौता नहीं करते

श्री सोरेन ने रविवार को गुवा गोली कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कोल्हान समेत पूरे झारखंड के लिए यह एक ऐसा दिन है, जिसे हम कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड हमेशा से वीरों की धरती रही है। हमारे आदिवासी-मूलवासियों ने हमेशा संघर्ष किया। उन्होंने किसी के सामने कभी झुकना नहीं सीखा। श्री सोरेन ने कहा कि आदिवासी का जितना खून जमीन पर गिरता है, उतने ही आदिवासी वीर पैदा लेते हैं। आदिवासी संघर्षों से बिखरता नहीं है बल्कि और मजबूत होकर सामने आता है। शहादत दिवस कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरूवा, सांसद जोबा मांझी, विधायक निरल पूर्ति, दशरथ गागराई, सुखराम उरांव, सोनाराम सिंकू, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरि कुमार केशरी, डीआईजी मनोज रतन चौथे आदि उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री बोले- राज्य सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश

# चुनाव देखकर खोखली घोषणाएं कर रहे सीएम

- राज्य में छह परिवर्तन यात्राओं के माध्यम से पार्टी नाकामियों को करेगी उजागर




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चुनाव को नजदीक देख कर सीएम हेमंत सोरेन खोखली घोषणायें कर रहे हैं। श्री चौहान रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव अब नजदीक है और जिस गठबंधन की सरकार ने 5 साल में कुछ नहीं किया, अब वह धड़ाधड़ खोखली घोषणा करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमने पूछा कि झारखंड की जनता को मिला क्या। उन्होंने कहा कि सैकड़ों वादे जो पूरे नहीं किये गये। पांच साल कोई नौकरी नहीं दी, पेपर लीक जैसी लगातार घटनायें होती रही, लेकिन अब चुनाव आ गये हैं, इसीलिए घोषणायें हो रही हैं। उन्होंने उत्पाद विभाग में सिपाही की भर्ती प्रक्रिया पर टिपण्णी करते हुए कहा कि ये भर्ती नौजवानों को रोजगार देने के लिए नहीं है, सिर्फ वोट बटोरने के लिए भर्ती का नाटक किया जा रहा है। फिजिकल टेस्ट भी पूरा नहीं हो पायेगा। इसलिये, ऐसे मौसम में जानलेवा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि यह एक हादसा नहीं है, बल्कि हत्या जैसी साजिश है। ये ऐसा अपराध है जिसके लिए जनता माफ नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में 6 परिवर्तन यात्राओं के माध्यम से राज्य की गठबंधन सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। इन यात्राओं का रोड मैप तैयार किया जा रहा है। जल्द ही परिवर्त्तन यात्रा का शेड्यूल जारी किया जायेगा।

### भ्रष्टाचार झारखंड को कर रहा तबाह : चौहान

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी ने कहा कि मुख्यमंत्री और गठबंधन का दावा नहीं चलने वाला है। आज भी भ्रष्टाचार झारखंड को तबाह और बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। भाजपा भी उनके झूठे और खोखले वादों को बेनकाब करेगी। भ्रष्टाचार और बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था की स्थिति, अवैध घुसपैठ, बदल रही डेमोग्राफी इन सब मुद्दों को जनता को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 15 तारीख को झारखंड आ रहे हैं। पीएम वंदे भारत ट्रेन की सौगात के साथ-साथ 1 लाख 13 हजार 195 गरीबों को प्रधानमंत्री आवास की पहली किस्त भी उनके खाते में डालेंगे। इसके अलावा देश के बाकी राज्यों के गरीबों के खाते में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के राशि डाली जायेगी।

### पहलवान बजरंग पूनिया को जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**सोनीपत।** कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए पहलवान बजरंग पुनिया को जान से मारने की धमकी मिली है। बजरंग पूनिया के मोबाइल नंबर पर धमकी का मैसेज आया। व्हाट्सएप पर भेजे गए संदेश में लिखा था कि बजरंग, कांग्रेस छोड़ दो। वरना तेरे और तेरे परिवार के लिए ये अच्छा नहीं होगा। ये हमारा आखिरी संदेश है। चुनाव से पहले हम दिखा देंगे कि हम क्या चीज हैं। जहां शिकायत करनी है कर लो, ये हमारी पहली और आखिरी चेतावनी है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। बजरंग पूनिया और पहलवान विनेश फोगाट छह सितंबर को कांग्रेस में शामिल हुए थे। बता दें कि कांग्रेस ने विनेश फोगाट को हरियाणा के जींद जिले की जुलाना विस सीट से उम्मीदवार घोषित किया और बजरंग पूनिया को ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का वर्किंग चेयरमैन नियुक्त किया।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अब 24 तक

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अब 24 सितंबर तक होगा। इससे पहले यह 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आयोजित होना था। अब इसकी अवधि बढ़ा कर 24 सितंबर कर दी गयी है। वहीं मुख्यमंत्री भी नौ सितंबर से अलग-अलग जिलों के जिलास्तरीय कैंप में शामिल होंगे। वे 24 सितंबर को साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में आयोजित समापन समारोह में भी हिस्सा लेंगे। इस बाबत कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिख कर जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है कि कार्यक्रम की सफलता और जिलों में पंचायतों की संख्या अधिक होने कारण इस कार्यक्रम को विस्तार देकर इसे 24 सितंबर तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। जिलों में आयोजित शिविरों में मुख्यमंत्री एवं मंत्री शामिल होंगे। इस दौरान लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित किया जायेगा।

| किस जिले में कब है कार्यक्रम |
|---|
| 9 सितंबर- धनबाद व गिरिडीह (दोनों जिलों के मध्य में) |
| 10 सितंबर- पूर्वी सिंहभूम व प. सिंहभूम (दोनों जिलों के मध्य में) |
| 11 सितंबर- गोड्डा और देवघर (गोड्डा में) |
| 13 सितंबर- रामगढ़ और बोकारो (बोकारो में) |
| 18 सितंबर- जामताड़ा और दुमका (जामताड़ा में) |
| 20 सितंबर- गढ़वा और लातेहार (गढ़वा में) |
| 21 सितंबर- कोडरमा और चतरा (चतरा में) |
| 23 सितंबर- खूंटी और सिमडेगा (दोनों जिलों के मध्य में) |
| 24 सितंबर- साहिबगंज (भोगनाडीह) |

रक्षा मंत्री ने किया दावा- पीओके निवासी जल्द हमारे साथ जुड़ जायेंगे

# आतंक भड़काना बंद करे पाक तभी होगी वार्ता : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि अगर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। वह रामबन जिले के बनिहाल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भट के समर्थन में चुनावी रैली में बोल रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान सरकार पीओके के लोगों को विदेशी मानती है, लेकिन भारत सरकार का मानना है कि वे भारतीय नागरिक हैं। श्री सिंह ने कहा, अब वह समय दूर नहीं, जब वे भारत का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त करेंगे। साथ ही हमारे साथ जुड़ जायेंगे। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 को लोगों की परेशानी दूर करने और क्षेत्र को समृद्ध बनाने के लिए हटाया गया।



**अच्छा पड़ोसी चाहता है भारत :** राजनाथ सिंह ने कहा कि कौन देश पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारना नहीं चाहेगा? हम पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं, लेकिन सबसे पहले उन्हें आतंकवाद को रोकना होगा। जब पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद कर देगा, तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करेगा। उन्होंने कहा, मैं गृह मंत्री रह चुका हूं और मुझे पता है कि आतंकवादी घटनाओं में सबसे अधिक मुसलमानों की जान गयी।

### पीओके के लोगों का अपना नहीं मानता पाक

रक्षा मंत्री ने चुनावी सभा में कहा, पाकिस्तान के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने हाल ही में एक अदालत में प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पीओके के निवासियों को विदेशी बताया गया था। वहीं मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि भारत सरकार का मानना है कि पीओके के लोग भारतीय नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि वह समय दूर नहीं जब पीओके के लोग खुद आगे आएंगे और भारत का हिस्सा बनने की इच्छा जतायेंगे। उन्होंने कहा, अगर हम सत्ता में आये तो अगले 10 सालों में जम्मू-कश्मीर को एक आदर्श राज्य बना देंगे। यह एक ऐतिहासिक चुनाव होगा क्योंकि भारत ही नहीं पूरी दुनिया की नजर इस चुनाव पर है। इस दौरान श्री सिंह ने पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती पर भी जमकर बरसे।

### भारत में मंकीपॉक्स का पहला संदिग्ध मामला रोगी की हालत स्थिर



**नयी दिल्ली।** भारत में घातक एवं संक्रामक रोग मंकीपॉक्स का पहला संभावित मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय मंत्रालय का कहना है कि मंकीपॉक्स प्रभावित देश से युवा पुरुष लौटा है। युवा रोगी को आइसोलेशन में रखा गया है। रोगी की हालत स्थिर है। यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि मरीज को एमपॉक्स हुआ है या नहीं। चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय के अनुसार देश इस तरह के अलग-अलग यात्रा से संबंधित मामलों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और किसी भी संभावित जोखिम को प्रबंधित करने और कम करने के लिए मजबूत उपाय किए गए हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 85000 रु./प्रति किलो |




कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का किया आह्वान

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अबतक नहीं अपनाने वाले राज्य एक बार फिर सोचें : उप राष्ट्रपति

**साक्षरता दिवस समारोह**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभी लोगों से कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। उन्होंने उन राज्यों से अपील की जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) को नहीं अपनाया है। उन्होंने कहा कि वे अपने रुख पर पुनर्विचार करें। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में रविवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाली है।

उन्होंने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी भाषाओं को उचित महत्व दिया गया है। देश के संस्थानों को कलंकित और अपमानित करने वाले लोगों के प्रति आगाह करते हुए श्री धनखड़ ने उन गुमराह लोगों को रास्ता दिखाने का आग्रह किया जो भारत के प्रभावशाली विकास को स्वीकार करने में सक्षम नहीं हैं और जमीनी हकीकत को नहीं पहचान रहे हैं।

### एमएम के हाई स्कूल बरियातू को 'लीडिंग एजुकेशन स्कूल इन राँची' का मिला सम्मान



**रांची।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए एमिनेंट रिसर्च एजुकेशन आइकॉन की ओर से एमएमके हाई स्कूल, बरियातु को 'लीडिंग एजुकेशन स्कूल इन राँची' से सम्मानित किया गया है। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता संजय कपूर ने नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान प्रदान किया। विद्यालय के चेयरमैन मुश्ताक खान और निदेशक डॉ तनवीर अहमद ने यह पुरस्कार प्राप्त करते हुए इसे स्कूल की सामूहिक मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम बताया।

# कैंसर पीड़ित पत्रकार रवि प्रकाश को अमेरिका में मिला 'पेशेंट एडवोकेसी एडुकेशनल अवार्ड'

### इस साल यह पुरस्कार पाने वाले वह भारत के इकलौते व्यक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अमेरिका के सैन डियेगो में 7 सितंबर से शुरू वर्ल्ड लंग कैंसर कांफ्रेंस में झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश को 'पेशेंट एडवोकेसी एडुकेशनल अवार्ड' दिया गया। इस साल यह पुरस्कार पाने वाले वह भारत के इकलौते व्यक्ति हैं। लंग कैंसर पर काम करने वाली दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर हर साल यह पुरस्कार विश्व के उन चुनिंदा लोगों को देती है, जो अपने-अपने देश में मरीजों की आवाज बन चुके हैं। इस साल भारत से रवि प्रकाश के अलावा यह पुरस्कार दुनिया के नौ और लोगों को दिया गया है। इनमें आस्ट्रेलिया और मैक्सिको के 2-2, अमेरिका, इटली, यूके (इंग्लैंड), नाइजीरिया और थाईलैंड से 1-1 पेशेंट एडवोकेट शामिल हैं। इन दस लोगों में रवि इकलौते व्यक्ति हैं, जो खुद मरीज होकर पेशेंट एडवोकेसी करते हैं। बाकी के विजेता या तो केयरगिवर्स हैं या फिर लंग कैंसर के लिए काम करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि।



**मुख्यमंत्री हेमंत ने दी बधाई :** यह पुरस्कार लेते वक्त पत्रकार रवि प्रकाश ने झारखंड की विशेष बंडी पहनी थी और उन्होंने सरना गमछा भी रखा था। अपने परिधान से रवि ने सरना धर्म कोड की वकालत वैश्विक स्तर पर कर दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस उपलब्धि के लिए रवि प्रकाश को बधाई दी है। उन्होंने लिखा है, आपकी हिम्मत, जज्बे और संघर्ष को सलाम।

## आजसू नेताओं ने कहा, सरकार हर मोरचे पर फेल, यही समय है सत्ता से हटा दें

# शिकारी की तरह अब चारा फेंक रही सरकार : सुदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में आजसू प्रमुख एम पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो ने कहा कि नीति, नीयत और विश्वसनीयता में विफल इस सरकार को सत्ता से बेदखल करने का समय आया है। यह सरकार नहीं शिकारी है। चुनाव से पहले यह सरकार जनता को बरगलाने के लिए सरकारी खजानों का चारा फेक रही है। हमारे युवा सड़कों पर हैं। वे रोजगार मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं से बेरोजगारी भत्ता का वादा किया था। अगर यह अपने वादे पर काम किए होते तो आज हर युवक को 4 लाख 20 हजार रुपया मिले होते। हेमंत सरकार ने सिर्फ राज्य को ही नहीं लूटा, जमीन व खदान को नहीं लूटा, बल्कि इन्होंने हर युवा के 4 लाख 20 हजार रुपया को भी लूटा है। आजसू प्रमुख रविवार को युवा आजसू द्वारा रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हजारों युवाओं, बेरोजगारों का यह जुटान इस बात का गवाह है कि सरकार ने वादा खिलाफी के साथ उनके सपनों को कुचला है। वादाखिलाफी कर रही इस सरकार को उखाड़ फेंकने के संकल्प साथ युवा अगे बढ़ें। सभा में राज्य भर से हजारों शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने शामिल होकर सरकार की वादाखिलाफियों का हिसाब मांगा। इस सरकार ने युवाओं, महिलाओं, किसानों सभी को ठगने का काम किया है।

**सरकार हर मोरचे पर फेल :** सुदेश कुमार महतो ने कहा कि शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने के लिए नीति, नीयत और विश्वसनीयता की आवश्यकता है। मौजूदा सरकार इन तीनों मापदंडों पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कहा था दो हजार रुपये का चूल्हा भत्ता देंगे लेकिन अब जब चुनाव आ गया तो यह एक हजार का चुनावी भत्ता दे रहे हैं। सरकार अगर चूल्हा भत्ता दी होती तो पांच वर्ष में प्रत्येक महिला को एक लाख बीस हजार रुपया मिला होता। महिलाओं को यह राशि हेमंत सरकार से मांगनी चाहिए।

**परीक्षा लेने का वादा भी धोखा :** सुदेश महतो ने कहा कि हर वर्ष जेपीएससी परीक्षाएं लेने की बात सरकार ने कही थी, लेकिन यह भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य की कुल आबादी अनुमानतः 4 करोड़ है। इसमें कामकाजी उम्र वालों की आबादी 1 करोड़ 47 लाख 2 हजार 184 है। ये ऐसे लोग हैं जो या तो काम कर रहे हैं या काम की तलाश में हैं। 5 लाख लोग रोजगार की तलाश में घरों से निकलते हैं और बिना एक रुपये कमाये लौट जाते हैं। सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड अपने निर्माण के 24वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। लंबे संघर्ष एवं रक्त रंजित आंदोलनों से गुजर कर हम सब ने अलग झारखंड राज्य तो पा लिया लेकिन शहीदों के सपने के अनुसार तथा आंदोलन में शामिल हर वर्ग के उम्मीदों के अनुकूल यह राज्य निखर नहीं पाया।

**युवा लाठी खा रहे, जमीन दलाल मालामाल :** श्री महतो ने कहा कि दुर्भाग्य से आज जो लोग सरकार चला रहे हैं, उनकी प्राथमिकता राज्य निर्माण के आंदोलनकारियों के सपनों के अनुकूल नहीं है। बेरोजगार युवाओं की फौज सड़कों पर पुलिस की गोलियां और लाठियां खा रही है। जमीन लूटने के लिए दलालों की एक बड़ी फौज खड़ी की। उन्हें सरकारी संरक्षण देकर हजारों करोड़ रुपए की जमीन हड़पने का काम किया है। डिजिटल डैकती कर अपनी जमीन से मूल रैयत को बेदखल कर रही है सरकार।

**कार्यक्रम में ये नेता थे शामिल :** कार्यक्रम में चंद्र प्रकाश चौधरी, राम चंद्र सहिस, लम्बोदर महतो, सुनिता चौधरी, उमाकांत रजक, कुशवाहा शिवपुजन मेहता, डॉ देवशरण भगत, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, बनमाली मंडल, हरीश कुमार, अरविंद कुमार, युवा आजसू के अमित कुमार, गौतम सिंह, अमित महतो, जब्बार अंसारी, ओम वर्मा, ज्योत्सना केरकेप्ता, विशाल महतो, इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सरकार को उखाड़ फेंके : चंद्रप्रकाश

मौके पर केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि सरकार चौथी बार सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम कर रही है। आज तक एक भी आवेदन का निष्पादन नहीं हुआ। यहां आये हजारों युवाओं ने इस सरकार को सत्ता से हटाने का संकल्प लिया है। हम सभी मिलकर पूरा करने का काम करेंगे।पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने भी अपने विचार व्यक्त किये। गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर ने कहा कि वर्तमान सरकार की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। ऐसी सरकार को राज्य के युवा सत्ता से बेदखल करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी प्रमुख सुदेश ने बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिभा पर माल्यार्पण कर की। वहीं से उन्होंने हजारों बेरोजगार युवाओं के साथ प्रभात मैदान स्थित सभा स्थल तक पदयात्रा

### गुवा गोलीकांड के शहीदों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा से पूर्व आज के ही दिन 1980 में हुए गुवा गोलीकांड के शहीदों और अलग राज्य आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन के महासमर की आज की तारीख एक महत्वपूर्ण तिथि है। आज ही के दिन आज से 44 वर्ष पूर्व गुवा में सभी नियमों और मापदंडों का उल्लंघन करते हुए अस्पताल से खींचकर आंदोलनरत झारखंडी आंदोलनकारियों को पुलिस ने गोलियों से भून दिया था। झारखंड अलग राज्य की मांग को लेकर गुवा में आंदोलनकारियों की आम सभा थी। जिसके अगुवा बहादुर उरांव, भुवनेश्वर महतो, लखन बोदरा, सुखदेव हेम्ब्रम, वैशाख गोप जैसे झारखंड के कितने वीर सपूत थे। गुवा गोली कांड की बर्बरता और निर्ममता के कारण परतंत्र भारत का जलियांवाला कांड भी पीछे छूट गया।

## झारखंड में ऑप्टोमेट्री कॉलेज स्थापित होगा : डॉ विजय मिश्र

**रांची।** भगवाना महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग ने ऑप्टोमेट्री उटए और वर्कशॉप 2024 का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन सेंटर ऑफ ऑप्थल्मिक रिसर्च एंड ट्रेनिंग के तत्वावधान में हुआ और इसमें ऑप्टोमेट्रिस्टों तथा नेत्र सहायक कर्मचारियों को उन्नत शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि मेडिकल डायरेक्टर डॉ विजय कुमार मिश्र ने बताया कि झारखंड में एक ऑप्टोमेट्री कॉलेज की स्थापना की योजना है, जो बीएससी और एमएससी पाठ्यक्रम प्रदान करेगा। उन्होंने कहा ्क हमारा उद्देश्य है कि हम स्थानीय पेशेवरों को उच्चतम स्तर की शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि वे नेत्र देखभाल के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।

## कल तक परीक्षा का टाइम टेबल जारी नहीं हुआ, तो होगा उग्र आंदोलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के डिप्लोमा इन फॉमेर्सी (डी फॉर्मा) के छात्र बीते कई दिनों से परीक्षा नहीं होने के कारण परेशान हैं। परीक्षा में 18 महीने विलंब होने के बाद भी उन्हें परीक्षा के आयोजन को लेकर सिर्फ आश्वासन मिला रहा है। 2020-22 व 2021-23 के छात्र अब भी परीक्षा का इंतजार कर रहे हैं। बीते पांच मई को पूर्व रजिस्ट्रार कौशलेंद्र कुमार के निधन के बाद झारखंड स्टेट फामेर्सी काउंसिल में रजिस्ट्रार का पद खाली है। इसी वजह से छात्र परीक्षा कराने के लिए बीते चार महीनों से दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। छात्रों ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलने के बाद हमें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। वहीं छात्रों द्वारा बताया गया कि अगर मंगलवार तक परीक्षा का टाइम टेबल जारी नहीं किया जाता है, तो राज्य के सभी डी फॉर्मा छात्र उग्र आंदोलन करेंगे।

**11 हजार छात्रों का भविष्य खतरे में :** परीक्षा नहीं होने के कारण लगभग 11 हजार छात्रों का भविष्य खतरे में है। डी फॉर्मा के छात्र वसीम जौहर ने बताया कि 2020-22 बैच में 5000 और 2021-23 बैच में लगभग 6000 छात्र हैं, जो परीक्षा का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि छात्रों को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया है कि रजिस्ट्रार के नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है और जल्द परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा।

**तीन बार छात्रों को आश्वासन दे चुके हैं स्वास्थ्य मंत्री :** भविष्य को लेकर चिंतित छात्रों ने रजिस्ट्रार की नियुक्ति व परीक्षा के आयोजन के लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पास कई बार चक्कर लगा चुके हैं। छात्रों ने बताया कि तीन बार उनकी मुलाकात मंत्री जी से हुई और तीनों बार उन्हें सिर्फ जल्द से जल्द रजिस्ट्रार की नियुक्ति व परीक्षा कराने का आश्वासन ही मिला, पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। बताया गया कि पहली बार 27 जून को मंत्री जी से रजिस्ट्रार की नियुक्ति के लिए गुहार लगायी गई, आश्वासन मिला पर काम नहीं हुआ। इसके बाद जब 11 जुलाई को जब छात्रों ने दोबारा उनसे मिलने की कोशिश की, तो उन्होंने छात्रों से मुलाकात ही नहीं की। 12 जुलाई को छात्रों का प्रयास सफल रहा और बन्ना गुप्ता ने छात्रों से मिलकर उन्हें फिर से आश्वासन दिया। छात्रों ने बताया कि इस दौरान मंत्री जी ने उनसे मिलने से इंकार कर दिया, जिसके बाद भविष्य को लेकर चिंतित छात्र आवास के बाहर जमे रहे। जब मंत्री जी का काफिला निकला और छात्रों ने उन्हें घेरा, तो मंत्री ने फिर से सात दिनों का समय मांगा और सात दिन के अंदर काम कराने का अश्वासन दिया।

## प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है : साहू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ की ओर से रविवार को सिमलिया के एलएमटी कॉन्टिनेंटल में राज्य कार्यकारिणी की बैठक सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने की। बैठक में राज्य कार्यकारिणी एवं जिला कमेटियों के सभी पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में कई प्रस्तावों पर सहमति बनी। इसके तहत सांगठनिक मजबूती के उद्देश्य से राज्य कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों के जिम्मेदारियों में आंशिक परिवर्तन करते हुए सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। जिलों द्वारा प्रस्तावित नई कमेटी गठन और पुरानी कमेटी के पुनर्गठन पर राज्य कार्यकारिणी द्वारा संस्तुति प्रदान की गई। संगठन के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों के लिए एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) जारी करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन जारी किया गया। अंतर जिला स्थानांतरण, विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति, एमएसीपी एवं विभिन्न शिक्षक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए रणनीति तय किया गया और शिक्षकों के सृजनशीलता को मंच देने के उद्देश्य से संघ की ओर से शीघ्र ही वार्षिक पत्रिका प्रकाशित करने पर सहमति बनी। इसके लिए शीघ्र समिति का गठन किया जाएगा। बैठक को संबंधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनि्रित करना हमारी जिम्मेदारी है। परंतु शिक्षकों के समस्याओं का त्वरित समाधान करना विभाग का कार्य है। संगठन शिक्षकों के समस्याओं के समाधान, गरिमा और स्वायत्तता सुनि्रित करने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

## विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें लोजपा के कार्यकर्ता : वीरेंद्र प्रधान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की बैठक प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रधान की अध्यक्षता में रविवार को निवारणपुर स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में रांची महानगर एवं रांची जिला के लगभग 200 युवाओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए रतन पासवान (राजा पासवान) तथा बिप्टू के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करनेवालों में नमन गुप्ता, आयुष चंद्रवंशी, शुभम पासवान, अभिषेक सिंह, प्रिंस मिश्रा, अभिषेक वर्मा, सुमित वर्मा, हर्ष गुप्ता, सूरज मोदी, शुभम गुप्ता, निशांत सोनी, लक्ष्मण सिंह मुण्डा, आकाश गोप, आयुष यादव, अमित वर्मा, आर्यन वर्मा, रंजय वर्मा, अंकुर पन्ना शामिल है। बैठक में झारखंड में अगले कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा तैयार रहने को कहा गया।



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवजी कुमार, आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक राय, लाल बहादुर राम, उत्तम राय (मजदुर प्रकोष्ठ), प्रदेश कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी राजेश रंजन वर्मा तथा सैंकड़ों कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 21 जिलों में आइजी-डीआइजी प्रतिनियुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के आयोजन को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मॉनिटरिंग के लिये आइजी- डीआइजी को प्रतिनियुक्त किया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय 21 जिलों में 21 आईजी और डीआईजी रैंक के अफसरों को रखा गया है।

प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, आम जनता से मिली शिकायत का सही तरीके से निवारण किया जा रहा है या नहीं, पुलिस पदाधिकारी और कर्मी के खिलाफ दुर्व्यवहार से संबंधित प्राप्त शिकायत को लेकर नियमानुसार कार्रवाई हो रही है या नहीं, आम जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार सम्मानजनक है या नहीं और जिले के एसपी द्वारा प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सही ढंग से किया जा रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

### 21 जिलों में प्रतिनियुक्त किये गये आईजी और डीआईजी

| | |
|---|---|
| रांची : आईजी मनोज कौशिक | गिरिडीह : डीआईजी सुनील भास्कर |
| खूंटी : आईजी प्रभात कुमार | धनबाद : डीआईजी सुरेंद्र झा |
| सिमडेगा : आईजी असीम विक्रांत मिंज | कोडरमा : डीआईजी मयूर पटेल |
| गुमला : आईजी अखिलेश झा | लोहरदगा : डीआईजी अनूप बिरथरे |
| हजारीबाग : आईजी पंकज कंबोज | चतरा : डीआईजी कार्तिक एस |
| बोकारो : आईजी माइकल राज एस | गढ़वा : डीआईजी वाई एस रमेश |
| पलामू : आईजी नरेंद्र सिंह | दुमका : डीआईजी इंद्रजीत महथा |
| लातेहार : आईजी राजकुमार लकड़ा | गोड्डा : डीआईजी शैलेंद्र वर्नवाल |
| रामगढ़ : आईजी एवी होमकर | पाकुड : डीआईजी संजीव कुमार |
| देवघर : आईजी ए विजयालक्ष्मी | जामताड़ा : आईजी शैलेंद्र सिन्हा |
| साहिबगंज : आईजी क्रांति गड़देशी | |

# झारखंड को केंद्र से मिले एक लाख से अधिक पीएम आवास

### हरेक लाभुक को मिलेंगे दो-दो लाख रु. रांची को 6410 आवास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्र सरकार ने करीब तीन साल बाद चुनावी वर्ष में झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवासों का आवंटन किया है। केंद्रीय कैबिनेट में हुए फैसले में केंद्र सरकार ने झारखंड को 113195 आवास बनाने का लक्ष्य दिया है। इस संबंध में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने झारखंड को आवंटन आदेश दिया है। सबसे अधिक पलामू, गढ़वा, गिरिडीह और रांची जिले को आवास आवंटित हुए हैं। सबसे कम आवास निर्माण का लक्ष्य कोडरमा व खूंटी जिले को मिला है। लक्ष्य प्राप्त होते ही ग्रामीण विकास विभाग योग्य लाभुक के चयन की प्रक्रिया फिर से प्रारंभ करेगा। प्रत्येक लाभुक को आवास बनाने के लिए दो- दो लाख रुपये की राशि आवंटित की जाएगी।

**झारखंड सरकार भेजी थी 10 लाख लाभुकों की लिस्ट :** बताते चलें कि झारखंड सरकार ने 2020-21 में ही 10 लाख लाभुकों की लिस्ट तैयार करके केंद्र सरकार के पास भेजी थी। केंद्र ने समीक्षा करने के बाद दो लाख अयोग्य लाभुकों के नाम लिस्ट से काट दिए थे। इसके बाद आठ लाख लाभुकों को आवास देने की मांग हुई। केंद्र ने शर्त लगाई कि पहले लंबित आवासों को पूरा करें, इसके बाद ही नए आवास आवंटित होंगे। हालांकि, राज्य सरकार ने दो लाख से अधिक लंबित आवासों को बनाने का काम तेजी से किया, पर अभी 33 हजार आवास पेडिंग हैं।

**झारखंड को बेहद कम आवासों का मिला आवंटन :** इधर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह गरीबों को आवास से वंचित कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना शुरू कर दी। जिसमें तीन कमरों का पक्का मकान बनाने के लिए दो लाख रुपए देने की स्वीकृति दी गयी। पहले चरण में आठ लाख लाभुकों का चयन हुआ, जिसके विरुद्ध दो लाख आवासों का आवंटन हुआ है। हालांकि, बाद में आवास देने का लक्ष्य 20 लाख तक पहुंच गया है। अब केंद्र सरकार ने भी पीएम आवास स्वीकृत कर दिया है। इधर सूत्रों ने कहा कि जरुरत के हिसाब से झारखंड राज्य को बेहद कम आवासों का आवंटन मिला है। राज्य सरकार पहले ही अबुआ आवास योजना के जरिये गरीबों को पक्का घर उपलब्ध करवा रही है।

### किस जिले में कितने आवास

| जिला | लक्ष्य | जिला | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| पलामू | 12916 | गोड्डा | 1575 |
| सरायकेला | 6195 | गुमला | 3177 |
| गढ़वा | 9097 | हजारीबाग | 5614 |
| लातेहार | 4232 | जामताड़ा | 4907 |
| पाकुड़ | 2786 | खूंटी | 1603 |
| बोकारो | 4431 | कोडरमा | 1143 |
| देवघर | 3720 | लोहरदगा | 4023 |
| चतरा | 5704 | रामगढ़ | 2309 |
| धनबाद | 5295 | रांची | 6410 |
| दुमका | 3977 | साहिबगंज | 154 |
| पूर्वी सिंहभूम | 1965 | सिमडेगा | 158 |
| गिरिडीह | 8599 | प. सिंहभूम | 5205 |
| | | कुल | 113195 |

## खबर एक नजर में

### सिमडेगा के कुलुकेरा में मूलवासी सदान मोर्चा का वन भोज आयोजित

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा सिमडेगा जिला की ओर से आज कुलुकेरा में वन भोज आयोजित किया गया। वन भोज में आने वाले विधानसभा चुनाव में मूलवासी सदानों की भूमिका को लेकर विचार-विमर्श किया गया। रवि प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद का आदेश का हम लोग इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रांची में मूलवासी सदानों की एक बहुत बड़ी रैली हो विधानसभा चुनाव से पहले ऐसी हम लोग की सिमडेगा जिला की मूलवासी सदानों की इच्छा है। वन भोज में जय मंगल यादव, रंजीत यादव, नापेश्वर ,नंदकिशोर कश्यप, सोनू यादव, मनोज कुमार ,घनश्याम पांइख, संदीप नायक ,रविंद्र महतो ,सोनू महतो ,विकास कुमार, रंजू कुमार, सुरेश कुमार, ठनकु, दीपक यादव ,गुड्डू प्रसाद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे इनके अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### जमीन की समस्याओं का जल्द समाधान करेगा भूमि राशि 2.0 पोर्टल

**रांची।** हाइवे परियोजनाओं को गति देने के लिए सड़क, परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार ने भूमि राशि 2.0 लांच किया है। इस पोर्टल के जरिये जमीन अधिग्रहण से जुड़े मामले व क्लीयरेंस इत्यादि मिलने में आसानी होगी। मंत्रालय इस पोर्टल के खासियत के बारे में अधिकारियों को वर्कशॉप कराके अवगत कराने की योजना बनायी है। भूमि राशि 2.0 पोर्टल की जानकारी देने के लिए झारखंड में भी जल्द ही इस तरह की कार्यशाला आयोजित की जायेगी। इसमें राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, एनएचएआई व सभी जिलों के डीसी, डीएलओ, अंचल अधिकारियों इत्यादि को बुलाया जायेगा। इस काम में लगे कंप्यूटर ऑपरेटरों को भी प्रशिक्षित किया जायेगा।

### अधिवक्ता हित में सरकार का लिया गया निर्णय स्वागत योग्य : विश्वकर्मा

**रांची।** सिविल कोर्ट के सरकारी वकील (जी पी) हृदय नाथ विश्वकर्मा ने झारखंड सरकार द्वारा राज्य के अधिवक्ताओं के हित में लिए गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख रुपए तक का स्वस्थ्य एवं दुर्घटना बीमा, 65 वर्ष से अधिक उम्र के अधिवक्ताओं को पेंशन की राशि सात हजार से बढ़ाकर 14 हजार करने एवं अधिवक्ताओं को स्टाइपेंड एक हजार से बढ़ाकर पांच हजार रुपए प्रति माह कर अधिवक्ताओं के हित में बड़ा काम किया है। उन्होंने कहा है कि सरकार के इस निर्णय का सभी अधिवक्ताओं को स्वागत करना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि सरकार आगे भी अधिवक्ताओं के हित में ऐसे ही कल्याणकारी योजनाओं की सौगात देकर अधिवक्ताओं के हित में काम करते रहेगी।

### बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू प्रभारी अशोक चौधरी ने की दरगाह में चादरपोशी



**रांची।** रविवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह झारखंड प्रभारी डॉ अशोक चौधरी डोरंडा स्तिथ हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा की दरगाह मे चादरपोशी करने पहुंचे। मौके पर दरगाह कमिटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद,उपसचिव जुल्फेकार अली भुप्तो, मो सादिक, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन समेत कमिटी के सदस्यों ने अशोक चौधरी को पगड़ी पहना कर स्वागत किया।उसके बाद उन्होंने बाबा के मजार पर चादरपोशी कर झारखंड,बिहार सहित पूरे देश की सुख शांति एवम प्रगति के लिए दुवा मांगी। मौके पर डॉ अशोक चौधरी ने कहा की बाबा के दरबार मे मैने अपनी बेटी सांभवी चौधरी के लिए मन्नत मांगा था,जो बाबा की दुवा से पूरा हो गया,आज मेरी बेटी बिहार के समस्तीपुर से संसद बन गई है। जिसको लेकर आज मै बाबा के दरबार मे अपनी मन्नत पूरी होने की खुशी में हाजरी देने पहुंचा हूं। मौके पर उन्होंने कमिटी के द्वारा किए जा रहे बाबा के दरबार के लिए विकास कार्यों की खूब सराहना की। कमिटी को मुबारकबाद दिया। साथ ही आगामी 19 सितंबर से 23 सितंबर तक होने वाले बाबा का 217 वा सालाना उर्स को लेकर भी शुभकामना देते हुए कहा कि अगर मै उर्स के मौके पर रांची मे रहा तो मै बाबा के उर्स मे जरूर शामिल रहूंगा। मौके पर उनके साथ बिहार के विधायक मनोज यादव, जेडीयू के वरिष्ठ नेता मधुकर सिंह, सागर कुमार, अखिलेश राय सहित दरगाह कमिटी के कई सदस्य मौजूद रहे।

### युवाओं के जुड़ने से भाजपा का परिवार और मजबूत होगा : सीपी सिंह



**रांची।** भाजपा रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षा में भाजपा रांची महानगर जिला कार्यालय में मिलन समारोह के दौरान पिस्का मोड़ निवासी, सामाजिक कार्यकर्ता रोशन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में कार्यकताओं तथा समाजसेवियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उपस्थित स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने रोशन मिश्रा तथा उनके नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण कर रहे सभी कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं के जुड़ने से भाजपा परिवार और मजबूत होगी।

**युवाओं की लाश पर पत्नी संग नाच रही सरकार का हिसाब करेगी झारखंड की जनता :** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने सभी कार्यकताओं का स्वागत भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर किया। महानगर अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि आज झारखंड की जनता त्राहि त्राहि कर रही है और झारखंड सरकार के मुखिया मानवता और कर्तव्य को ताखे पर रख कर युवाओं की लाश पर पत्नी के साथ नाच रहे हैं। झारखंड की जनता सब देख रही है। उन्हें सबक सिखाने और सड़ चुकी सरकार को शासन से बेदखल करने के लिए हजारों की संख्या में भाजपा से जुड़ रहे हैं। आने वाले चुनाव में राज्य की भ्रस्ट सरकार बुरी तरह सत्ता से बाहर होगी तथा भाजपा के नेतृत्व में झारखंड विकास की एक नई बयार देखेगा। मिलन समारोह का संचालन बलराम सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र वर्मा ने किया। मौके पर संजय जसवाल, ललित ओझा, विनय कुमार सिंह, पायल सोनी, ओम प्रकाश पाण्डे सहित भाजपा के सेकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**इन्होंने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता :** वहीं, शालिग्राम ओझा, संतोष कुमार,रविशंकर सिंह, ओम निवास तिवारी, प्रवीण गुप्ता, जितेंद्र कुमार, नामित लाल, रोशन झा, पवन सिन्हा, विक्रांत सिंह, शुभम कुमार, सरोज कुमार, विशाल कुमार, अर्पण गुप्ता, सचिन यादव, श्याम गुप्ता, नंदकिशोर सिंह, अभय संकर, विश्वनाथ घोष, पंकज गुप्ता, चंदन झा सहित विभिन्न क्षेत्रों के सैंकड़ों समाजसेवियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सुप्रभात

सोमवार 09.09.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 142

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## न्यू आकाशकिनारी कोलियरी में लगी नई शॉवेल मशीन



■ उत्पादन लक्ष्य पूरा करने में होगी सहुलियत : महाप्रबंधक

**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 की न्यू आकाशकिनारी कोलियरी में रविवार को आयातित नई शॉवेल मशीन का उद्घाटन महाप्रबंधक जीसी साहा ने किया। क्षेत्र के विद्वान पंडित मनबोध पांडेय ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई। महाप्रबंधक जीसी साहा ने बताया कि इस शॉवेल मशीन से न्यू आकाश किनारी कोलियरी में उत्पादन लक्ष्य पूरा करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि बहुत पहले से इस मशीन की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हुई है। उत्पादन के क्षेत्र में यह मशीन मील का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर मैनेजर अमित कुमार, उत्खनन अभियंता विधान चंद्रा, सहायक खान प्रबंधक उमेश कुमार, यूनियन प्रतिनिधि मंतोष तिवारी, शमशाद मिर्जा आदि मौजूद थे।

## कालूबथान दुर्गा मंदिर में 9 दिवसीय गणेश पूजा व मेला शुरू



**मैथन।** कालूबाथान सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में शनिवार देर रात 9 दिवसीय गणेश मेला तथा पूजा पंडाल का उद्घाटन पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने किया। उन्होंने भगवान गणेश के मन्दिर में माथा टेका और देश में सुख-शांति की कामना की। गणेश पूजा कमिटी के सदस्यों ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने पूजा कमिटी के सदस्यों को तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि निरसा दक्षिण क्षेत्र में इस तरह गणेश पूजा व मेला का आयोजन सौभाग्य की बात है। मेले में धार्मिक कार्यक्रम ी होंगे। मौके पर पुजारी मुकुल रंजन मुखर्जी, गणेश पूजा कमिटी के सदस्यों के साथ मासस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एससी-एसटी ओबीसी को ऑर्डिनेशन काउंसिल 19 को देगा धरना



**कुमारधुबी।** ऑल इंडिया एससी-एसटी ओबीसी को-ऑर्डिनेशन काउंसिल की ओर से निरसा प्रखंड अंतर्गत बेलकुपा पंचायत में रविवार को आपात बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी जुगल भूईया ने की। बैठक में आगामो 19 सितंबर को निरसा में धरना देने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रभु नाथ पासवान, चंद्रशेखर आर्य, एसपी चौहा,न काजल बाउरी, अश्विनी क्षेत्रपाल, बुलन बाउरी, प्रेम दास, डबलू दास, गोपाल चन्द गोराई, साधन बाउरी,पूर्ण चन्द गोराई, मुरली मोदी, श्रीकान्त सिंह (घटवार) आदि मौजूद थे।

# बांसजोड़ा के अग्नि प्रभावित लोगों का शीघ्र होगा पुनर्वास: कोयला राज्य मंत्री

**बीसीसीएल अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से की समस्याओं पर चर्चा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश दुबे ने रविवार को कहा कि कोलियरी क्षेत्र मेंआग और भू धंसान का मुद्दा गंभीर है। केन्द्र सरकार की इस गंभीर मामले पर पैनी नजर है। बांसजोड़ा अग्नि प्रभावित क्षेत्र के लोगों का सुरक्षित पुनर्वास अगले छह माह में कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में यह मामला पेश कर दिया गया है। आगे का काम चल रहा है। प्रधानमंत्री सिर्फ शिलान्यास काम नहीं करते, उसे अंजाम तक पहुंचाने का भी काम करते हैं। वह एक मिशन लेकर चल रहे हैं कि जब देश आजादी का सौवां वर्ष मनाए तो पूर्ण विकास हो। रविवार को धनबाद दौरे पर आये कोयला व खान राज्य मंत्री जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। जिला प्रशासन, बीसीसीएल के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उन्होंने खनन क्षेत्रों का मुआयना भी किया। राजगंज में बीसीसीएल के सीएसआर योजना से स्थापित मिनी साइंस लैब का उद्घाटन भी किया।



### हेमंत सरकार पर साधा निशाना

राज्य में व्याप्त बिजली संकट पर कोयला व खान राज्य मंत्री ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कोल इंडिया पूरे देश में बिजली आपूर्ति करती है। देश के जीडीपी में कोल इंडिया की 10 प्रतिशत सहभागिता है। लेकिन बड़े दु:ख की बात है कि चिराग तले अंधेरा है। इस राज्य में बिजली की कोई कमी नहीं है। परंतु राज्य सरकार पावर प्लांट से बिजली खरीद नहीं पा रही है। बकाया राशि का भुगतान करने में भी आनाकानी करती है, इसलिए उन्हें बिजली नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि धनबाद सहित राज्य के अन्य हिस्सों में बिजली संकट कायम है।

### शहीदों को किया नमन

कोयला मंत्री सबसे पहले बीसीसीएल मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्हें सीआईएसएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद कोयला भवन स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया और शहीदों को नमन किया। इको पार्क में पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कोल इंडिया लागातार आगे बढ़ रहा है और भविष्य में भी आगे बढ़ेगा। जहां तक स्थानीय समस्याओं की बात है तो इसके लिए कोल इंडिया में अलग से फंड की व्यवस्था है। राज्य के लिए भी फंडिंग करने का काम करता है। अब राज्य सरकार पर निर्भर है कि वह उस फंड से होने वाले कार्य का कैसे मॉनिटरिंग करती है। मौके पर कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, विधायक राज सिन्हा, उपायुक्त माधवी मिश्रा सहित जिले के सभी वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# धनबाद को सीएम आज देंगे 201.63 करोड़ की सौगात

**गिरिडीह के तारतांड में 100 योजनाओं का करेंगे उद्घाटन, 60 का शिलान्यास लाभुकों को प्रदान करेंगे स्वीकृति पत्र**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल 9 आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में गिरिडीह के गाण्डेय प्रखंड के ताराटांड मैदान में आयोजित कार्यक्रम में धनबाद जिले को 201 करोड़ 63 लाख 69 हजार रुपए की योजनाओं की सौगात देंगे। जिसमें 101 करोड़ 26 लाख 89 हजार की 100 योजनाओं का उद्घाटन एवं 100 करोड़ 36 लाख 80 हजार की 60 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास की 40, भवन निर्माण की 25, लघु सिंचाई की 22, नगर निगम की 4, चिरकुंडा नगर परिषद की 3 तथा पथ निर्माण, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल (यांत्रिक) एवं जिला परिषद की 2-2 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण कार्य विभाग की 27, जिला परिषद की 19, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल (यांत्रिक) की 8, ग्रामीण विकास विभाग की 3, पथ निर्माण विभाग की 2 एवं पीएचईडी 2 की 1 योजना का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री सोरेन झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, हरा राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं के लिए धनबाद जिले के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे।

# बैग से बरामद पिस्तौल को चिड़िया मारनेवाला कहने से रोष

**डीएवी स्कूल के बच्चे के बैग से मिला था पिस्तौल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** महुदा के डीएवी स्कूल में स्कूली बच्चे के बैग से पिस्तौल समेत कुछ आपत्तिजनक सामग्री बरामद किये जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। स्कूल प्रबंधन ने जब्ती के बाद पिस्तौल को चिड़िया मारने बाला बताया तो कई छात्रों के अभिभावकों को स्कुल में बुलाकर फटकार भी लगाई, ऐसी खबर है। दूसरी अभिवावकों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ भारी नाराजगी जताई हैं। अभिवावक संजय यादव ने कहा कि भानु जी से पूछना चाहिए कि गन कहां है, तभी तो मालूम होगा कि वह चिड़िया मारने वाला है या आदमी मारने वाला। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को कोसते हुए कहा कि पहले भी इस तरह के बच्चों को माफ किया गया था। बाद में उसी बच्चे ने विंध्याचल के पुत्र की हत्या को अंजाम दिया था। आज वह लड़का उम्र कैद की सजा भुगत रहा है। उन्होंने प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सिर्फ चुनिंदा लोगों को स्कूल में बुला कर चाय पानी पिलाकर एवं मामले को रफा-दफा कर फिर वही गलती की जा रही है। उन्होंने कहा उस वक्त अगर प्रबंधन कोई ठोस कदम उठाता तो विंध्याचल यादव का पुत्र आज जिंदा होता।

### हाई-प्रोफाइल घराने के बच्चे को बचा रहा है प्रबंधन : विंध्याचल

### प्रबंधन मामले को रफा-दफा करने में लगा है

विंध्याचल यादव ने स्कूल बैग से पिस्तौल बरामद होने की खबर पर भारी नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रबंधन मामले को रफा-दफा करने में लगा है। स्कूल में शिक्षक बच्चों को पढ़ाने आते हैं। वे इतना एक्सपर्ट नहीं हैं जो सफाई दे कि चिड़िया मारने वाला गन है। इस मामले में जरूर हाई-प्रोफाइल घराने के बच्चे शामिल होंगे तभी प्रबंधन इसे चिड़िया मारने वाला गन बताते हुए सफाई दे रहा है। पूर्व में भी महुदा डी.ए.वी का एक छात्र कमर में पिस्तौल खोंस कर स्कूल आया था। उस वक्त भी प्रबंधन ने उस छात्र को निलंबित किया। किन्तु पुलिस प्रशासन से उसे बचाया गया। उसीका खामियाजा मैंने भोगा। उसी बच्चे ने बाद में मेरे पुत्र की हत्या की। इस मामले में वरीय पुलिस अधिकारी से जांच कराई जानी चाहिए।

## धनबाद फर्स्ट के तहत लगा जांच शिविर

**धनबाद।** हरेन्द्र सिंह ने धनबाद फर्स्ट के तहत भूली मंडल एवं केंदुआ मंडल में स्वास्थ्य जांच अभियान चलाया। धनबाद फर्स्ट अभियान का मुख्य उद्देश्य 2029 के लिए धनबाद का एक ड्राफ्ट विजन तैयार करना है, जिसके तहत स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर उनके मुद्दों, जरूरतों और चिंताओं को समझना था। सभा में जनहित के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई,जिनमें स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, स्वच्छता, शिक्षा और रोजगार के अवसरों की वृद्धि शामिल है। उन्होंने असर्फी हॉस्पिटल द्वारा स्थानीय लोगों के लिए किए जा रहे स्वास्थ्य सेवा से संबंधित कार्यों की जानकारी दी।

एक नजर में

## डीसी ने किया कोयला राज्य मंत्री का स्वगत



**धनबाद।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के बीती रात धनबाद पहुंचने पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। तदुपरांत श्री दूबे ने मौजूद विधायक, कोल इंडिया लिमिटेड तथा भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के पदाधिकारियों के साथ खनन को लेकर चर्चा की। इस मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो, राज सिन्हा, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सीएमडी समिरन दत्ता, डायरेक्ट (पर्सनल) एमके रमैया, डायरेक्टर (टेक्निकल) संजय सिंह, सिटी एसपी अजीत कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## झांकी में शामिल महिलाओं को सम्मानित किया



**कतरास।** रामनवमी व भादो अमावश्या की झांकी में करतब दिखाने वाली महिलाओं व युवतियों को जनशक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो ने कांको स्थित कार्यालय में आयोजित समारोह में सम्मानित किया।

# चिकित्सा पुनर्वास में वरदान साबित हो रहा फिजियोथेरेपी

**सुविधा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है लक्ष्य**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर रविवार को इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट के तत्वावधान में झरिया के बनियाहीर कुष्ठ कॉलोनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। कैंप में लेप्रोसी ठीक होने के बाद की दिव्यांगता, जोड़ों के दर्द, सेरेब्रल पाल्सी, कमर दर्द, घुटने का दर्द, फ्रोजन शोल्डर, एवं लकवा से ग्रसित मरीजों की जांच कर फिजियोथेरेपी चिकित्सा प्रदान की गई। लोगों को फिजियोथेरेपी के टिप्स बताए गए। कुष्ठ पीड़ितों को गौज, बैंडेज एवं दवाएं दी गई। आम लोगों को भी रक्तचाप की जांच कर उचित सलाह दी गई। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह ने कहा कि फिजियोथेरेपी एक चिकित्सीय पद्धति है, जिसमें भौतिक साधनों, विभिन्न व्यायाम व थेरेपी का उपयोग कर असाध्य बीमारियों का निदान किया जाता है। यह एक प्रमाणित विज्ञान है, जो लोगों की शारीरिक शक्ति, कार्य गति व समग्र स्वास्थ्य को बहाल करने में मदद करती है । आज चिकित्सा जगत में दवाईयों के साइड इफेक्ट से बचने के लिए फिजियोथेरेपी का सहारा ले रहे हैं। हड्डी एवं नस से संबंधित सभी तरह के सर्जरी के बाद फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मौके पर उपस्थित स्पेशल एजुकेटर अखलाक अहमद ने कहा कि फिजियोथेरेपी के महत्त्व को लोगों ने जाना है। झरिया रिसोर्स सेंटर के जो बच्चे खाट पर पड़े थे वो फिजियोथेरेपी से ठीक हो कर आज अपने पैरों पर चल कर विद्यालय जा रहे हैं । दिव्यांग बच्चे भी बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हो रहे हैं।





### कैंप में हुए शामिल

फिजियोथेरेपी कैंप में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, स्पेशल एजुकेटर अखलाक अहमद, दिवेश कुमार सिंह, श्रावण तांती, महेंद्र कुमार, गणेश मोदक, संध्या देवी, छवि देवी, पतिया देवी, खांधी सिंह, गौरव मंडल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## युवा अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष को भाजपा नेता ने किया सम्मानित



**सिंदरी।** युवा अंबेडकर विचार मंच के नये अध्यक्ष बुधन राम को सिंदरी में कई जगहों पर रविवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिनेश सिंह ने कार्यालय में बुधन राम को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दलितों के नेता के रूप में बुधन राम ने अपनी पहचान बनाई है। उसने दलितों के संघर्ष में योगदान देने का संकल्प लिया है।

## भाड़ा वृद्धि की शिकायत लेकर सांसद से मिले कतरास के दुकानदार



**कतरास।** कतरास की हृदयस्थली प्रसिद्ध हनुमान मेंशन के दुकानों में भाड़ा वृद्धि के खिलाफ दुकानदारों ने धनबाद सांसद ढुल्लु महतो से भेंट कर उचित कार्रवाई की मांग की। सांसद ने दुकानदारों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। बताते चलें कि हनुमान मेंशन कतरास का सबसे पुराना मार्केट प्लेस है। वर्षो से यहां दर्जनों दुकानदार दुकान चलाकर गुजारा कर रहे हैं। भाड़ा वृद्धि से उन दुकानदारों के समक्ष परेशानी खड़ी हो गई है।

### कोयला राज्य मंत्री से मिला कोलफील्ड बचाओ समिति का शिष्टमंडल, दस लाख आबादी है प्रभावित

# प्रभावितों के लिए मार्डन टाउन बनाने की मांग

**चार विस क्षेत्र की दस लाख आबादी है प्रभावित**

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति ने धनबाद कोयलांचल के अग्निप्रभावित क्षेत्रों में रह रही आबादी को अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए मॉडर्न टाउन बनाने की मांग की है। जिले के चार विधान सभा क्षेत्र की कोई दस लाख की आबादी इससे प्रभावित और जिंदगी-मौत की लड़ाई लड़ रही है। समिति के एक शिष्टमंडल ने आज यहां कोयला राज्य मंत्री सतीशचंद्र दूबे से मुलाकात की और उन्हें छह सूत्री ज्ञापन दिया। समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में मिले शिष्टमंडल में विधायक राज सिन्हा, शिवबालक पासवान, आर के सिन्हा, उपेंद्र गुप्ता, शंभू वरणबाल,शिवचर्ण शर्मा, राकेश वर्मा, श्रीकांत अम्बष्ठ, गोविंद सांवरिया, दीपक पासवान, रितेश गुप्ता, अजीत श्रीवास्तव आदि शामिल थे। ज्ञापन में कहा गया कि धनबाद कोयलांचल के झरिया, धनबाद, टुंडी और बाघमारा की कोई दस लाख की आबादी और दो लाख परिवार अग्निप्रभावित क्षेत्रों में निवास करते हैं। इन क्षेत्रों में 595 अग्निप्रभावित क्षेत्र हैं जिनमे 81 अति खतरनाक क्षेत्र हैं जहां यह आबादी रहने को मजबूर है। झरिया पुनर्वास विकास अथारिटी ने 1.04 लाख परिवार का ही सर्वेक्षण किया है।



### अथारिटी ने ठोस काम नहीं किया

अथारिटी ने अपने पिछले कार्यकाल में कोई ठोस काम भीं नहीं किया है। जरेड़ा द्वारा बनाए गए बेलगडिया टाउनशिप की स्थिति किसी टापू से कम नहीं है। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रभावित बड़ी आबादी को बसाने के लिए सभी सुविधायुक्त शहर बसाया जाए या तीनचार छोटा उप नगर बनाया जाए । शिष्टमंडल की बात सुनने के बाद कोयला राज्य मंत्री श्री दुबे ने यथोचित कारवाई का आश्वासन दिया।

## ऋषिकेश प्यारेलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 15 सितम्बर से



**कतरास।** ऋषिकेश प्यारेलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट टाटा सिजुआ रुसी विहार मैदान में 15 सितंबर से शुरू होगा। टूर्नामेंट का समापन 18 सितंबर को होगा। इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लें रही हैं। टूर्नामेंट को चार ग्रुप में बांटा गया है। कमेटी के पदाधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट में विजेता-उपविजेता को पुरस्कार के रूप में ट्राफी के अतिरिक्त नगद, ट्रैक सूट एवं जर्सी दिया जाएगा। इस मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बसंत महतो, मनोज महतो, आनंद महतो, शंभू राय, बुबला सरकार, सुमित कुमार महतो, राजेश महतो, वीरू सिंह, दीपक महतो, बंटी सिंह, इरशाद अली, हलीम अंसारी, अमरीश श्रेष्ठा,राजीव कुमार, विशाल चौहान, भूषण पासवान आदि मौजूद थे।

# शिक्षा नारी सशक्तीकरण का अमोघ अस्त्र : सुधांशु शेखर

## निरसा के सालुकचपड़ा में शिक्षित महिला विकसित भारत सम्मान समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** उन्नयन समिति ने निरसा के सालुकचपड़ा गांव के दुगार्मंदिर परिसर में रविवार को शिक्षित महिला विकसित भारत सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधांशु शेखर झा मौजूद थे। समारोह में 60 स्नातकोत्तर, स्नातक शिक्षित महिलाओं को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सालुकचपड़ा गांव का ऐतिहासिक एवं गौरवशाली अतीत है। गांव में अस्पताल की स्थापना आजादी से बहुत पहले सन 1924 में हुई थी और ग्रामीणों ने अपनी जमीन व श्रम दान कर यहां उच्च विद्यालय की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि सशक्त नारी सशक्त समाज की रीढ़ है और शिक्षा नारी सशक्तीकरण का अमोघ अस्त्र है। आज इस मंच पर उपस्थित होकर वह हर्षित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। श्री झा ने कहा कि पूज्यन्ते यत्र नारी रमन्ते तत्र देवता भारतीय संस्कृति सभ्यता का मूल मंत्र रहा है, परंतु आज समाज की विकृत मानसिकता जिस तरह से नारी अस्मिता का चीर-हरण कर रही है, यह चिंतनीय है। श्री झा ने कहा कि नारी शक्ति उत्थान हेतु झारखंड सरकार ने मंईयां योजना सहित कई विकास योजनाएं को जमीन पर उतारा है। समारोह में बेनीमाधव मुखर्जी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष मुखर्जी ने किया। समारोह मे पोषण सखी, सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं ने भी भाग लिया। श्री झा ने पोषण सखियों की नौकरी बहाल करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा उनकी आवाज बनने के लिए कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का विशेष आभार व्यक्त किया।

### समारोह को किया संबोधित

समारोह को सर्वश्री बेनीमाधव मुखर्जी, प्रदीप चटर्जी, प्रवीर .कुमार दे, बापी बनर्जी, आशुतोष आचार्य, पंचानंद बैद्यकर, नेपाल मुखर्जी, नीलेश मुखर्जी, क्षमा मंडल, पार्वती सोरेन, अंजनी कुमारी, प्रियंका दत्ता, झुमा मुखर्जी, रत्ना मंडल, पारुल गोराईं, निशा आचार्य आदि ने संबोधित किया।

## स्पीड न्यूज

### बरोरा में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**कतरास।** बरोरा दुर्गा मंदिर मैदान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मनाने की व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। यहां दुर्गा पूजा मनाने के लिए रविवार को शिबू सिंह की अध्यक्षता में नागरिकों की बैठक हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपसी सहयोग व समन्वय से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। मालूम हो कि बरोरा दुर्गा मंदिर मैदान में दुर्गा पूजा अपनी भव्यता, सजावट तथा भव्य पंडाल की क्षेत्र में चर्चा होती रहती है।

### भाजपा ने सभी 46 बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख एवं व्हाट्सएप ग्रुप बनाया



**पूर्वी टुंडी।** भाजपा ने रविवार को सभी 46 बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख एवं व्हाट्सएप ग्रुप बनाया। फतेहपुर,लटानी,बामनबाद, सुंदर पहाड़ी, रामपुर आदि गांवों में विभिन्न बूथ अध्यक्ष द्वारा कार्यकर्ता वह ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। भाजपा अध्यक्ष वासुदेव कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी बूथ स्तर पर यह कार्यक्रम किया गया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में भाजपा की सरकार बन सके। कार्यक्रम में समीर साव, विजय दास, शंकर चंद्र दा,रोहित गोराई, भीमलाल भंडारी,अजीत कुमार, राजेंद्र सिंन्हा, सिद्धार्थ मिश्रा, जगदीश रजक आदि उपस्थित थे।

### सरायढेला क्षेत्र के राम मंदिर में ताला तोड़कर इनवर्टर बैटरी की चोरी

**धनबाद।** शहर के सराय ढेला थाना क्षेत्र में चोरों व अपराधियों का आतंक काफी बढ़ गया है। ये चोर इंसान तो छोड़ दे भगवान को भी नहीं छोड़ रहे हैं। स्थिति यह है कि गत अगस्त माह में 27 तारीख को मा जन्माष्टमी त्योहार की रात मंदिर बंद हो जाने पर चोरों ने इनवर्टर और बैटरी यहां के दुर्गा मंदिर से चोरी कर ली। इसके बाद शहर के एक श्रद्धालु ने अपनी तरफ से दान में इनवर्टर मशीन व बैटरी दी, लेकिन 7 सितंबर की रात फिर चोरों ने यहां धावा बोलकर एक बार फिर से इनवर्टर मशीन बैटरी तथा पीतल की दो बड़े घंटे की भी चोरी कर ली। इससे पहले इसी थाना क्षेत्र में एक महिला से सोने की चेन छिनतई तथा हाल में कोला कुसमा क्षेत्र के फेज वन वास्तु विहार कॉलोनी से एक वृद्ध दंपति के घर में रहते ताला तोड़कर सारा सामान की चोरी कर ली गई थी। चोरों का आतंक कुछ इस प्रकार है कि सप्ताह भर भी बंद कर कहीं बाहर जाना खतरे को दावत देना है। इसके अलावा डकैती और रंगदारी की घटनाएं दूसरी तस्वीर बता रही हैं। क्षेत्र में मंत्री के रहने के चलते इस मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई जा सकी है। इस संबंध में मंदिर के व्यवस्थापक तथा कमेटी के लोगों ने एक लिखित शिकायत तैयार कर स्थानीय थाने को देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### भाजपा नेता ने की सीओ के खिलाफ नारेबाजी

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखंड के गोपीनाथपुर पंचायत में रविवार को आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रधान सोरेन के नेतृत्व में एग्यारकुंड-शिवलीबाड़ी मुंडाधौड़ा के ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। सीओ के खिलाफ नारेबाजी की। सभी हाथों में नारा लिखा तख्ती लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इधर गोपीनाथपुर पंचायत के जन प्रतिनिधियों ने इसका विरोध किया। कहा कि दूसरे पंचायत में आकर प्रदर्शन करना गलत है। विरोध के बाद प्रदर्शन कर रहे लोग वापस लौट गये। भाजपा नेता सोरेन ने आरोप लगाया कि एग्यारकुण्ड दक्षिण पंचायत के मुण्डापाड़ा प्राथमिक विद्यालय के पिछे गैराबाद खाते की जमीन है।

## मिथिला विधि से महारुद्राभिषेक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी ।** विद्यापति परिषद सिंदरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मिथिला परंपरा के अनुसार महारुद्राभिषेक का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महारुद्राभिषेक में पंडित डॉ भास्कर झा, विभास ठाकुर, धीरज ठाकुर और पंडित अमर झा द्वारा विधिवत रुद्र मंत्रोच्चार और हवन किया गया। महारुद्राभिषेक के साक्षी 9 यजमान सहित पूरा मिथिला समाज रहा। 5 घंटे के महारुद्राभिषेक पूजन से परिसर का माहौल भक्तिमय हो उठा। इसके बाद सभी सदस्यों ने महाभोग ग्रहण किया। पूजन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश आईटी सेल संयोजक अमरनाथ झा, भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री मनोज मिश्रा, विद्यापति परिषद चासनाला अध्यक्ष नीरज मिश्र मौजूद थे। पूरे पूजन में मिथिला महिलाओं के समूह द्वारा माता गौरी और भगवान भोलेनाथ का मंगल भजन भी चलता रहा। रुद्राभिषेक कोा सफल बनाने में अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्र, महासचिव चंद्रशेखर झा, कोषाध्यक्ष संतोष झा, दिलीप कुमार झा, रूपक ठाकुर, संगीत ठाकुर, चंद्र भूषण झा, मदन मोहन झा, तेज नारायण झा, राज गोविंद झा आदि शामिल थे।

## ट्रांसफॉर्मर को चोरों ने किया क्षतिग्रस्त

**मैथन।** ईसीएल बैजना कोलियरी के 25 नम्बर पावर स्टेशन में शनिवार की देर रात चोरों के दल ने धावा बोला। चोरों ने तांबे का क्वायल निकालने के चक्कर में ट्रांसफॉर्मर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरों ने पहले पावर कट किया, ढक्कन खोला, उसमें लगे पार्टस पुर्जे को अलग कर ट्रांसफॉर्मर के तेल को बर्बाद कर दिया। छोटे छोटे टुकड़ों में केबल को काटा, मगर ट्रांसफॉर्मर में लगे क्वायल को नहीं निकाल सका। चोर क्वायल को निकालने के लिए बांस, बल्ला व रस्सी ले कर लाये थे। क्वायल इसलिए बच गया कि उसी समय ईसीएल का पेट्रोलिंग दल पहुंच गया। जानकार बताते हैं कि ट्रांसफॉर्मर के निकट ईसीएल कर्मी रहते हैं और शिकारी कुत्ता भी पाले हुए हैं। ईसीएल कर्मी के अनुसार एक से डेढ़ लाख की क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि 250 केवी का ट्रांसफॉर्मर है, जिसमें 250 सौ लीटर तेल लगता है। ट्रांसफॉर्मर के क्षतिग्रस्त होने से दिवाटरिंग और पावर सप्लाई बाधित हो गयी।

## कांड्रा में कुशवाहा समाज ने मनाया जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस



### शहादत सह शिक्षक दिवस मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** कांड्रा स्थित शैक्षणिक संस्था सफल इंडिया में कुशवाहा समाज सिंदरी द्वारा लेनिनवादी जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस सह शिक्षक दिवस रविवार को मनाया गया। इसमें बुद्धिजीवी जन कल्याण मंच के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। कुशवाहा समाज के कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि बिहार लेनिनवादी अमर जगदेव प्रसाद शोषित समाज के मसीहा थे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर समाज के पिछड़े शोषित वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य किया। अन्य वक्ताओं ने महिलाओं की शिक्षा के लिए लड़ाई लड़नेवाली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के योगदान को बताया। सावित्रीबाई फुले पहली महिला शिक्षिका थीं। उस समय के समाज में फैली कुरीतियों के कारण महिला को घर से बाहर जाने और शिक्षा लेने पर पाबंद लगी हुई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमराज महतो ने कीऔर मंच संचालन राम प्रसाद ने किया।कार्यक्रम में बुद्धिजीवी जन कल्याण मंच महासचिव सुरेश प्रसाद, मदन प्रसाद, वीरेंद्र राम, सूर्यदेव सिंह, वीरंची महतो, शंकर दयाल महतो, सुधीर कुमार मंडल, लालमोहन राय, रविंद्र कुमार शर्मा, सहदेव सिंह, अमर सिंह, विश्वनाथ महतो, भगत महतो, दुखहरण सिंह, दशरथ ठाकुर उपस्थित थे।

## कोयला राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बीसीसीएल एवं श्रमिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर रविवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (बीएमएस) के प्रतिनिधियों ने कोयला व खनन राज्य मंत्री संतिशचंद्र दुबे को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा, जिसमें खनन क्षेत्र में कोयला चोरी एवं अवैध उत्खनन पर अविलम्ब रोक लगाने, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को एचपीसी के तहत वेतन भुगतान करने, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा संवेदक को बदलने, विस्थापन सह नियोजन संबंधित मुआवजा के प्रक्रिया को सरल बनाने, जमशेदपुर की तर्ज पर धनबाद जोन में प्रदूषण नियंत्रण, विभागीय परियोजना का विस्तारीकरण हेतु वन पर्यावरण अनापत्ति में आ रही कठिनाइयों को दूर करने, सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन में 30 प्रतिशत बढ़ोतरी करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कम्पनी का आवास लीज पर देने, अधिकारियों के समान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बढ़ी हुई ग्रेच्युटी का भुगतान 1 जनवरी 2017 करने, केंद्रीय अस्पताल में चिकित्सकों व पारामेडिकल स्टाफ की बहाली करने, कर्मियों को डस्ट अलाउंस देने, बंद पड़ी कोल वाशरियों को अविलम्व चालू करने की मांगें शामिल हैं।

# बोकारो प्रक्षेत्र के आई जी ने किया बाघमारा पुलिस अनुमंडल का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी डा माइकेल राज एस ने रविवार को बाघमारा पुलिस अनुमंडल पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, बाघमारा एसडीपीओ आनन्द ज्योति मिंज एवं बाघमारा पुलिस अनुमंडल के सभी थाना के प्रभारी उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने पुलिस अधिकारीयों को थानों के लंबित मामलों के संधारण सहित कई विषयों पर आवश्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही भारतीय कानून में बदलाव से सभी को अवगत कराया। आगामी 10 सितंबर को होने वाले जनशिकायत समाधान शिविर के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय का उद्देश्य है आमजनों और पुलिस के बीच मैत्री सम्बंध स्थापित हो। इसीलिए शिविर के माध्यम से विशेष पहल की जा रही है। इस शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## कोयला राज्य मंत्री ने राजगंज में किया लघु विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**राजगंज।** राजकीयकृत भागीरथ ब्रह्माचारी उच्च विद्यालय राजगंज में रविवार को बीसीसीएल द्वारा निर्मित लघु विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन केंद्रीय । कोयला व खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने किया। समारोह में सभी सम्मानित लोग मौजूद थे। इस लघु विज्ञान प्रयोगशाला से विद्यार्थियों को व्यावहारिक अध्ययने में सुविधा होगी। वे चीजों को सरलता से जान और समझ पाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। उद्घाटन समारोह में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, भाजपा नेता,,विक्रम पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण घनश्याम ग्रोवर, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, रायगंज मंडल के अध्यक्ष रणजीत सिंह, मुखिया वंदना चौरसिया, सरपंच उर्मिला साहू, सामाजिक कार्यकर्ता नवनीत मित्तल सहित भारी संख्या में स्कूल के छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

### महिलाओं के लिए जूट क्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर शुरू

**मैथन।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर और उद्यम विकास बोर्ड के तत्वावधान में रविवार से निरसा प्रखंड के श्यामपुर पंचायत सचिवालय में महिलाओं के जूट क्राफ्ट का 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू एवं प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास ने किया। महिलाओं को एनआर एजेंसी द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसअवसर पर एनआर एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को प्रशिक्षण किट दिया गया।

प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए संजय सिंह पिंटू ने कहा कि महिलाएं स्वावलंबी हों। स्वयं रोजगार करें तथा परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में अपना योगदान दें। इस निमित्त सरकार द्वारा आप लोगों को जूट क्राफ्ट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## एक नजर में

### अल इकरा बीएड कॉलेज में समस्या समाधान शिविर कल 10 बजे से



**गोविंदपुर।** जिला पुलिस विभाग द्वारा 10 सितंबर को सुबह 10 बजे से टुंडी रोड गोविंदपुर स्थित अल इकरा बीएड कॉलेज में समस्या समाधान शिविर लगाया जाएगा। इसमें गोविंदपुर, टुंडी, पूर्वी टुंडी, मनियाडीह एवं बरवाअड्डा थाना क्षेत्र की जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। सिटी एसपी अजीत कुमार ने रविवार को कार्यक्रम स्थल अल इकरा बीएड कॉलेज का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई निर्देश दिए। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन शंकर कांति पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय तो संदीप गुप्ता गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद अल इकरा बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ शमीम अहमद, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ईशा शमीम आदि मौजूद थे । नगर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस जनता दरबार में केवल पुलिस विभाग की ही नहीं बल्कि अन्य विभागों की भी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस शिविर में पुलिस उपमहानिरीक्षक, धनबाद उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### कोयलांचल में उमस ने लोगों की बढ़ाई परेशानी

**धनबाद।** कोयलांचल में एक बार फिर लोगों को जेठ की दोपहरी याद आने लगी है। तेज धूप और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। रविवार को भी मौसम का यही हाल रहा। सुबह से देर शाम तक धूप-छांव के बीच उमस ने हर किसी को परेशान किया। वहीं बिजली की आंख मिचौली भी जारी रही। चिरागोड़ा, हीरापुर, पुराना बाजार, बैंक मोड, धैया, स्टीलगेट आदि क्षेत्रों में दिन में बिजली संकट का सामना करना पड़ा। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान दिखे। वहीं मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान धनबाद सहित अन्य हिस्सों में गरज के साथ आंधी व बारिश का अनुमान लगाया है। विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र दबाव में तब्दील हो गया है। अभी दीघा (पश्चिम बंगाल) से 410 किलोमीटर दक्षिण में मौजूद है। अगले 24 घंटों में इसके उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों की ओर बढ़ने और गहरे दबाव में तब्दील होने की उम्मीद है। इसके बाद यह अगले दो दिनों तक मैदानी इलाकों में जोरदार बारिश कराएगा। इसका असर 12 सितंबर तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में देखने को मिल सकता है।

# पत्रकारों व परिजनों के स्वास्थ्य की हुई जांच

## धनबाद प्रेस क्लब व एसजेएस अस्पताल की ओर से लगा हेल्थ चेकअप कैंप

खबर मन्त्र संवाददाता

### 116 की हुई स्वास्थ्य की जांच



**धनबाद।** नवनिर्मित धनबाद प्रेस क्लब में रविवार को धनबाद प्रेस क्लब प्रबंधन के द्वारा मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें एसजेएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर अर्पण दास गुप्ता (आरएमओ), डॉ बरखा रत्नम (इमरजेंसी मेडिकल), डॉ दिलीप कुमार सिंह ओप्थलमोलोजिस्ट, अरात्रिका घोषाल व अन्नु कुमारी द्वारा 116 पत्रकारों औरप उनके परिवार वालों के ब्लड प्रेशर, शुगर, ईएनटी, बीसीजी, पल्स की जांच की गई। मर्ज के अनुसार पत्रकारों को चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया गया।

### जनरल चेकअप के साथ आखों की हुई जांच

पत्रकारों ने जनरल चेकअप के अलावा आंखों का भी चेकअप कराया। इस दौरान मेगा हेल्थ चैकअप कैंप में एसजीएस हॉस्पिटल सत्यम राय के अलावा पीआरओ स्वाति श्रीवतास्तव, मार्केटिंग के निर्मल चंद्र सेन, आलोक मोदक, स्टाफ मो. आजाद की सक्रिय भूमिका रही। प्रेस क्लब प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष शशि राय, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष अमर प्रसाद, बलवंत कुमार,सुरेंद्र यादव, शरद पांडे, प्रतीक पोपट, सचिव संजय चौरसिया, मोहन गोप, चंदन दास, नवीन राय, राममूर्ति पाठक के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में विक्की प्रसाद, गोपाल प्रसाद, रोशन सिन्हा, बीपीन रजक, कन्हैया कुमार,शिल्पा सिंह एवं संभवी सिंह की अग्रणी भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धनबाद प्रेस क्लब प्रबंधन समिति ने सभी धनबाद प्रेस क्लब के सदस्यओं को धनयवाद दिया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने कहा कि यह पत्रकारों के लिए और उनके स्वास्थ्य के लिए किया गया है। क्योंकि पत्रकार अत्यधिक कार्य के कारण अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस दौरान प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद ने कहा कि धनबाद प्रेस क्लब द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारी की तरफ से यह पहला हेल्थ कैंप है जिससे सभी पत्रकार व उनके परिवार वाले लाभान्वित हो रहे है कहा कि एसजेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के तरफ से जो पत्रकारों के लिए योगदान दिया गया है, वह सराहनीय है।

## गोविंदपुर प्लस टू उवि में सामान्य ज्ञान मेधा प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** सामाजिक संस्था विकास फोरम की ओर से रविवार को प्लस टू उच्च विद्यालय गोविंदपुर में सामान्य ज्ञान मेधा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता दो ग्रुपों में आयोजित थी। कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए जूनियर तथा कक्षा नौवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए सीनियर ग्रुप बनाया गया था। जूनियर ग्रुप में 172 एवं सीनियर ग्रुप में 103 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जूनियर ग्रुप में काजल कुमारी (कक्षा 8, सेठ सुखीराम बालिका विद्यालय) प्रथम, आदित्य कुमार झा (कक्षा 8, बेसिक स्कूल) द्वितीय तथा साक्षी सोरेन (कक्षा 7, निर्मला विद्यालय) तृतीय रहे। मानसी कुशवाहा, लियोन दास, संचिता दत्ता, शिवम कुमार, जय धीबर आदि 11 प्रतिभागी सांत्वना पुरस्कार के लिए चुने गये।

सीनियर ग्रुप में राहुल शर्मा (कक्षा 10, प्लस टू उवि गोविंदपुर) प्रथम, आयुष गुप्ता (कक्षा 10, प्लस टू उवि गोविंदपुर) द्वितीय तथा अभिषेक सिंह (कक्षा 10, निर्मला विद्यालय) तृतीय रहे। सोनू कुमार महतो, अनुश्री भट्टाचार्य, रिफत आजमी, सुमित कुमार महतो, रूपेश दास आदि समेत 10 प्रतिभागी सांत्वना पुरस्कार के लिए चुने गए। सफल प्रतिभागियों को फोरम के स्थापना दिवस 14 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। सचिव एसएन लाल त्यागी की देखरेख में प्रतियोगिता हुई।

# घरों में चोरी करने वाले गिरोह के बादशाह खान सहित तीन गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने घरों में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है। साथ ही चोरी के सामानों सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने बताया कि विशेष छापामारी दल द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के सहयोग से चोरी में शामिल अपराधियों का पहचान की गई जिनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में गरगा पुल घाट के पास से बादशाह खान उर्फ सोनू उर्फ आलम अंसारी को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से चोरी के कई मोबाईल फोन बरामद किये गये। उसकी निशानदेही पर बोकारो के भांगा बाजार के रमेश सिंह के घर से चोरी के जेवरात बरामद किये गए तथा चोरी के समान खरीदने वाले रमेश सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। बादशाह खान की निशानदेही पर ही धनबाद मीना बाजार घरकुनिया के मुकेश बाउरी के पास से चोरी का मोबाईल बरामद किया गया तथा उसे भी गिरफ्तार किया गया।

साथ ही बादशाह खान की निशानदेही पर बोकारो के सेक्टर 01 बी इस्पात विद्यालय के पास झाड़ी से चोरी की दो साइकिल बरामद की गई। 3 सितम्बर को सिटी क्षेत्र में चोरी कर रहे मुस्कान कुमार नामक अपराधी को चोरी के समान के साथ सिटी थाना से न्यायिक हिरासत में भेजा गया। 4 सितंबर को सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में हुई चोरी के समान बरामद करते हुए सन्नी लोहरा नामक अपराधी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मंदिर में हुई चोरी का उद्भेदन किया गया।

चोरी के मामले में चास के बादशाह खान उर्फ सोनू उर्फ आलम अंसारी तथा भांगा बाजार के रमेश सिंह धनबाद मीना बाजार के मुकेश बाउरी को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में चास सेक्टर4 तथा बी एस सिटी के थाना प्रभारी सहित पिंड्राजोरा के पुअनि अमरजीत कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र से तीन मवेशी चोर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला के बालीडीह थाना के बनसिमली गांव में मवेशी चोरी करने आये तीन मवेशी चोरों को स्थानीय लोगों के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी गांव के एक मंदिर के पास स्थित घर से मवेशी चोरी का प्रयास कर रहे थे। तीनों के पास से मवेशी चोरी में होने वाले सामान लोहे का रड रस्सी मोटरसाइकिल पावरोटी आदि जब्त किये गए। तीनों ने विभिन्न गांवों तिरो बांधटांड़ बलरामपुर झरनाटांड़ चीराटांड़ कोचागोरा बरमसिया कहरिया जरीडीह बनसिमली चैनपुर से मवेशी की चोरी कर पुरुलिया के स्थानीय हाट में ले जाकर बेच देने की बात को स्वीकार किया। इस संबंध में बालीडीह थाना कांड संख्या 201/24 दिनांक07.09. 2024 धारा 112(2/331(4/305/62/3 (05) बीएनएस दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ आपराधिक इतिहास है। गिरफ्तार व्यक्तियों में करीम अंसारी उर्फ भोंदला इम्तियाज अंसारी तथा शमशुल अंसारी के नाम शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल चोरी के समय प्रयुक्त मोबाइल फोन मवेशी को बांधने वाली रस्सी मवेशी को खिलाने वाला पावरोटी आदि जब्त किये गए हैं। छापामारी में बालीडीह के थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक नवीन कुमार सिंह अवर निरीक्षक गौरव गोयल वीरमणि कुमार संदीप कुमार शशिकांत ठाकुर अभिषेक कुमार रंजन अजय कुमार राय याकूब अंसारी राजेश पासवान उमेश कुमार एवं मरियानुस जोजो शामिल थे।

## फुटबॉल का खेल ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लोकप्रिय है: योगेंद्र

**बेरमो/ललपनिया।** रविवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखंड के सियारी पहुंचे।यहां सोना बेड़ा यूथ सेंटर, सियारी के ग्राउंड में जूनियर नर्सिंग क्लब, सियारी के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय लेने के उपरांत फीता काटकर एवं फुटबॉल किक लगाकर फाइनल मैच का उद्घाटन किया। अध्यक्ष सह पूर्व विधायक श्री महतो ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों के विकास को हर संभव सहयोग करता रहा हूं। फुटबॉल का खेल ग्रामीण क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है।उन्होंने आयोजकों को टूनार्मेंट के सफल संचालन के लिए बधाई दिया। मौके पर आयोजकों ने मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जी को फूल माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर पूर्व प्रमुख गुलाबचंद हांसदा, आयोजक क्लब के अध्यक्ष सुरेश किस्कू, मनोज सिंह समेत सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## फांसी के फंदे से झूलता मिला शव, पुलिस जांच में जुटी



जांच करती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर सोनवाडंगाल मुहल्ले में किराये के मकान में रह रहे डाक कर्मी का फांसी के फंदे से झूलता शव रविवार को मिला। सूचना पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। मृतक डाक कर्मी बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र के दुधरी टोला गांव निवासी 24 वर्षीय राकेश महथा है। वर्तमान में सदर प्रखंड के कोरैया पोस्ट ऑफिस कार्यालय में पदस्थापित था। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## 10 सितंबर को आयोजित होगा जनता दरबार

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट ओपी में ओपी प्रभारी अजीत कुमार के द्वारा 10 सितंबर को ओपी परिसर जनता दरबार आहूत की गई है। जिसमें जमीन संबंधित छोटे छोटे पहलुओं के कारण ग्रामीणों का मामलों को यथासंभव निपटारा किया जाएगा । यह जानकारी ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने दी। आगे उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बहुत से मामला ऐसा देखने में आया है की जो आपस बैठ कर सुलझाया जा सकता है परंतु उसे लंबे खीच कर उलझा कर आए दिन एक दूसरे से उलझते रहते है।

## बीएसएल में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से सितम्बर 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से शनिवार को लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक एचआर-फाइनल सेटलमेंट कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ जया लक्ष्मी मेडिकल ऑफिसर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक सेक्टर 04 के क्लस्टर हेड चन्दन अरोड़ा तथा उनकी टीम के लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। संगीता कुमारी एसीटी एचआर फाइनल सेटलमेंट ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## हॉट स्ट्रिप मिल के क्रेन का नवीनीकरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल के नवीनीकृत क्रेन संख्या 25 का उद्घाटन ईडी मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ने किया।

उद्घाटन के मौके पर सीजीएम पीके बैसाखिया जेवी शेखर हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के सीजीएम विपिन कुमार सिंह के साथ वरीय अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

हॉट स्ट्रिप मिल के सीजीएम विपिन कुमार सिंह के नेतृत्व में ए जीएम एसके रॉय तथा वरीय प्रबंधक एसएस यादव की टीम ने आंतरिक संसाधनों से नवीनीकरण की चुनौती को स्वीकार किया और रिकॉर्ड समय में पूरा किया। 110 टन क्षमता वाले नवीनीकृत क्रेन संख्या 25 के टोंग के आंतरिक संसाधनों और इनोवेटिव तरीके से मरम्मत करने से पैसे के बचत के साथ सामान्य अनुरक्षण विभाग के जीएम एनके बेहरा तथा राजेश यादव की टीम ने मात्र 16 घंटे में स्थापित कर एक नया कीर्तिमान बनाया है। अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद ने इस कार्य से सम्बंधित सभी विभागों तथा कार्मिकों के प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के अभिनव पहल करने की अपील की।

## तेज रफ़्तार ऑटो के धक्के से राहगीर की मौत

**सरैयाहाट।** हंसडीहा थाना क्षेत्र कुरमाहाट हटिया मार्ग में शनिवार रात अनियंत्रित तेजरफ़्तार ऑटो रिक्शा के धक्के से राहगीर की मौत हो गई। मृतक की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुशयारी गांव निवासी देवेन्द्र राय(48) के रूप में की गई है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र राय अपने घर से सब्जी खरीदने कुरमाहाट आया था। सब्जी की खरीदारी कर वे अपने घर वापस लौट रहा था। इसी बीच पीछे से आ रही ऑटो ने देवेन्द्र को कुचलते हुए गढ्ढे में चले गई, घटना की सूचना पर हंसडीहा थाना के सहायक अवर निरीक्षक विनोद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया गया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त ऑटो रिक्शा को जब्त कर अपने साथ थाना ले आई।

## बोकारो में 35वें क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा बोकारो के पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में 35वां क्षेत्रीय उत्तर-पूर्व फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसमें उत्तर बिहार दक्षिण बिहार एवं झारखंड से कुल 15 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में विद्या विकास समिति झारखंड के सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि फुटबॉल एक ऐसी विधा है जिसमें शारीरिक व मानसिक दोनों तौर से शरीर प्रबल होता है। विवेकानंद ने कहा है कि आप गीता के अध्ययन की बजाय फुटबॉल के माध्यम से ईश्वर के अधिक निकट होंगे। उन्होंने प्रतिभागियों को ब्रह्मचर्य के महत्व को बताते हुए अपनी प्रतिभा के विकास के साथ जीवन में समन्वय स्थापित करते हुए सजग प्रहरी की भांति परिवार समाज एवं राष्ट्र के लिए समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। धनबाद विभाग के विभाग निरीक्षक विवेक नयन पाण्डेय ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में बाल वर्ग (अंडर 14) किशोर वर्ग (अंडर 17) और तरुण वर्ग (अंडर 19) के 11 विद्यालयों से कुल 15 टीमों के 222 प्रतिभागी 7 निर्णायक एवं 17 संरक्षक आचार्य दीदी जी आए हैं। विद्या विकास समिति झारखंड प्रांत खेलकूद के मार्गदर्शक एवं देवघर विभाग के विभाग निरीक्षक सुरेश मंडल ने बताया कि इस 15 टीम में 13 भैया और दो बहनों की भी टीम है। इसमें जो विजेता टीम होगी वह 28 सितंबर से दो अक्टूबर 2024 तक आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने कुरुक्षेत्र हरियाणा जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव राजकुमार सिंह संकुल संयोजक मार्कण्डेय पांडेय सदस्य जयप्रकाश पांडेय शिवकुमार सिंह प्रधानाचार्य संजीव कुमार राजेंद्र कामत उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर पोल्टी लदा पिकअप वाहन पलटा, हजारों की हुई क्षति

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के नवपहाड़ के पास एक पोल्टी मुर्गा लदा हुआ पिकअप वाहन पलट गया। बताया जा रहा है की पोल्टी मुर्गा लदा हुआ वाहन दुमका की ओर से रामपुर हाट की ओर जा रहा थी। उसी दौरान नवपहाड़ गांव के पास अनियंत्रित हो कर पोल्टी मुर्गा लदा वाहन पलट गया। गनीमत रही की चालाक को कुछ नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही शिकारीपाड़ा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच क्रेन की सहायता से पिकअप वाहन को उठाया। चालाक ने बताया इससे काफी नुकसान हुआ है। दुर्घटना में अधिकतर मुर्गा मर गया।

## एक नजर में

### श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**हंसडीहा।** गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में हंसडीहा हटिया परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन रविवार को कथावचक ओमप्रकाश महाराज ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग को सुनाया। कथावचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषिई के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें। कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा सुनने पहुंचे। इस दौरान आयोजन समिति बमबम सिंह, रोहित सिंह, सूरज साह, रविकचन जायसवाल, निलेश जायसवाल, गुड्डू मांझी, पंकज जायसवाल, मुन्ना मिश्रा, उदय सिंह, रविश जायसवाल, विश्वजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### अखिल भारतीय आदिवासी महासभा बोकारो जिला कमेटी की बैठक सम्पन्न

**बेरमो/ललपनिया।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा बोकारो जिला कमेटी की बैठक रविवार को गोमिया प्रखंड के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय दनिया केसभा कक्ष में संपन्न हुई।यहां अध्यक्षता चुन्नू मांझी और संचालन रतिराम मांझी ने किया। बैठक का उदघाटन करते हुए आदिवासी महासभा जिला अध्यक्ष महेंद्र मुंडा ने आदिवासियो,दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यक के एकजुटता पर बल दिया। श्री मुंडा ने कहा कि देश और राज्य की सत्ता में मनुवादी शक्तियां हावी है,इसलिए जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत को लागू करना आवश्यक है। जिला सचिव बिरालाल किस्कू ने कहा कि 2 साल बाद भी सिमराबेड़ा के महावीर मरांडी के हत्यारो की गिरफ्तारी अभीतक नहीं हुई है।कहाकि पेटरवार के अरजुवा निवासी दुर्गा प्रसाद बास्के के 9 वर्ष की पुत्री का बलात्कारों हत्या कर देने की 5 मई 24 की घटना में भी अपराधी पकड़ से बाहर है। वही श्री किस्कू ने कहा कि हेमंत सरकार में भी आदिवासियों की जानमाल और जमीन सुरक्षित नहीं है।बैठक को दसई रविदास, पूरन तुरी, मंगल हांस्दा ने भी संबोधित किया। बैठक में बिरसा वास्के, संतोष मरांडी, करण महली, रामलाल मांझी, सुरेंद्र मुर्मू, प्रदीप टुडू, सुभाष मांझी, हरिश्चंद्र उरांव इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया

**बेरमो /फुसरो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में रविवार को विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय फहीम किरमानी तेनुघाट के सिविल जज राजेश रंजन कुमार (सिनियर डिवीजन) सह न्यायिक दण्डाधिकारी, बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह, बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरजा देवी, बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ का किया गया। यहां बाल शोषण, दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न, छेड़खनी और डायन प्रथा आदि विषय पर जानकारी दिया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन बंटी मिश्रा ने किया। तृतीयकहा कि शिविर के माध्यम से लोगों को कानून की जानकारी देनी है ताकि लोग अपने अधिकार को जाने और उसका लाभ ले सके। कहा कि विधिक सेवा बुनियादी तौर पर लोगों को लीगल एडवाइस देने का काम करता है, इसके साथ ही कानून सहायता भी प्रदान करती है। जिसका दायरा अब काफी बढ़ गया है। कहा कि कई बार जज के निर्णय को कुछ लोग गलत ठहराते हैं। अगर किसी को जज के निर्णय से ऐतराज हो तो वह हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते है, इसके लिए विधिक सेवा मदद करता है। कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है यहां जनता का सरकार है जो संविधान और कानून से चलता है। जज फहीम किरमानी ने सम्बोधित करते हुए कहा की सरकार की योजनाओ को सही एवं पारदर्शी के रूप लाभूको को देना सबकी जिम्मेदारी बनता है।इन्होनें विधिक सेवाएं उनसे जूडे नियमो को बताया।अगर अधिकार नहीं मिल रहा हो तो कोर्ट के माध्यम से सहयोग किए जाते हैं। न्यायिक एवं विधिक सेवाएं के तहत अधिकार दिलाने में मदद करती है। विधिक सेवाएं एक कडी.है जो कानूनन रूप से सहयोग कर सकतें हैं।

### दो एन एस एस स्वयं सेवकों का चयन राज्य स्तरीय प्री आर डी 2024 कैंप के लिए

**बेरमो।** विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी धनबाद की ओर से 31 जुलाई 2024 को इंटर कालेज प्री आर डी 2024 चयन प्रक्रिया कुलपति डॉ राम कुमार सिंह की अध्यक्षता में यूनिवर्सिटी एन एस एस कार्यक्रम समन्वयक डॉ मासुफ अहमद के नेतृत्व में करवाया गया था जिसमें सभी अंगीभूत एवम स्थाई मान्यता प्राप्त कॉलेज के एन एस एस स्वयं सेवकों ने भाग लिया था। के बी कॉलेज बेरमो के दस स्वयं सेवक जिनमें पांच पुरुष पांच महिला थे वह कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में चयन प्रक्रिया में शामिल हुए थे। प्रथम कुमार पुरुष स्वयं सेवक और जागृति कुमारी महिला स्वयं सेवक का चयन राज्य स्तरीय प्री आर डी 2024 चयन कैंप के लिए हुआ है। दोनो एन एस एस स्वयं सेवक 15 सितंबर को राज्य स्तरीय प्री आर डी कैंप के चयन प्रक्रिया में पटना बिहार जायेंगे। 2025 गणतंत्र दिवस परेड में नई दिल्ली, कर्तव्य पथ पर शामिल होंगे। रीजनल डायरेक्टोरेट भारत सरकार का पत्र कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी धनबाद को प्राप्त हुआ है। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण समेत कॉलेज परिवार ने एन एस एस के स्वयं सेवकों सहित कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार को बधाई दी है।

### कार्मेल स्कूल करगली की शिक्षिका प्रतिभा महतो को बेस्ट टीचर का सम्मान

**बेरमो।** डॉ राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो ने किया आठवां गुरु वशिष्ठ बेस्ट टीचर अवार्ड 2024 का आयोजन। जिसमें बोकारो जिला के विभिन्न विद्यालयों के 35 शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह रेनबो पब्लिक स्कूल, चीरा चास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई ए एस श्री ओमप्रकाश गुप्त, एसडीएम चास थे। जिसमें कार्मेल स्कूल करगली की प्रतिभा महतो को बेस्ट टीचर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के कर कमलों से प्रमाण पत्र एवम साथ ही साथ कार्मेल स्कूल करगली की प्राचार्य सिस्टर सरीन जोसेफ द्वारा श्रीमती महतो को शॉल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ राधाकृष्णन सहोदय स्कूल परिसर बोकारो के अध्यक्ष सह डीपीएस पब्लिक स्कूल बोकारो के प्राचार्य डॉ एस गंगवार, उपाध्यक्ष सह जीजीपीएस बोकारो के प्राचार्य सुमन चक्रवर्ती, महासचिव सह एआरएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पत्र तथा अन्य स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# सस्ता-महंगा पर रार

इस वर्ष जुलाई में आई आर्थिक समीक्षा में मुद्रास्फीति को लक्षित करते समय खाद्य पदार्थों को बाहर रखकर आकलन करने का सुझाव आने के बाद से ही मुद्रास्फीति को लक्षित करने की प्रणाली के बारे में दिलचस्प बहस चल रही है। वित्त मंत्रालय के अर्थशास्त्री मानते हैं कि उच्च खाद्यान्न कीमतें अक्सर आपूर्ति संबंधी कारकों से बढ़ती हैं, न कि मांग के कारण। भारत जैसी बड़ी और जटिल अर्थव्यवस्था वाले देश में नीतियों पर निरंतर चर्चा चलती रहनी चाहिए और बदलती हकीकतों और जरूरतों के साथ उनमें परिवर्तन आते रहना चाहिए। निश्चित तौर पर हमारे देश में मुद्रास्फीति को लक्ष्य बनाने का जो फ्रेमवर्क अपनाया गया है वह पहले अपनाए गए रुख से दो तरह से अलग है। पहली बात, सरकार को आरबीआई अधिनियम की मदद से यह शक्ति मिली हुई थी कि वह मुद्रास्फीति के लिए केंद्रीय बैंक के साथ मशविरा करके लक्ष्य तय करे। इसकी हर पांच वर्ष में समीक्षा की जा सकती है। इसके लिए उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति दर के चार फीसदी का लक्ष्य तय किया गया और दो फीसदी ऊपर या नीचे की रियायत दी गई। इससे आम बाजार की समझ बेहतर हुई और मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय अनुमानयोग्य तथा समझने में आसान हुए।दूसरा, मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय अब छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए जाते हैं जिनमें तीन बाहरी सदस्य हैं। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और रिजर्व बैंक के गवर्नर पर दबाव काफी कम हुआ है जो पुरानी व्यवस्था में निर्णय लिया करते थे। जून से सितंबर तक सामान्य तौर पर सब्जियों के दाम दस गुणा तक अधिक होते हैं लेकिन महंगाई दर कम ही होती है। देश में यह बहस चलती है कि महंगाई का आधार सब्जियां हो या नहीं। खाद्यान्न के मूल्य भी मौसम के अनुसार बढ़ते और घटते हैं जिसको लेकर बहस जारी है।

# राज्य सभा में बहुमत

भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास छह नामांकित सदस्यों के समर्थन के साथ राज्यसभा में साधारण बहुमत मिल गयी है, जिससे पार्टी को वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे प्रमुख विधेयकों को पारित कराने में मदद मिल सकती है। हाल में संपन्न राज्यसभा उपचुनाव के बाद संसद के ऊपरी सदन में सदस्यों की संख्या 234 हो गई है, जिसमें भाजपा के पास अपने 96 सदस्य हैं। एनडीए के सदस्यों की संख्या 113 है। आम तौर पर सरकार के पक्ष में वोट डालने वाले छह नामांकित सदस्यों के साथ एनडीए का संख्या बल बढ़कर 119 हो जाता है, जो बहुमत के मौजूदा आंकड़े 117 से दो अधिक है। ऊपरी सदन में कांग्रेस के 27 सदस्य, जबकि उसके सहयोगी दलों के 58 सदस्य हैं, जिससे राज्यसभा में विपक्षी गठबंधन के कुल सदस्यों की संख्या 85 है। राज्यसभा में सदस्यों की बड़ी संख्या वाली अन्य पार्टियों में वाईएसआर कांग्रेस के पास नौ और बीजू जनता दल (बीजद) के पास सात सदस्य हैं। अन्नाद्रमुक के पास चार सदस्य, तीन निर्दलीय और अन्य सांसद उन छोटे दलों के हैं, जो कांग्रेस या भाजपा किसी के भी गठबंधन में शामिल नहीं हैं। ऊपरी सदन में जम्मू-कश्मीर की चार सीट रिक्त हैं, क्योंकि केंद्र-शासित प्रदेश को अभी तक अपनी पहली विधानसभा नहीं मिली है। सदन में कुल 11 सीट रिक्त हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर की चार, आंध्र प्रदेश की चार, चार नामांकित सदस्य और ओडिशा की एक सीट शामिल है। वाईएसआर कांग्रेस के दो सदस्यों और बीजद के एक सदस्य ने हाल में राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया। बीजद सदस्य सुजीत कुमार इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए, जिसके इस सीट पर उपचुनाव जीतने की संभावना है। लंबे समय तक राज्य सभा में एनडीए का बहुमत बना रहेगा।

# हिंदी नवजागरण के अग्रदूत भारतेंदू





- डॉ उषा किरण

9 सितंबर को भारतेंदु हरिश्चंद्र की जयंती है। उनको याद करना एक ऐसे मनीषी को याद करना है, जिन्होंने हिंदी साहित्य को नए भाव बोध की जमीन पर उतारते हुए लोक को राजसत्ता से अधिक महत्व दिया, जिन्होंने बढ़ते ब्रिटिश आभामंडल को चुनौती देते हुए 'पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं' का नारा बुलंद किया, जिन्होंने दकियानूसी विचारों को चुनौती दी और पाश्चात्य जगत के सुंदर विचारों को साहित्य एवं समाज में स्थान दिया।

काल के कपाल पर नई लकीर खींचने के लिए लंबी उम्र की नहीं बल्कि बड़े हौसले की आवश्यकता होती है । आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह और हिंदी नवजागरण के अग्रदूत भारतेंदु हरिश्चंद्र का जीवन छोटा रहा। वह मात्र 35 सालों तक ही जीवित रहे । बहुत ही कम समय मिलने के बावजूद उन्होंने हिंदी साहित्य की बड़ी सेवा की और उसे नई राह पर लाकर खड़ा कर दिया। भक्ति काल के बाद हिंदी साहित्य का रीतिकाल आया, जिसमें जनता से जुड़ी बातें हाशिए पर डाल दी गईं और राजा-महाराजाओं की कपोल कल्पित दस्तानों पर कविताएं लिखी जा रही थी। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने साहित्य को रीतिकाल की कपोल कल्पना से बाहर निकाला और साहित्य को समाज सुधार एवं राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाए जाने पर जोर दिया। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार, भारतेंदु का पूर्ववर्ती काव्य साहित्य संतों की कुटिया से निकलकर राजाओं और रईसों के दरबार में पहुंच गया था। उन्होंने एक तरफ तो काव्य को फिर से भक्ति की पवित्र मंदाकिनी में स्नान कराया और दूसरी तरफ उसे दरबारीपन से निकालकर लोकजीवन के आमने-सामने खड़ा कर दिया। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म 9 सितंबर 1850 बनारस के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ। उनका मूल नाम 'हरिश्चन्द्र' था और 'भारतेन्दु' उनकी उपाधि थी। भारतेन्दु आधुनिक हिंदी साहित्य के साथ-साथ हिंदी थियेटर के भी पितामह कहे जाते हैं।

उनके पिता गोपाल चंद्र एक कवि थे। वह गिरधर दास के नाम से कविता लिखा करते थे। भारतेन्दु जब 5 वर्ष के हुए तो मां का साया सर से उठ गया और जब 10 वर्ष के हुए तो पिता का भी निधन हो गया। भारतीय नवजागरण की मशाल थामने वाले भारतेंदु ने अपनी रचनाओं के जरिए गरीबी, गुलामी और शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की। हिन्दी साहित्य में आधुनिक काल का प्रारम्भ भारतेन्दु हरिश्चन्द्र से माना जाता है।

सिर्फ.पैंतीस वर्ष की उम्र पाने वाले भारतेंदु की अनेक विधाओं पर पकड़ थी। वे एक गद्यकार, कवि, नाटककार, व्यंग्यकार और पत्रकार थे। उन्होंने 'बाल विबोधिनी' पत्रिका, 'हरिश्चंद्र पत्रिका' और 'कविवचन सुधा' पत्रिकाओं का संपादन किया। भारतेन्दु ने सिर्फ 18 वर्ष की उम्र में 'कविवचनसुधा' पत्रिका निकाली, जिसमें उस वक्त के बड़े-बड़े विद्वानों की रचनाएं प्रकाशित होती थीं। हिंदी में नाटकों की शुरूआत भारतेन्दु हरिश्चंद्र से मानी जाती है। नाटक भारतेन्दु के समय से पहली भी लिखे जाते थे, लेकिन बाकायदा तौर पर खड़ी बोली में नाटक लिखकर भारतेन्दु ने हिंदी नाटकों को नया आयाम दिया। भारतेन्दु के नाटक लिखने की शुरूआत बांग्ला के विद्यासुंदर (1867) नाटक के अनुवाद से हुई।

तेज याददाश्त और स्वतंत्र सोच रखने वाले भारतेन्दु कई भारतीय भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने अपनी मेहनत से संस्कृत, पंजाबी, मराठी, उर्दू, बांग्ला, गुजराती भाषाएँ सीखीं। हालांकि, अंग्रेजी उन्होंने बनारस में उस दौर के मशहूर लेखक राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द से सीखी। एक दौर में भारतेन्दु की लोकप्रियता शिखर पर थी, जिससे प्रभावित होकर काशी के विद्वानों ने उन्हें 1880 में 'भारतेंदुे की उपाधि दी। भारतेन्दु के विशाल साहित्यिक योगदान के कारण 1857 से 1900 तक के काल को भारतेन्दु युग के नाम से जाना जाता है। 6 जनवरी 1885 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

19वीं शताब्दी में भारतीय समाज करवट ले रहा था। यूरोपीय लोगों के संपर्क और सामंती व्यवस्था से मुक्ति की प्रक्रिया एक साथ चल रही थी। राजा राममोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, ज्योतिबा फुले सहित अनेक समाज सुधारक स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह आदि की वकालत कर रहे थे तो सती प्रथा जैसी कुरीतियों का विरोध भी कर रहे थे। समाज में आ रहे बदलाव की आहट साहित्यिक क्षेत्र में भी सुनाई देना स्वाभाविक था। भारतेंदु हरिश्चंद्र नई चेतना के अग्रदूत के रूप में सामने आए और उन्होंने सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्व से युक्त रचनाएं की। आर्थिक असमानता, ग्रामीण समाज में गरीबी, पराधीनता, अमानवीय शोषण आदि को उन्होंने अपनी साहित्यिक रचनाओं का विषय बनाया। स्वयं तो लगातार लिखा ही, सैंकड़ों दूसरे लोगों को भी लिखने और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

जब वह 18 वर्ष के थे तो उन्होंने कवि वचन सुधा पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ किया। 23 वर्ष की अवस्था में उन्होंने हरिश्चंद्र मैगजीन और 24 वर्ष की अवस्था में स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बाला बोधिनी पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ किया। पूरे देश के लोगों को इन पत्रिकाओं में लिखने के लिए प्रोत्साहित किया। वैष्णव भक्ति के प्रचार के लिए उन्होंने तदीय समाज की स्थापना की।

वे साहित्य के क्षेत्र में नए विचारों का संपोषण करते रहे। नाटक हो, निबंध हो, कहानी हो या आलोचना, सर्वत्र उन्होंने पुराने ढांचे के अवयवों के खिलाफ काम किया जो समय के अनुकूल नहीं रह गए थे। राजनीतिक स्वाधीनता की चाहत तो वह रखते ही थे, मनुष्य की एकता, समानता और भाईचारा को भी उन्होंने समान महत्व दिया। अपने समकालीन साहित्यकारों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने साहित्य को सामाजिक उत्तरदायित्व की चेतना से युक्त किया। अंधेर नगरी, वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति, भारत दुर्दशा, जैसी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने प्रगतिशील आधुनिक समाज की परिकल्पना करते हुए दुर्भावना एवं भेदभाव आधारित व्यवस्था की समाप्ति की कामना की।

9 सितंबर को भारतेंदु हरिश्चंद्र की 171वीं जयंती है। उनको याद करना एक ऐसे मनीषी को याद करना है, जिन्होंने हिंदी साहित्य को नए भाव बोध की जमीन पर उतारते हुए लोक को राजसत्ता से अधिक महत्व दिया, जिन्होंने बढ़ते ब्रिटिश आभामंडल को चुनौती देते हुए 'पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं' का नारा बुलंद किया, जिन्होंने दकियानूसी विचारों को चुनौती दी और पाश्चात्य जगत के सुंदर विचारों को साहित्य एवं समाज में स्थान दिया। भारतेंदु हरिश्चंद्र एक ऐसे महामानव थे जिन्होंने साहित्य और संस्कृति के माध्यम से बेहतर समाज की रचना के लिए अपना पूरा जीवन और पुरखों का लगभग पूरा धन लगा।

**(संस्कृत विभाग, विमेंस कॉलेज रांची)**

## खास बात

### अहिंसक विश्व समाज कैसे बने

**कुलभूषण उपमन्यु**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। विकसित बुद्धि, भाषा विकास, सीधे खड़े होने की सामर्थ्य और उँगलियों की विशिष्ट बनावट के चलते ही मनुष्य अन्य पशु समुदाय से अधिक विकसित हो सका है। अन्यथा बहुत-सी पशु वृत्तियां मनुष्य में भी विद्यमान हैं। हर मनुष्य और मनुष्य-समाज सुख-शांति से रहना चाहता है। तमाम भौतिक सुख-सुविधाएं पैदा करने के बावजूद पशु वृतियों के चलते हिंसक और लालची व्यवहार से मनुष्य एक-दूसरे को कष्ट पहुंचा कर दुखी करता आया है। इसी कारण स्वयं भी दुखी होता आया है। शायद इसी पशु वृत्ति जनित दुःख निवारण के लिए धर्मों का अविष्कार मनुष्य समाज ने किया होगा। जिसमें कुछ आत्म नियमन द्वारा पशु वृतियों के दमन की अपेक्षा करके समाज को सुखी बनाने की चेष्टा की गई है। किन्तु पशु वृतियां धर्मों पर भी हावी हो गईं। धीरे-धीरे यह विचार आने लगे कि मेरा ही धर्म श्रेष्ठ है इसलिए दूसरे के धर्म को निकृष्ट बता कर उसे समाप्त या नियंत्रित करने के प्रयास शुरू हो गए। इससे एक नए प्रकार की भयानक हिंसा का जन्म हो गया। चले थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास- कहावत को चरितार्थ करते हुए सुख और शांति की दिशा में बढ़ने के नाम पर बड़ी हिंसा का शिकार हो गए।

कबीलाई समाज के समय जब मनुष्य समाज उतना विकसित नहीं था तब हिंसा छोटे स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर होती थी। खाना तलाशने, शिकार के इलाके पर आधिपत्य को लेकर एक कबीला दूसरे से टकरा जाता था। जैसे-जैसे मनुष्य विकसित होता गया, वैसे-वैसे उसकी आवश्यकताएँ बढ़ती गईं। फिर टकराव के मौके भी बढ़ते गए। टकराव के शस्त्रास्त्र भी बढ़ते गए। यानी सुख शांति से जीने के हालात कम होते चले गए। पहले लाठी-डंडों से झगड़े निपट जाते थे, फिर भाले तीर, तलवारों की नौबत आ गई और अब महा विनाशक अणुबमों के खतरे में जीने को अभिशप्त हैं। दर्द बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की- यह कहावत चरितार्थ होने लगी। अनेक धर्मों, पंथों ने साधना और धार्मिक नियमन से व्यक्तिगत तौर पर अहिंसक व्यवहार में पारंगत महामानवों को पैदा किया।

# मुरली वाणी

## विचार-प्रवाह

**श्रीगोपाल**

यूं तो देश और दुनिया की प्रायः हर धार्मिक संस्था मानव जीवन के लिए उपयोगी और कल्याणकारी है। माउंट आबू के ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में प्रतिदिन एक ऐसे पत्र को पढ़ा जाता है, जिसे ईश्वरीय वाणी यानी मुरली कहते हैं। इस मुरली रूपी आध्यात्मिक पत्र में परमात्मा को सीधे अपने इस संगम युगी आत्माओं से संवाद करते देखा जा सकता है। यह मुरली विभिन्न भाषाओं में छपकर दुनिया के 140 देशों में एक साथ प्रसारित होती है। मुरली की भाषा कोई भी हो, लेकिन सभी में विचार एक ही होता है।

यह मुरली प्रायः दुनिया में सब जगह स्थानीय समय के अनुसार सुबह, दोपहर, शाम एक ही समय पर पढ़ी व सुनाई जाती है। यह ईश्वरीय वाणी रूप में विचारपत्र जो कि चार पृष्ठों में समाहित होता है, में मानव जीवन की समस्या का समाधान सहज ही मिल जाता है। जो लोग रोज मुरली सुनते या पढ़ते हैं, उनके मन में कोई भी शंका, समस्या, प्रश्न पैदा होता है तो उसका उत्तर उनको हर हालत में विचारपत्र के अंदर ही मिल जाता है। इसके लिए अलग से किसी शिक्षक, गुरु, संत, महात्मा के पास जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। मुरली में पांचों विकारों से मुक्ति के उपाय सुझाये जाते हैं तो इन विकारों को छोड़ने के लिए प्रेरित भी किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मुरली किसी धर्म विशेष का प्रचार नहीं करती, मुरली में हिन्दू सनातन, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध आदि धर्मों की विशेषताओं और उनके प्रति सम्मान भी अभिव्यक्त किया जाता है। तभी तो संस्था में सभी धर्मों से जुड़े लोग श्रद्धा-भाव के साथ दौड़े आते हैं।

**कोई** तो है मेरे अंदर
मुझे संभाले हुए,
बेकरार सा रह कर भी
बरकरार हूं।
**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

मुख्यमंत्री आवास में राज्य के विभिन्न जिलों के सहायक पुलिस कर्मियों से मुलाकात की। उनकी सेवा अवधि विस्तार और अन्य लाभों पर कैबिनेट के निर्णय से वे उत्साहित हैं।
**- हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**





भगवान श्री गणेश के आशीर्वाद से आपका जीवन सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण हो। गणपति बप्पा की कृपा से हर बाधा का समाधान हो, और नए आरंभ के द्वार हम सभी लिए सदा खुले रहें।
**- कल्पना सोरेन, विधायक**

# भारतीय शिक्षा परंपरा और शिक्षक

## सामयिक

**हृदयनारायण दीक्षित**

**शिक्षा** हमारे उत्तम को उभारती है और सर्वोत्तम में प्रकट करती है। लेबनानी चिन्तक खलील जिब्रान की सुंदर पुस्तक है- ह्यप्राफेटह्व। लिखा है, ह्वशिक्षक ने पूछा कि शिक्षा के विषय में बताओ। उसे बताया गया। कोई व्यक्ति तुम्हारे सामने वही उद्घाटित कर सकता है जो तुम्हारे भीतर हो।ह्व शिक्षा हमारे ही सुप्त ज्ञान प्राप्ति का उपकरण है। ज्ञान के लिए चाहिए गुरू। तुलसीदास ने गाया है-ह्वबिन गुरू होंहि कि ज्ञानह्व? इसी तरह शिक्षा के लिए शिक्षक की महत्ता है और ज्ञान के लिए गुरू की।

शिक्षा का शिखर सर्वोत्तम ज्ञान है। ज्ञान का प्रारम्भिक चरण शिक्षा है। शिक्षक का शिखर विकास गुरूत्व है। गुरूत्व विकास का मध्यवर्ती चरण शिक्षक है। गुरू होना हरेक शिक्षक की संभावना है। शिक्षक महत्वपूर्ण है। गुरू को भी शिक्षक होकर ही गुरूत्व मिलता है। बीते 5 सितम्बर को देश में शिक्षक दिवस था। विश्व प्रख्यात भारतीय दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन की जन्मतिथि (5 सितम्बर) शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारत में शिक्षक को गुरू भी कहा जाता है। शिक्षक की भारतीय अनुभूति यही है। उत्तरवैदिक काल अनूठा है। इस काल में तमाम ज्ञान है, कर्मकाण्ड भी हैं। कर्मकाण्ड विरोधी अनेक चिन्तन धाराएं भी हैं। चिन्तन और दर्शन का विकास ध्यान देने योग्य है। इस काल में तैत्तिरीय आरण्यक के सातवें, आठवें और नवें अध्याय को तैत्तिरीय उपनिषद् कहा जाता है। उपनिषद् प्रारम्भ होती है-शिक्षा व्याख्यास्यमः से। यहां शिक्षा की अतिसंक्षिप्त परिभाषा है। कुल तीन छोटे वाक्य हैं। पहला है-वर्णः स्वर। वर्ण स्वर का बोध शिक्षा है। दूसरा वाक्य पढ़ते हैं- मात्रा बलम्। मात्रा का ज्ञान, इन पर बल देने की जानकारी। तीसरा है-साम सन्तानः। गीता प्रेस के अनुवाद में साम का अर्थ वर्णो का समवृत्ति से उच्चारण है और सन्तान का अर्थ संधि है। फिर अंतिम वाक्य है-शिक्षा अध्याय समाप्त हुआ। शब्द ज्ञान श्रेय है पर वही अंतिम नीं। शब्द संसार के ध्वनि प्रतिनिधि हैं। यहां प्रत्येक वस्तु, पदार्थ के लिए शब्द है। इसलिए वे स्वयं एक विराट विश्व हैं। संसार में वन, उपवन, पर्वत और नदी समुद्र हैं। तो शब्द संसार में वन, उपवन आदि शब्द हैं। लेकिन वे प्रत्यक्ष वन, पर्वत आदि नहीं हैं। केला, आम या अंगूर वास्तविकता में सुस्वाद फल हैं। इनके नाम केवल संज्ञा हैं। हमारे संज्ञान में वे मूल पदार्थों के प्रतिनिधि स्वर-वर्ण मात्र हैं। आम खाकर मिठाई का बोध होता है। आम कहकर स्वाद नहीं मिलता। वे केवल नाम हैं। नाम से रूप समझना शिक्षा है और देखकर रूप नाम बोलना भी। नाम, रूप, गुण, व्यवहार आदि का ज्ञान शिक्षा से होता है। शिक्षक यही बोध देते हैं। वे संसार का साधारण परिचय कराते हैं। तैत्तिरीय के ऋषि ने शिक्षा की ठीक परिभाषा की है। ऐसा ज्ञान दुखमुक्ति का उपकरण नहीं हो सकता। गांधीजी ने पीड़ा व्यक्त की है कि गणित, भूगोल, इतिहास आदि जानकर मुझे क्या मिला? गांधी सत्यप्रिय थे। सत्यधर्मा- महान व्यक्ति। विश्व मानव। यह शिक्षा उनके काम नहीं आ रही थी। वे आगे बढ़े, सत्य के साथ हो गये।

मैंने सम्मानित शिक्षकों से विज्ञान पढ़ा। मातृभाषा पढ़ी। माननीय शिक्षकों ने अंग्रेजी भी पढ़ाई। वह मातृभाषा है नहीं सो मात्र-अंश ही समझ में आई। अर्थशास्त्र पढ़ा एमए तक। उत्तम अंक मिले, ज्ञान गंध तो मिली लेकिन तत्व ज्ञान नहीं मिला। दुखिया मन और दुखिया रहा। योरोपीय विद्वान और उन जैसे भारतीय विद्वानों ने भारत के प्राचीन साहित्य को धार्मिक आस्था वाला बताकर षड्यंत्र किया था। वैदिक साहित्य विज्ञान और दर्शन की अनुभूतियों से भरा-पूरा है। यूरोपीय विद्वानों ने भारतीय दर्शन चिंतन को कमतर बताया है।

## कार्टून वर्ल्ड




# महिलाओं के खिलाफ अपराध और उसके मूल कारणों की पहचान

## साहित्य

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

**कोलकाता** में महिला डॉक्टर से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना की विभिन्न माध्यमों जरिये से व्यापक रूप से निंदा की गई। जिसमें सामूहिक सभा, मार्च, वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट आदि शामिल हैं। छेड़छाड़ और बलात्कार हमारी माताओं, बहनों और बेटियों के खिलाफ जघन्य अपराध बन गया है। कभी-कभी आवाज उठाने से समस्या का समाधान नहीं होगा; हमें पहले अंतर्निहित कारणों को समझना चाहिए और सिस्टम व समाज में आवश्यक समायोजन का प्रयास करना चाहिए। इसके कई कारण हैं लेकिन प्राथमिक कारण शिक्षा प्रणाली है।

प्राचीन काल में जब हम गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का पालन करते थे, तब कितने बलात्कार के मामले दर्ज किए गए थे? हो सकता है कि कुछ हों, लेकिन वर्तमान में प्रतिघंटे बलात्कार की संख्या बहुत अधिक है। ब्रिटिश शासन के बाद से हम जिस शिक्षा प्रणाली का पालन कर रहे हैं, वह मैकाले द्वारा तैयार की गई एक पश्चिमी शिक्षा प्रणाली है। इस स्कूल प्रणाली ने कभी भी चरित्र विकास, नैतिकता और नैतिक शिक्षा या शोध और विकास क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित नहीं किया। मैकाले की शिक्षा का प्राथमिक लक्ष्य एक लालची रवैया पैदा करना है जो केवल भौतिकवादी जीवन पर केंद्रित है, जिसमें स्वार्थ प्रेरक के रूप में और समाज और राष्ट्र अंतिम प्राथमिकता के रूप में है। इस शैक्षिक प्रणाली ने अवांछनीय विशेषताओं और लक्षणों के साथ कृत्रिम मशीनों का निर्माण करना जारी रखा है। पश्चिमी संस्कृति महिलाओं को सिर्फ एक वस्तु के रूप में देखती है और हमारे देश में कई दशकों से उनकी शिक्षा प्रणाली का पालन किया गया है इसलिए हमारा दृष्टिकोण उसी तर्ज पर विकसित हुआ है, जैसा कि बॉलीवुड फिल्मों और बिग बॉस जैसे दैनिक टीवी धारावाहिकों से पता चलता है, जिन्हें बड़ी संख्या में दर्शक देखते हैं।

पहली और सबसे महत्वपूर्ण बात जो एक स्कूल बच्चे के कच्चे और मासूम दिमाग से कर सकता है, वह है नैतिक मूल्यों, सामाजिक व्यवहार और राष्ट्र के लिए देशभक्ति की भावनाएँ सिखाना और उनमें पैदा करना, बजाय इसके कि केवल भौतिकवादी जीवन पर ध्यान केंद्रित किया जाए। नैतिक मूल्यों के साथ जीवन कौशल चरित्र विकास के लिए शैक्षिक प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और जब हमारे बच्चों को महान भौतिकवादी अवसर प्रस्तुत भी किए जाते हैं, तब भी नैतिक मूल्य अपरिहार्य हैं। भौतिकवादी विशेषताएँ शिक्षा के बाद के चरणों में आसानी से सीखी और समझी जाती हैं। शिक्षा का यह रूप कैसे दिया जा सकता है?

शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिक और समसामयिक ज्ञान दोनों को शामिल किया जाना चाहिए ताकि एक समग्र मानसिकता और एक नैतिक चरित्र का निर्माण हो जिसमें एक महिला को प्राचीन प्रथाओं के अनुसार देवी के रूप में देखा जाता है। भगवद् गीता को प्रबंधन गुरु के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें मन, बौद्धिक, स्मृति, अहंकार और चेतना के स्तर पर किसी भी मुद्दे को हल करने का रहस्य निहित है। महिलाओं के खिलाफ भयानक अपराध, एक भ्रष्ट मानसिकता और एक आत्म-प्रथम, राष्ट्र-अंतिम दृष्टिकोण को देखते हुए, नई शिक्षा नीति 2020 की तत्काल आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है कि समाज का हर तत्व, विशेष रूप से हमारी महिला शक्ति, हमारी सभी राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों पर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से, कुशलतापूर्वक और तेजी से लागू करने के लिए दबाव डाले।

पश्चिम बंगाल जहां महिला डॉक्टर के खिलाफ भयानक अपराध हुआ, उस राज्य ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने से इनकार कर दिया है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पंजाब और कुछ और राज्यों ने इसे अपनाने से इनकार कर दिया। जब गंदी राजनीति और गंदी मानसिकता लाखों युवाओं के उज्ज्वल भविष्य से अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं, तो समाज को जागना चाहिए और कानूनी और सामाजिक रूप से इस खतरे के खिलाफ लड़ना चाहिए जो हर सामाजिक क्षेत्र और राष्ट्र के लिए अच्छी चीजों को नष्ट कर रहा है।

सभी को एकजुट करने का यही सही समय है ताकि एकजुट लड़ाई समाज और राष्ट्र के हित में किसी भी नीति या व्यवस्था के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करे।

## लेटर टू एडिटर

### अनुचित आरोप

**वायु** प्रदूषण को लेकर पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को कोसा। वह अमेरिका में प्रदूषण न होना बता कर हर बार जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भारत, चीन और रूस पर आरोप लगाते आये हैं। वायु प्रदूषण के अलावा अमेरिका में ध्वनि प्रदूषण भी ज्यादा है। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सभी देशों की समान जिम्मेदारी है। यह किसी एक देश के लिए चुनौती नहीं है।

**- विवेक सिन्हा, बरही**

### आत्मघात की त्रासदी

**उच्च** शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद रोजगार के अभाव में आत्महत्या की समस्या को उजागर किया गया है। नवयुवकों और उनके अभिभावकों की उच्च महत्वाकांक्षाएं पूरी नहीं होने पर वे आत्महत्या की ओर बढ़ जाते हैं। समाधान के लिए, विद्यार्थियों को ऐसे क्षेत्रों में पढ़ाई करनी चाहिए जहां रोजगार के अवसर अधिक हों।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

# कटकमसांडी में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आगाज

## खिलाड़ी अनुशासित होकर खेलें, अपनी प्रतिभा को निखारें : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट कटकमसांडी का रविवार को शानदार आगाज हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने पहली बार सांसद बनने के बाद सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र के 22 प्रखंडों में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विस्तार किया। इससे पहले हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रहते हुए मनीष जायसवाल ने साल 2016 से इस टूर्नामेंट की शुरूआत कराई थी। जायसवाल टूर्नामेंट में शामिल होने वाले सभी खिलाडियों को आकर्षक नमो जर्सी और सभी टीमों को फुटबॉल भेंट करने के साथ प्रतियोगिता के विजेता टीम को 25 हजार रुपए का नगद राशि और बेहद आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए नगद और आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट किया जाता है। टूर्नामेंट ने क्षेत्र में कम समय में बेहद लोकप्रियता हासिल की है और झारखंड का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट बनकर उभरा है। कटकमसांडी स्टेडियम में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, डॉ अमित कुमार सिन्हा, शेफाली गुप्ता, सांवरमल अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्तकर, फुटबॉल में किक मारकर और मैदान में फुटबॉल खेलकर इस टूर्नामेंट का विधिवत आगाज किया। आगाज होते ही मैदान परिसर पटाखों को गूंज से गुंजायउक्त टूर्नामेंट में कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के करीब 70 टीमों ने भाग लिया। टूनार्मेंट का पहला मैचबहिमर टीम बनाम बंझिया टीम के बीच खेला जा रहा है। टूर्नामेंट में निर्णायक के रूप में विकास कुमार, रंजीत अग्रवाल, ओमकार रॉय, साजन सिंह, अंतिम रजक हैं। जायसवाल ने बताया कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट सदर विधानसभा क्षेत्र से ही हुआ था, जिसका विस्तार अब संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में हो चुका है। रामगढ़ के गोला, मांडू के घाटो और कुजू में समापन हो गया है और बाकी जगहों पर भी फुटबॉल का महाकुम्भ होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट के आयोजन का एकमात्र उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभा को निखारकर उन्हें उचित प्लेटफार्म दिलाना है। जायसवाल ने खिलाड़ियों से कहा कि यह टूर्नामेंट है ना की कोई जंग का मैदान है। इसीलिए खेल को अनुशासित होकर खेल भावना से ही खेलें और अच्छे खिलाड़ी होने का परिचय दें। उन्होंने उन्होंने कहा कि विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा का आयोजन क्षेत्र में जारी रहेगा ताकि खेल प्रतिभा को उचित मान-सम्मान के साथ मंच मिल सके। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि फुटबॉल के क्षेत्र में हजारीबाग का नाम अंतरराष्ट्रीय फलक पर रेफरी के स्तर से है विश्वास है कि जल्द ही हजारीबाग के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी जलवा बिखेरेंगे। भाजपा नेता सांवरमल अग्रवाल ने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल खेल- खिलाड़ियों के उत्थान और विकास के लिए समर्पित हैं। डॉ अमित सिन्हा ने कहा कि खेलेगा हजारीबाग तभी बढ़ेगा हजारीबाग के सर्वांगीण विकास के लिए सांसद कटिबद्ध हैं। शेफाली गुप्ता ने भी जायसवाल के इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन- मन के लिए खेल आवश्यक है। मौके पर विशेषरूप से कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजपा जिला मंत्री रीतालाल प्रसाद यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कुजू में अवैध स्क्रैप लदा ट्रक जब्त, तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता





**कुजू।** एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक संख्या (जेएच 02 एए 9786) में अवैध लोहा स्क्रैप लोड कर हजारीबाग की तरफ भेजा जा रहा है। उन्होंने तत्काल कुजू ओपी पुलिस को नाकेबंदी करने का निर्देश दिया। उनके निर्देश पर कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे के द्वारा एनएच 33 पर कुजू पुराना रोड डायवर्शन मोड़ के पास वाहन जांच अभियान शुरू किया गया। रामगढ़ की तरफ से आ रहे हैं एक 12 चक्का ट्रक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन ट्रक चालक पुलिस पार्टी को देखकर अपनी गाड़ी को तेजी से भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उस ट्रक को पकड़ा। इस दौरान तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसमें मांडू थाना के हुवाग गांव निवासी खुर्शीद अंसारी उर्फ छोटे, रामगढ़ शहर के गोलपार निवासी सिराजुद्दीन कुरेशी उर्फ राजू कुरैशी और कुजू ओपी के रतवे गांव निवास नरेश ठाकुर उर्फ गल्लू ठाकुर शामिल हैं। ट्रक पर लगभग 900 किलोग्राम अवैध स्क्रैप मौजूद था। पुलिस ने अवैध रूप से स्क्रैप परिवहन करने के आरोप में तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### टूंगरी में 56 टन अवैध कोयला जब्त



**कुजू।** महुआ टुंगरी के जंगलों से भारी मात्रा में कोयला जब्त। सीसीएल सुरक्षा विभाग को सूचना मिली थी कि महुआ टूंगरी के पास अवैध तरीके से कोयला का भंडारा किया गया है। कुजू पुलिस और सीसीएल सुरक्षा विभाग ने करीब 56 कोयला जब्त किया। जब्त कोयला करमा परियोजना के डिपो में रखा गया। 5 अवैध मुहाना को बंद किया गया। अभियान में थाना प्रभारी दिगंबर पांडेय, सअनि वीरेंद्र कुजूर, क्षेत्रीय सुरक्षा गश्ती दल से हेमंत कुमार सिंह, मुकेश कुमार, अजय कुमार, बिट्टू सिंह, बाबूजी, रॉकेट मुर्मू, चंद्र प्रकाश मुर्मू करमा परियोजना से खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह, यासर यराफत, सोहन आदि शामिल थे।



### सांसद व डीसी ने गणेश महोत्सव में हुये शामिल



**कुजू।** सांसद मनीष जायसवाल शनिवार देर रात दिगवार फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित श्रीगणेश महोत्सव में शामिल हुए। समिति ने उन्हें अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। जायसवाल ने भगवान गणेश का पूजा अर्चना व दर्शन कर क्षेत्र वासियों के लिए सुखमय जीवन की कामना की। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार सेवटा मंदिर परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने तीन दिवसीय गणेश महोत्सव के मौके पर गणेश पूजा पंडाल का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात उन्होंने भगवान श्री गणेश का दर्शन कर आशीर्वाद मांगा।

## टाटीझरिया में लगा आपके द्वार शिविर

**टाटीझरिया ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय टाटीझरिया परिसर में रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर को उद्घाटन सिनियर डिविजन जज विवेक कुमार , ज़िला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, एल एस सौरभ कुमार , टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ रश्मि खुश्बू मिंज,सीओ नीलू टुडू, बीओ सुधीर राय,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह, स्थानीय मुखिया सुरेश यादव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । वही शिविर स्थल में टाटीझरिया के जेएसएलपीएस के ओर से 13 सखी मंडल के बीच 45 लाख के परिसंपत्ति चेक डमी दिया गया। अबुआ आवास का आवेदन , मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का आवेदन, सावित्री बाई फुले किशोरी संबृधि योजना का आवेदन, जाति आय आवासीय कृषि पशुपालन द्वारा गाय मुर्गी बकरी सुअर का आवेदन , राशन कार्ड संशोधन लोगों को किया गया । राजस्व विभाग द्वारा जाति आय आवासीय, एवं रसीद निर्गत किया गया ,स्वास्थ्य विभाग द्वारा , शुगर , बीपी जांच कर लोगों को दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थानीय मुखिया सुरेश यादव ने जनता के बीच भागीदारी निभाया। सभी जनता का आवेदन में हस्ताक्षर मुखिया द्वारा किया गया। सीनियर जज विवेक कुमार ने कहा कि यह सरकार का यह योजना से सभी जनता का लाभ मिलेगा ।बीडीओ रश्मि खुश्बू मिंज सी ओ नीलू टुडू ने कहा कि यह सरकार का महत्वकांक्षी योजना है, मनरेगा कर्मी, मुखिया, प्रखंड कर्मी हड़ताल पर है। फिर भी हमलोग जनता के काम को आगे बढ़ा रहे हैं। इस कार्यक्रम में कैलाशपति सिंह , मिथलेश पाठक ,कर्मचारी मनीष कुमार, राकेश कुमार, अमित मोहन , रमा कुमारी , शिव कुमार, नवनीत कुमार , मनीषा कुमारी व अन्य शामिल थे।

# पीवीयूएनएल पतरातू में प्रेस मीट आयोजित

## प्रबंधन ने पत्रकारों को विकास कार्यों की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल पतरातू द्वारा शनिवार को स्थानीय और राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधियों के साथ अपने संबंधों को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से पीटीपीएस स्थित सुभाष चंद्र बोस हॉल में प्रेस मीट का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से करीब 30 मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम मीडिया और पीवीयूएनएल प्रबंधन ने एक-दूसरे का परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत में हेड एचआर जिआउर रहमान ने मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इसके बाद संतोष कुमार सिंह एसएम (आरएंडआर) द्वारा प्राजेक्टर के माध्यम से व्यापक प्रस्तुति दी गई। जिसमें पीवीयूएनएल पावर प्लांट के महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया। इसमें सीएसआर के पहलों, प्लांट संचालन और स्थानीय विकास के गतिविधियों का विवरण शामिल था। इस प्रस्तुति में पीवीयूएनएल द्वारा उठाए गए सभी गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला गया। जिसमें अवसंरचना, महिला सशक्तिकरण प्रशिक्षण, निर्माण परियोजनाएं और अन्य सामुदायिक कार्यक्रम शामिल थे। पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए झारखंड के लिए परियोजना के महत्व को साझा किया। उन्होंने बताया कि पीवीयूएनएल ने समुदाय के विकास में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि पावर प्लांट क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक वृद्धि को कैसे बढ़ावा देगा। इसके बाद एक खुला फोरम सत्र हुआ। सीईओ आरके सिंह ने प्लांट निर्माण, सभी आउटरीच, ऐश डायिंग प्रबंधन, ऐश उपयोग, रोजगार सृजन आदि से संबंधित सवालों के जवाब दिए। मीडिया प्रतिनिधियों ने भी प्रबंधन से कई प्रश्न पूछे। जिसका प्रबंधन ने सकारात्मक जवाब दिया। धन्यवाद ज्ञापन राजेश डुंगडुंग ने किया। मौके पर जीएम ओएंडएम देवदीप बोस, प्रोजेक्ट जीएम अनपुम मुखर्जी, सीएंडटी जीएम रविन्द्र पटेल, जीएम माईनिंग क्रोविदि चंद्रशेखर, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, पीआरो लाची गोला मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हेमंत का वादा खोखला : तिवारी महतो



**कुजू।** प्रभात तारा मैदान धुर्वा,रांची में आजसू का झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में मांडू विधानसभा से हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने सैकड़ों वाहनों से कार्यकर्ताओं को रवाना किया। तिवारी महतो ने कहा कि सभा में सुदेश महतो बेरोजगारों के बॉयोडाटा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौपेंगे। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि झारखंड के 5 लाख युवकों को नौकरी दिया जाएगा। वहीं बेरोजगारियों को सालाना भत्ता भी दिया जाएगा। लेकिन आज तक उनका वादा पूरा नहीं हुआ। संकल्प सभा में तेजनाथ महतो, नरेश महतो, रामभजन लाल महतो, जय किशोर महतो, गुड्डू सिंह समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### लारीकलां पंचायत में लगा शिविर



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के लारीकलां पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर लगा। शिविर में कई स्टॉल लगाए गये। शिविर में बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, मुखिया सरस्वती देवी एवं उप मुखिया सुहो देवी मौजूद थे. मौके पर बीडीओ, मुखिया एवं उप मुखिया ने लोगों को सहयोग करने की अपील क। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर सीडीपीओ रेणु कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी चित्रा सिंह मुंडा, कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार महतो, पूर्व शिक्षक पुन्नू राम नायक, विशुन करमाली, राज अग्रवाल, मुमताज अंसारी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेवा मंच ने रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को पाव-भाजी खिलाया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है और यही मानव धर्म भी है। उन्होंने बताया कि पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा जन सहयोग के माध्यम से गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, रिंकू वर्णवाल, उदयभान दुबे, जितेंद्र मंडल, लालू सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

### गणेश पूजा में शामिल हुईं अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री गणेश पूजा महोत्सव को लेकर गणपति बप्पा मोरया...... देवा हो देवा गणपति देवा.. आदि भक्ति गीतों से भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास का ग्रामीण क्षेत्र गूंजता रहा। गणेश महोत्सव में शनिवार शाम विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुईं। विधायक ने पूजा-अर्चना की। साथ ही भगवान गणेश के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। अंबा प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन भी होता है।मौके पर विधायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडेय, मिथलेश सोनी, मंटू सोनी, राज देव, संजय साव, सिकन्दर कुमार, दीपक कुमार, राहुल कुमार सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

### भुरकुंडा में श्याम महोत्सव 14 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** खाटूवाले श्री श्याम प्रभु जी का महोत्सव 14 सितंबर को भुरकुंडा में होगा। श्री श्याम सखा द्वारा आयोजित यह 11वां महोत्सव है। श्री खाटू वाले बाबा के पावन महोत्सव पर श्री श्याम प्रभु के दिव्य शिश का आलोकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत, सवामनी भोग, छप्पन भोग, महाभोग, श्याम रसोई के संग भजनों की अमृतवर्षा एवं मधुर कर्णप्रिय संगीत के साथ भक्ति एवं ज्ञान की रस गंगा प्रवाहित होगी। कलकत्ता की स्वर कोकिला सरिता ओझा, धनबाद से मिनू चौधरी, टाटानगर से मुकुंद पांडेय तथा भागलपुर से राहुल सोनी बाबा के दरबार में हाजरी लगाने आ रहे है। अखंड ज्योत, भव्य दरवार, इत्र वर्षा तथा श्याम संग पुष्पों की होली जैसे विराट कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### बरही प्रखंड कार्यालय में लगा शिविर

**बरही।** बरही प्रखंड कार्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार और आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर लगा, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सिंधु नाथ लंबे, प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, सीओ रामनारायण खलखो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सिंधु नाथ लंबे ने कहा कि जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक अपने हक एवं अधिकार से वंचित रहेंगे। न्यायालय आपकी सेवा के लिए है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की जरूरत है। इस दौरान साईबर फ्रॉड से बचने, महिलाओं पर घरेलू हिंसा, सडक हादसे में मुआवजा, जमीन-जायदाद आदि संबंधित मामलों की जानकारियां दी।

## एक नजर में

### होलंग में विराट कर्मा महोत्सव का आयोजन



**टाटीझरिया ।** होलंग खेल मैदान में झारखंडी भाषा खतियान समिति के बैनर तले विराट कर्मा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंडी महापर्व कर्मा वृक्ष के डाली को पूजा कर संथाली परम पराओ गीत नृत्य के साथ किया गया।मंच संचालन संगठन के जिला उपाध्यक्ष बालेश्वर महतो ने किया । जहां कार्यक्रम स्थल पर कार्यकताओं के संग क्षेत्रवासियों का काफी भीड़ देखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयराम महतो ने क्षेत्रीय भाषा में लोगो को अपने संबोधन में राज्य जिला प्रखंड,पंचायत विकास के समस्याओं से अवगत कराया और कहा की सबको देखा बार बार,मुझे भी मौके दे एक बार मैं नेता नहीं बल्कि क्षेत्र का बेटा बनकर कर विकास कार्य करेंगे। यह बोलकर उन्होंने आने वाले आगामी कर्म पर्व को लेकर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरजू साव,बालेश्वर महतो,प्रकाश ,सानिया प्रवीण,मुकेश , माही पटेल,मनोज ,संतोष टुड्डू,निरंजन कुमार,रोहित,महेंद्र भारती,कमल दास, देव गंगा,पिंटू,महेश,बसंत, भुनेश्वर दांगी,बसंत कुमार,गजानंद ठाकुर,किरण देवी समेत अन्य कई कार्यकर्ता जुटे थे।

### एनटीपीसी सीकरी कार्यालय में हुयी गणेश पूजा

**बड़कागांव।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह और बादाम कोयला खनन परियोजना में गणेश चतुर्थी उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दोनों परियोजनाओं से बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया, पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब और बादाम कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के बिजनेस यूनिट हेड अरुण कुमार सक्सेना ने मौके पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनकी भागीदारी ने उत्सव की महत्ता को और बढ़ा दिया,जिससे कर्मचारियों के बीच एकता और सामुदायिक भावना का संचार हुआ। कर्मचारियों ने मिलकर भगवान गणेश की पूजा की। जिससे भक्ति और आनंद के साथ उत्सव की शुरूआत हुई। इस आयोजन ने संगठन के भीतर सांस्कृतिक विविधता और आपसी सहयोग को उजागर किया। मौके पर कर्मचारियों ने धार्मिक अनुष्ठानों और समारोहों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

### मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष को सौंपा नियुक्ति पत्र



**हजारीबाग।** ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस की बैठक सह सम्मेलन जिला अध्यक्ष मो जहांगीर अंसारी की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। इसमें राष्ट्रीय सचिव डॉ अनवर हुसैन, जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी सहित प्रदेश उपाध्यक्ष आबिद हुसैन अंसारी, प्रदेश महासचिव सलीम रजा प्रदेश सचिव हाजी कमरुद्दीन अंसारी एवं तसव्वर अंसारी ने शिरकत की। नवनियुक्त अध्यक्ष मो जहांगीर अंसारी को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नुरूल होदा ने कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस को सबसे ज्यादा शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है।मौके पर शहीद शेख भिखारी की परपोती इंतेशाम अली सम्मानित किया गया। गुलाम हुसैन ने मोमिनो की एकता राजनीतिक हिस्सेदारी और राजनीतिक भागीदारी पर बात की। कार्यक्रम में अब्दुल वदूद अंसारी, आबिद अंसारी, अधिवक्ता मो आफताब आलम , अधिवक्ता मो सिराज अंसारी इसाक अंसारी सहित अन्य शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता मो आफताब आलम ने किया।

### कारीमाटी में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बरही।** पंचमाधव कारीमाटी में 63 केवीए क्षमता के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन पंचायत प्रतिनिधियों ने किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए बिजली एक अहम कड़ी है और यह नया ट्रांसफार्मर गांव के हर घर में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे बिजली का सही उपयोग करें और इसका दुरुपयोग न होने दें।

### ईद मिलादुन्नबी को लेकर अलगडीहा में बैठक

**बरही।** अलगडीहा मोहम्मदी ग्राउंड में एक बैठक हुई, 16 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी, हजूर सालालहू अलेहे वा सलम की पैदाइश की खुशी में कार्यक्रम मनाने की योजना पर चर्चा की गई। इसकी अध्यक्षता मुफ़्ती मुजाहिद साहब ने की, संचालन अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम ने किया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 16 सितंबर को जुलूस शांति के साथ निकलेगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इस दौरान बच्चों के लिए इल्म हासिल करने की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, ओलमा का प्रवचन और तकरीर भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। अतिथियों का स्वागत करने के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। इस बैठक में कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें पूर्व पंचायत समिति सदस्य जमीर उद्दीन, पप्पु खान, सदर अब्दुल कैयूम, हाफिज तैयाब, मौलाना हुसैन, असगर गायवी साहब शामिल थे।

### खोंडाहार के युवक की कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में मौत

**बरही।** खोंडाहार निवासी निरंजन चंद्रवंशी के पुत्र सौरभ कुमार की कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सौरभ ट्रक ड्राइवर था और दुर्घटना के दौरान ट्रक के ब्रेक फेल हो जाने से वह हादसे का शिकार हो गया। ट्रक पेड़ से टकराने के बाद पलट गया, जिससे सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कंपनी के मैनेजर और समाजसेवी अनूप कुमार ने तत्परता से सौरभ को हुबली स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तीन दिन की कड़ी कोशिश के बावजूद सौरभ की जान नहीं बचाई जा सकी। सौरभ की मौत की खबर सुनकर पूर्व विधायक मनोज यादव शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। जीप प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता सह प्रखर वक्ता रंजीत चंद्रवंशी, ग्राम प्रधान उमेश सिंह, ऋतुराज सिंह, महेश सिंह, संतोष सिंह, संदीप सिंह, संदीप चन्द्रवंसी, अरविंद कुमार विक्की, राकेश सिंह, अनूप कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने ईश्वर से सौरभ की आत्मा की शांति और उसे अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

**शपथ पत्र**

मैं मो० गुल्जार पिता स्व. जहीरउद्दीन उम्र लगभग 40 वर्ष धर्म इस्लाम निवास स्थान मंडई कला पो सुधार विद्यालय, थाना लोहसिंघना जिला हजारीबाग शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि :

1. यह की सना नाज मेरी पुत्री है जिसका जन्म हजारीबाग में हुआ। तथा सना नाज की माता मेरी पत्नी का नाम रूबी प्रवीण है।
2. यह कि मेरी उक्त पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र सदर अस्पताल हजारीबाग द्वारा निर्गत है जिसका रजिस्ट्री करण संख्या 292जो आफ लाईन निर्गत है। तथा मेरी पुत्री का उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मुन्नी दर्ज है जिसे सुधार करते हुए सना नाज किया जाय।
3. यह कि मेरी पुत्री का ऑन लाईन जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है इसलिए यह शपथ पत्र किया जा रहा है।

सत्यापित
मो गुलजार
मैं मो. गुल्जार सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त सारी बाते मेरी जानकारी में सही व सत्य है तथा सही लिखा पाकर आज दिनांक 20.07.24 को हजारीबाग मे अपना हस्ताक्षर बनाया।

स्पीड न्यूज

## टंडवा में दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला आज

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में आज झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में चतरा जिला नियोजनालय द्वारा एकदिवसीय दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव ने बताया कि चतरा नियोजनालय द्वारा कई निजी कंपनियो में लगभग ढाई हजार से अधिक बेरोजगार युवकों को रोजगार दी जाएगी। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा । उन्होंने प्रखंड वासियों से रोजगार मेला में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

## आंदोलनकारियों को सम्मानित नहीं किए जाने से रोष

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा। टंडवा प्रखंड के लगभग 40 झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित नहीं किए जाने से पेंशनधारी आंदोलनकारियों में भारी रोष है। झारखंड राज्य को अलग करने के लिए झारखंड आंदोलनकारियों ने बहुत ही शारीरिक और आर्थिक कष्ट सहे और जेल में बहुत बुरा समय बिताया। लेकिन अभी तक चतरा के डीसी द्वारा उन्हें मान-सम्मान और प्रशस्ति पत्र नहीं दिया गया है। आंदोलनकारी कामेश्वर पांडे का आरोप है कि जिन्होंने जंग लड़ी, वे उपेक्षित हैं। टंडवा प्रखंड के प्रखंड पदाधिकारी या अंचलाधिकारी ने भी उन्हें सम्मानित नहीं किया है। सरकार द्वारा चिन्हित किए गए झारखंड आंदोलनकारियों को अविलंब प्रशस्ति पत्र और सम्मानित करने की मांग झारखंड सरकार से की गई है।

## पत्रकार की मां का आकस्मिक निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

(कोडरमा)। खबर मंत्र के पत्रकार उमा शंकर की मां 80 वर्षीय पार्वती देवी का रविवार को लखिबागी फरेंदा स्थित अपने आवास पर आकस्मिक निान हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थी और रांची से उनका इलाज चल रहा था। वे अपने पीछे दो पुत्र, तीन पुत्रियां समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनके आकस्मिक निधन के बाद उनके शव को पैतृक निवास रजौली ले जाया गया, जहां स्थानीय मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। पत्रकार की मां के आकस्मिक निधन पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है। इसके अलावे खबर मन्त्र के अनिल पांडेय, मो.शाहिद, दीपक सिंह, मुकेश राणा, लखन सिंह, मुकेश बर्णवाल, मुन्ना कुमार, देवेन्द्र कुमार आदि ने भी शोक प्रकट किया।

### हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वाधान में चल रहा था समारोह

# दस दिवसीय बंबू क्राफ्ट प्रशिक्षण का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वाधान में चल रहे दस दिवसीय बंबू क्राफ्ट प्रशिक्षण रविवार को समाप्त हो गया। इस प्रशिक्षण में कुल 30 प्रतिभागियों ने बांस से हस्त निर्मित कई वस्तुओं को बनाने की कला को जाने तथा उन्हें बनाए। वहीं प्रशिक्षक के रूप में रामचंद्र राम के द्वारा महिलाओं को उत्पादन, बिक्री तथा अपने व्यवसाय के प्रति लेखा जोखा रखने की कला भी सिखाई गई। वहीं समापन समारोह में हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन




के द्वारा महिलाओं को अपने उद्यम स्टार्ट करने के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने कहा कि महिलाओं को बाजार से जोड़ने के लिए संस्था हर संभव प्रयास करेगी। वहीं सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने कहा कि किसी भी सफल व्यवसाय में कौशल का बड़ा योगदान होता है। आप सबको पिछले 10 दिनों तक कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया आप सब इसका भरपूर लाभ उठाएं और अपने-अपने उद्यम को विकास की गति पर ले जाएं। प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरण किया गया। वहीं प्रशिक्षणार्थियों ने भी प्रशिक्षक को उपहार भेंट किया। मौके पर राजेश कुमार, ममता कुमारी, पिंकी देवी आदि मौजूद थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत

# लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सतगावां प्रखंड के ईटाय, डोमचांच प्रखंड के पुरनाडीह, कोडरमा प्रखंड के पांडेयडीह, चंदवारा प्रखंड के भोंडो, जयनगर प्रखंड के कटिया व गड़गी एवं मरकच्चो प्रखंड के कादोडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। सभी प्रखंडों में आयोजित शिविर में बीडीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं बीडीओ ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें। आपकी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए योग्य एवं आहर्ता रखने वाले लाभुकों को योजना का लाभ दिया जायेगा। वहीं उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये हैं, अपनी अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दें। इसके साथ ही बीडीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। लाभुकों के बीच कल्याण मंच से अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशारी समृद्धि योजना, साईकिल वितरण, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस के सखी दीदियों को आई कार्ड और क्रेडिट लिंकेज का चेक आदि का वितरण किया गया। शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं यथा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संर्वान योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत लंबित दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने, भूमिमापी के लंबित मामलों का निष्पादन एवं लगान रसीद निर्गत करने संबंधी आवेदन लिया गया।

**आज यहां लगेगा शिविर :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को सतगावां प्रखंड के अंबाबाद, डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया, कोडरमा प्रखंड के खरकोटा, चंदवारा प्रखंड के बड़की धमराय, जयनगर प्रखंड के डंडाडीह एवं नईटांड और मरकच्चो प्रखंड के पपलो पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## 17 लाख के चेक का वितरण

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत पंचायत कादोडीह सचिवालय में रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सीओ परमेश्वर कुशवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. राकेश कुमार, मुखिया केदार यादव, उप मखिया राजेन्द्र प्रसाद वर्मा की देखरेख में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं शिविर में जेएसएलपीएस के द्वारा 34 महिला समूह को दिए जा रहे 17 लाख के चेक का वितरण किया गया। साथ ही दो बच्चों का मुंहजुठी व एक गर्भवती महिला का गोद भराई कार्यक्रम किया गया। शिविर में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, खाद्य सुरक्षा, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन, मनरेगा, उद्योग, राजस्व, दीदी बाड़ी, स्वास्थ्य आदि योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 854 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं कुछ आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। मौके पर नन्दकिशोर, श्याम सुंदर प्रसाद, जहेन्द्र भगत, चितरंजन कुमार, प्रदीप शर्मा, सोनी कुमारी, पूजा कुमारी, माधुरी कुमारी, गणेश यादव, बिहारी महतो, संजय राम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# झुमरी तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 20 से सटे झुमरी तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 32 वर्षीय पप्पू वर्मा पिता द्वारिका महतो गुमों बरवाडीह निवासी के रूप हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कुछ दिन पहले अपने ससुराल गया था, जहां उसके साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद वह अपने घर भी लौटा था, मगर इस घटना के बाद वह मानसिक तनाव में था। पिछले दो दिनों से वह अपने घर में भी नहीं था। परिजन लगातार उसकी खोजबीन भी कर रहे थे। इसी बीच रविवार सुबह झुमरी तालाब में उसका शव देखे जाने की सूचना परिजनों को मिली। सूचना पाकर तिलैया थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां चिकत्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों सौंप दिया।

# 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने किया पीडीएस दुकान का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के बारियातु में 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव ने दो पीडीएस दुकानों, लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह और भुनेश्वरी देवी पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया और राशन वितरण पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने राशन कार्ड धारियों से राशन से संबंधित जानकारी जुटाई और राशन कार्ड धारियों ने राशन सही मात्रा में मिलने की पुष्टि की। 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने पीडीएस दुकान संचालकों को समय से खाद्यान्न उठाव कर समय से वितरण करने का निर्देश दिया।

एक नजर में

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति परोका कला में बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी (चतरा)। प्रखंड क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति परोका कला गांव में गोतम सिंह के अध्यक्षता में बैठक की गई। सर्वसम्मति से गौतम सिंह को अध्यक्ष बिजेश प्रसाद को सचिव, रणधीर सिंह को कोषाध्यक्ष, रंजीत सिंह, श्यामसुंदर राणा एवं अजय पासवान को उपाध्यक्ष, सुनील राणा एवं संजय सिंह को पूजा प्रभारी, अनिल राणा को रावण दहन प्रभारी, राहुल सिंह एवं उत्तम राणा सुमन सिन्हा को चंदा प्रभारी नियुक्त किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बढ़-चढ़कर पूजा पाठ किया जायेगा। इसके लिए समिति का गठन कर लिया गया।इस वर्ष रोमियो टेंट हाउस के द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण वही लाइट एवं साउंड पवन लाइट के द्वारा लगाया जायेगा।

बैठक में मुख्य रूप से बसंत नारायण सिंह, गिरजेश प्रसाद, विजय सिंह, सुधीर सिंह अभिमन्यु राणा, समीर सिन्हा, विकाश राणा, अनिल राणा, दीपक कुमार, राजू सिन्हा, पवन सिंह, सुमन सिन्हा, दीपक यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## भाजपा की बैठक में बूथ को मजबूत बनाने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गाँव में दुर्गा मंडप के पास रविवार को भारतीय जनता पार्टी के बूथ शक्ति केंद्र की बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार के निदेर्शानुसार आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता उप प्रधान प्रीतम यादव ने की और संचालन संतोष कुमार दांगी ने किया। बैठक में आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथों को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। उप प्रधान ने सभी कार्यकताओं से बूथों को मजबूत करने के लिए अपने-अपने सुझाव देने को कहा।

बैठक में पूर्व मुखिया जोगिंदर सिंह, प्रसादी पासवान, बृजेश सिन्हा, देव कुमार दांगी, विनोद साहू, दामोदर दांगी, ब्रह्मदेव यादव और दशरथ रविदास सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गणेश उत्सव को लेकर क्षेत्र में भक्ति का माहौल

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में गणेश उत्सव शनिवार को पूजा अर्चना के साथ शुरू हो गया। वहीं प्रखंड के ग्राम जामु में बाल गणेश पूजा समिति नदी पर, गणपति पूजा समिति जामु, गणेश पूजा समिति सिमरिया, दरदाही बाजार व गणेश पूजा समिति चोपनाडीह समेत कई गांव में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। वहीं गणेश महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को पूजा पंडालो में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूजा पंडालों में बज रहे भक्ति गीत माहौल को भक्तिमय बना दिया है।

## सत्यानन्द भोक्ता ने सरकार आपके द्वार के तहत विशेष शिविर का किया शुभारंभ



खबर मन्त्र संवादाता

चतरा। राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने रविवार को कान्हाचट्टी प्रखंड के बेंगोकला पंचायत के ग्राम डुमरिया कोटाप स्थित फाँडी मैदान में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित विशेष शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में मंत्री श्री भोक्ता ने सभी विभागीय स्टॉल का निरीक्षण किया और लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विशेष शिविर के आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि सरकार गरीबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। गरीबों के उत्थान के लिए ऐसी योजनाएं इतिहास में पहली बार चलाई जा रही हैं।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय, उपविकास आयुक्त पवन मंडल, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, प्रखंड प्रमुख इंदु देवी, मुखिया सोनिया देवी, मुखिया विकास सिंह, मुखिया अंचला देवी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा पूजा मानने को लेकर कमेटी का गठन





खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। प्रखंड क्षेत्र के सबानो गांव में विश्वकर्मा पूजा को लेकर बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अर्जन राणा ने की। बैठक में गोपाल राणा को अध्यक्ष, विकास कुमार राणा को सचिव और ईश्वरी राणा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस गांव में पिछले 50 वर्षों से विश्वकर्मा पूजा मनाई जा रही है। पूजा के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुकेश कुमार राणा को उपाध्यक्ष, चंदन कुमार राणा को उप सचिव, भरत कुमार राणा को उपकोषाध्यक्ष और अर्जुन राणा, रामदेव राणा, बीरबल राणा, उमेश राणा, हरी राणा, प्रमोद राणा, देनारायण राणा आदि को संरक्षक बनाया गया है। बैठक में विकेश राणा, प्रेम राणा उर्फ केजरीवाल आदि लोग भी उपस्थित थे।

# झुमरीतिलैया के फुटपाथी दुकानदारों से अवैध वसूली पर लगे रोक : सईद नसीम

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। कांग्रेस नेता सईद नसीम से नगर परिषद् झुमरीतिलैया प्रशासक पर आरोप लगाते हुए कहा कि फुटपाथी दुकानदारों को डरा-धमकाकर अवैध रूप से अवैध लोगों द्वारा चुंगी वसूलने के खेल में सहभागी नगर प्रशासक के देख-रेख में तेजी से फल फूल रहा है। नप क्षेत्रों में ठेले और टोकरी में दिन भर कड़ी मेहनत कर फल-सब्जी बेचने वालों को अपनी कमाई का एक हिस्सा जबरन नप के अनाधित लोगों से वसूली किया जा रहा है। एक तरफ जहां राज्य सरकार गरीबों के मदद करने में योजनाएं बना रही है, वहीं नगर परिषद् इन लोगों से खुले आम लूट-खसोट में संलिप्त हैं। हैरानी की बात यह है कि यह अवैध उगाही प्रशासक के लिखित आदेश पर अशोका होटल के पीछे सब्जी बाजार के नाम पर पूरे शहर में अवैध वसूली नगर परिषद के देख-रेख में बंदोबस्ती होल्डर के आदमी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुंगी के नाम पर फुटपाथी दुकानदारों को डरा धमकाकर अवैध पैसे वसूलने वालों के विरुद्ध अविलंब कार्रवाई की जानी चाहिए और तत्काल इसपर रोक लगनी चाहिए। एक फुटपाथ विक्रेताओं को नियमित जगह आबंटित नहीं किया गया है और मनमानी तरीके से अवैध वसूली किया जा रहा है। दिये गये रसीद में न तो स्थान अंकित है न दुकान नम्बर न ही लेने वालों का हस्ताक्षर। उन्होंने अपने बयान में कहा कि झुमरीतिलैया अंतर्गत अशोका होटल के पीछे सब्जी बाजार की बंदोबस्ती 13 लाख में की गई जबकि अशोक होटल के पीछे की मात्र 75 दुकान है। प्रतिदिन निर्धारित राशि 20 रुपए प्रति दुकान है और करीब 5 चलंत व 5 टोकरी से बिक्री करने वाले यानी कुल वसूली राशि 75.25+5.20+5.10 = 2025 रुपए होता है।

## बाजार टांड़ दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने राजू राही, अन्य पदधारी भी चुने गये



खबर मन्त्र संवादाता

टंडवा (चतरा)। बाजार टांड़ दुर्गा मंडप परिसर में शनिवार को ग्रामीणों की बैठक में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष पद के लिए राजकुमार उर्फ राजू राही और विशुनदेव सोनी ने अपनी इच्छा जताई। पहली बार चुनाव प्रक्रिया अपनाते हुए मतदान हुआ जिसमें राजू राही को 31 और विशुनदेव सोनी को 10 मत मिले। राजू राही को अध्यक्ष चुना गया। मिथलेश कुमार रजक को सचिव और मनोज मालाकार को कोषाध्यक्ष बनाया गया।उपाध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से सुकेश कुमार रजक, प्रमोद गुप्ता, कृष्णा भगत, रंजन कुमार लाल, गोविंद पासवान और उपसचिव सतेन्द्र गुप्ता को चुना गया। आगामी 10 सितंबर शाम तीन बजे कमेटी विस्तार को लेकर मंडप परिसर में बैठक बुलाई गई है।मौके पर जय प्रकाश नायक बिगुल प्रसाद राजेंद्र नायक गणेश गुप्ता प्रदीप नायक मदन भगत रुदेश नायक अनिल दास, विकास गुप्ता,अनुग्रह नारायण सिंह, मनोज हलुवाई, बबलू गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, रौशन ठाकुर, अमित कुमार गुप्ता, उत्तम गुप्ता, प्रभु यादव, कारू यादव, सरोज नायक, अजीत नायक, विष्णुदेव सोनी, अशोक माली , गोविंद पासवान, रामवृक्ष साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्राचार्य को 'गुरु देवो भव' पुरस्कार से किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। शिक्षक दिवस के अवसर पर कैपिटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित विशेष समारोह में सैक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा को 'गुरु देवो भव' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान और विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ.प्रमोद कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ.तेज नारायण ने मुख्य अतिथियों के रूप में भाग लिया।

# सार्वजनिक दुर्गा समिति की बैठक में कमिटी का पुनर्गठन

### वीरेंद्र सिंह अयक्ष, अजय पांडेय बने सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कोडरमा बाजार की बैठक दुर्गा मंडप परिसर में रामलखन सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक के दौरान पूजा समिति के द्वारा विगत वर्ष 2023 का आय व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया।

जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के दौरान कमिटी का पुनर्गठन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से पूजा समिति के संरक्षक रामलखन सिंह, अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम, विनय सिंह, मनोज कुमार झुन्नू, गौतम राणा और देवराज पांडेय को बनाया गया। वहीं सचिव



अजय पांडेय, सह सचिव पिंटू श्रीवास्तव, राजा सिंह, अनिमेष सिंह अन्नू, अधिवक्ता रोहित पांडेय, चंदन सिन्हा, कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंह, सह कोषायक्ष अजय झा, पूजा व्यवस्थापक दयानन्द सिंह, नवल राम, गणेश राम, मेला व्यवस्थापक महानन्द सिंह और राजू विश्वकर्मा बनाये गए। इसके अलावे पूजा के सफल आयोजन को लेकर 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक के दौरान नवगठित कमिटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का आयोजन धूमधाम से मनाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने आदि का निर्णय लिया गया।

समिति के नवमनोनित अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कमिटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को एकजुटता, आपसी समन्वय और उत्साह के साथ पूजा का सफल आयोजन करने में भरपूर सहयोग देने की अपील की। मौके पर विजय सिंह, दलजीत सिंह, राजू चंद्रवंशी, राजन कुमार, विनोद यादव, चिंटू कुमार, अरविंद कुमार, प्रहलाद बर्णवाल, दिनेश बर्णवाल आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### चांडिल में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**चांडिल।** रविवार से चांडिल डैम रोड़ स्थित मुनका धर्मशाला में चांडिल के जालान परिवार की और से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को क्लश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इसमें बनारस से आये कथा वाचक पंडित सुरेश चन्द्र शास्त्री ने भक्तों के बिच कथा सुनाये।

### तीन दिवसीय मुआवजा भुगतान शिविर जल्द

**चांडिल।** भू अर्जन शाखा सरायकेला खरसावां के द्वारा विधायक सविता महतो के पहल पर तीन दिवसीय कुकड़ू अंचल कार्यालय में रैयतों की भूमि मुआवजा भुगतान शिविर का आयोजन होगा। आदरडीह एन एच 32 से मिलन चौक तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु कुकड़ू अंचलाअंतर्गत अंतर्गत मौजा चुनचुड़ीया, पारगामा, कुदा, काड़का, सिंधुरपुर, हाईतिरुल, सीसी,बड़ा लापांग, सिरकाडीह, कुकड़ू एवं डाटम का रैयतो के भूमी मुआवजा भुगतान शिविर का आयोजन होगा।

### नौकरी में समाज की रक्षा की, अब समाजसेवा करेंगे

**जमशेदपुर।** रविवार को जुबली पार्क में सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें सबने सर्वसम्मति से सेवानिवृत पुलिस पदाधिकारी कल्याण संघ बनाने का निर्णय लिया। यह संगठन राज्य के सभी सेवानिवृत पुलिस पदाधिकारियों के कल्याण के साथ आम गरीब लोगो के स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य सामाजिक कार्य में सहयोग और सहायता करेगी।

### कैफे संचालक को लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां पुलिस ने बीते 31 अगस्त को मुगार्घुटु में पिस्तौल की नोंक पर कैफे संचालक उज्ज्वल मिश्रा से नगद समेत अन्य सामानों की लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मानगो थाना क्षेत्र के दाईगुटु निवासी कृष्णा कुमार और बिहार के गोपालगंज जिलान्तर्गत थावे थाना के विशम्भरपुर निवासी दीपांशु कुमार शामिल है।

### महासर माता का तृतीय वार्षिक उत्सव 11 को

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर तुलसी भवन के एसी हॉल में कुलदेवी महासर माता का तृतीय वार्षिक उत्सव आगामी 11 सितंबर बुधवार (अष्टमी तिथि) को आयोजित होगा। जिसमें कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला समेत कोलकाता और रांची से भी श्रद्धालु शामिल होगें। इस धार्मिक उत्सव का मुख्य आकर्षण माता रानी की दिव्य ज्योत, भव्य दरबार, महाप्रसाद, चुनरी उत्सव, पुष्प और इत्र की वर्षा होगा। उत्सव को सफल बनाने के लिए श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर कोल्हान प्रमंडल की एक बैठक बिष्टुपुर तुलसी भवन में गजानंद भालोटिया की अध्यक्षता में हुई।

# ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल ने 15 साल में 4,000 से अधिक सफल कार्डियक सर्जरी की

■ पेशेंट कनेक्ट मीट कार्यक्रम में कई पुराने रोगी हुए सम्मानित



टीम ब्रह्मानंद के साथ डा परवेज आलम।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया (नारायण हेल्थ, बैंगलोर की एक इकाई) ने कार्डियक सर्जरी में 15 वर्षों का सफर पूरा कर लिया है। हॉस्पिटल की समर्पित डॉक्टरों की टीम ने अब तक 4,000 से अधिक सफल हृदय सर्जरी की हैं, जिससे यह क्षेत्र के शीर्ष हृदय केंद्रों में से एक बन गया है। इस मील के पत्थर को मनाने के लिए हॉस्पिटल ने एक पेशेंट कनेक्ट मीट कार्यक्रम का आयोजन रविवार को गोलमुरी स्थित एक होटल में किया, जिसमें हृदय सर्जरी करवा चुके मरीजों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित सभी पुराने रोगियों को ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल की तरफ से उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को निरंतर समर्थन प्रदान करना और उनकी रिकवरी के बाद हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर मुख्य कार्डियक सर्जन डॉ परवेज आलम ने कहा कि 15 साल तक उत्कृष्ट हृदय सेवा प्रदान करना हमारी टीम के समर्पण, कौशल और करुणा का प्रतीक है। हमारी टीम समय से पहले जन्मे 6 दिन के नवजात शिशु से लेकर 90 साल के वृद्ध तक की सफल हृदय सर्जरी कर चुकी है।

कार्यक्रम में डॉ परवेज आलम ने कार्डियक सर्जरी में नवीनतम प्रगति और सर्जरी के बाद जीवनशैली में बदलाव के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, मरीजों को अपने सवाल सीधे चिकित्सा टीम के डॉ राहुल देबदास और डॉ रामानुज लाल (कार्डिएक एनेस्थेटिक्स) से पूछने का अवसर मिला। इस अवसर पर उपस्थित कई पुराने रोगियों ने अपनी रिकवरी के बारे में बताया। साथ ही उन लोगों को प्रोत्साहन और आशा प्रदान की जो वर्तमान में हृदय संबंधित सर्जरी के बारे में सोच रहे हैं।

मौके पर फैसिलिटी डायरेक्टर विनित राज ने कहा कि हमारा हॉस्पिटल हृदय सर्जरी सेवाओं में अग्रणी होने पर गर्व महसूस करता है, और हम इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से अपने मरीजों को संपूर्ण रिकवरी के दौरान समर्थन देना जारी रखेंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने 5.60 करोड़ की लागत वाली 185 योजनाओं का किया शिलान्यास

# जमशेदपुर पश्चिम को समस्या विहीन करना मेरा लक्ष्य : बन्ना

**जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



योजनाओं का शिलान्यास करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह सूबे के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक निधि की कुल 185 विकास योजनाओं का रविवार को विधिवत पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़ कर शिल्यान्यास किया। इन योजनाओं की कुल प्राक्कलित राशि 5 करोड़ 60 लाख 67 हजार 626 रुपए है। इनमें मानगो नगर निगम क्षेत्र की 138 जबकि जमशेदपुर अक्षेस अन्तर्गत 47 योजनएं हैं। 138 योजनाओं की लागत 3 करोड़ 23 लाख 71 हजार 426 रुपए है। दूसरी ओर, 47 योजनाओं पर कुल 2 करोड़ 36 लाख 96 हजार 200 रुपए खर्च होंगे। शिलान्यास के उपरांत अपने संबोधन में बन्ना गुप्ता ने कहा क्षेत्र को समस्या विहीन करना उनकी पहली प्राथमिकता है क्षेत्र के निवासियों के जरुरत के आधार पर तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं लाइ जाती है ओर आज भी ऐसे ही योजनाओं का शिल्यान्यास हुआ है.आज जमशेदपुर पश्चिम विधान सभा क्षेत्र की सड़कों पर यातायात के अतिरिक्त भार को देखते हुए सड़कों के चौड़ीकरण,पेवर ब्लॉक सड़क,नाला निर्माण,स्ट्रीट लाइट-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रभात ठाकुर,मनोज झा,बबुआ झा,कैलाश रजक,जय प्रकाश साहू,संजय तिवारी,माजिद अख्तर, बिलाल गुफरानी, जितेंद्र सिंह, राजेश रजक,अमित कुमार, सुमित सोनकर, राकेश जयसवाल, रवि दुबे,राजू दास, इरशाद हैदर, मनोज भगत,धनु महतो, सहित क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### संकल्प रेजीडेंसी जुगसलाई में गणेशोत्सव की धूम



**जमशेदपुर।** जुगसलाई एमई स्कूल रोड स्थित संकल्प रेजीडेंसी में सात दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो श्रद्धा और उत्साह से भरपूर है। महोत्सव की शुरुआत पारंपरिक ढंग से भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना के साथ हुई, जिसने पूरे समुदाय को एक साथ लाकर उत्सव का माहौल बना दिया। फ्लैट निवासी, चाहे बुजुर्ग हों या बच्चे, सभी स्वास्थ्य, रचनात्मकता और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उत्सव की शुरूआत वरिष्ठ नागरिकों द्वारा पौधारोपण अभियान से हुई, जो विकास और पर्यावरण जागरूकता का प्रतीक है। इसके बाद कई मजेदार प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें ईट एंड रन, सिट एंड ड्रॉ, स्पून एंड मार्बल रेस, नो-फायर कुकिंग कॉन्टेस्ट और एक रंगीन पार्टी मेकअप प्रतियोगिता शामिल थीं, जिससे सभी उम्र के लोगों को आनंद और उत्साह का अनुभव हुआ। मनोरंजक गतिविधियों के साथ-साथ, आयोजकों ने निवासियों की भलाई को ध्यान में रखते हुए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विवेक केडिया ने किया। इस शिविर में बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिससे उत्सव के दौरान समुदाय के स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित हो सकी।

### विधायक सरयू राय ने सरना और शिव मंदिर की चहारदीवारी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने अपने विधानसभा क्षेत्र जमशेदपुर पूर्वी के अंतर्गत 23 लाख 41 हजार रुपये की राशि से दो स्थलों पर चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इनमें से कल्याण विभाग की ओर से भुइयांडीह, बाबुडीह में आदिवासी समुदाय के मसना स्थल को संरक्षित करने के लिए घेराबंदी कार्य तथा विधायक निधि से बिरसानगर, जोन नं. 3 डी, डुंगरी ऊपर शिव मंदिर के समीप चहारदीवारी का निर्माण होना शामिल है। शिलान्यास के मौके पर भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव जी, अनुसूचित मोर्चा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकाश कोया, सुधीर सिंह, विकास गुप्ता, शंकर कर्मकार, हो युवा महासभा जिला अध्यक्ष गोमिया सूंडी, मुंडा समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष नन्दलाल पातर, डाव बिन्दु पहान, उरांव समाज के मुखिया गंगा तिर्की, काशीनाथ प्रधान, रामू तिर्की, बबलू खालखो, बिरसा सेवा दल के श्री सन्तोष सांडिल, मनोज मुंडा, राजश्री मुंडा, किशोर लकड़ा , मनोज मेल्गंडी, चैतन लेयेंगी, लक्ष्मण मिंज, बूम जी, कुलविन्दर सिंह पन्नू, शंकर कर्मकार, काशी नाथ प्रधान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सांसद जोबा माझी ने कैरम व सलाय में गुवा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**मनोहरपुर/जमशेदपुर।** गुवा गोलीकांड की बरसी पर श्रद्धांजलि देने गुवा जाने के क्रम में सांसद जोबा माझी ने गोइलकेरा के कैरम और मनोहरपुर के सलाय में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कैरम चौक में गुवा गोलीकांड के शहीद ईश्वर सरदार के स्मारक पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी। वहीं सलाय में भी शहीदों के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर गुवा के शहीद अमर रहे के नारे लगाए गए। इसके बाद सांसद गुवा में आयोजित विशाल श्रद्धांजलि सभा सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में शिरकत करने गुवा के लिए रवाना हो गयी। मौके पर झामुमो के जगत माझी, तरकटकोचा के मुखिया गणेश बोदरा, गोइलकेरा झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मनसुख गोप, बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अकबर खान, मजेंद्र गंझू, डॉक्टर महतो वहीं सलाय में श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, पूर्व जिप सदस्य बामिया माझी, मुखिया राजू सांडिल, झामुमो के वरिष्ठ नेता मोहम्मद तबारक, कांग्रेसी नेता कुतुबुद्दीन खान, दीपक प्रधान, सोनू सिरका समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## विक्रम प्रसाद की पुस्तक माता कैकेयी चरित्र दर्शन लोकार्पित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन/तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में नगर के मानगो निवासी साहित्यकार श्री विक्रम प्रसाद की पुस्तक मां कैकेयी चरित्र - दर्शन : रामायण के पार का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन साहित्य समिति के सचिव डॉ अजय कुमार ओझा ने की।

दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह की शुरुआत हुई। सरस्वती वंदना डॉ वीणा पाण्डेय भारती ने प्रस्तुत किया। स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने दिया। लोकार्पित पुस्तक मां कैकेयी चरित्र - दर्शन : रामायण के पार पर पाठकीय प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिव्येन्दु त्रिपाठी ने कहा कि इस पुस्तक में विक्रम प्रसाद ने माता कैकेयी के व्यक्तित्व को एक नए आलोक में देखने का प्रयास किया है। लेखक ने यह दिखलाया है कि श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में कैकेयी ने अनेक त्याग किये हैं तथा दूरदर्शिता का परिचय दिया है। इसके बाद रचनाकार का परिचय रीना सिन्हा 'सलोनी' एवं कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन साहित्य समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी 'व्यथित' ने दी। मौके पर अरुण तिवारी, डॉ अजय कुमार ओझा, नीता सागर चौधरी, सुरेश चंद्र झा आदि भी थे।

## मंगल पहलवान के बेटे ने आदिवासी महिला और बेटी के साथ मारपीट की

■ आजसू का नेता है बृजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह

■ कदमा में आदिवासी महिला के साथ मारपीट का मामला गरमाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गत 7 सितंबर को आदिवासी नाबालिक लड़की एवं उसकी मां को कदमा भाटिया बस्ती गोस्वामी पथ में आजसू नेता व मंगल अखाड़ा के संचालक मुन्ना सिंह उर्फ बृजेश सिंह के द्वारा डंडे से बुरी तरह मारपीट कर जख्मी कर दिया। इस मारपीट का विडियो वायरल हो गया। इस घटना के विरोध में आज दिनांक 8 सितंबर को झारखंड युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बब्बन राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कदमा थाना प्रभारी से मिलने के लिए थाना पहुंचे। थाना प्रभारी की गैर मौजूदगी में जिला अध्यक्ष बब्बन राय ने दूरभाष पर थाना प्रभारी से इस मामले पर बात की जिसमें बब्बन राय ने थाना प्रभारी से अविलंब कार्रवाई कर दोषी बृजेश सिंह को गिरफ्तार करने की मांग की अन्यथा माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी कोल्हान दौरे के दौरान पीड़ित परिवार को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

## पीड़ित आदिवासी परिवार से मिलने पहुंचे विधायक, कहा- शीघ्र होगी सख्त कार्रवाई

■ आदिवासी विरोधी रही है आजसु इसलिए उनके नेता आदिवासी मां बेटियों को पीटने का साहस कर रहे : मंगल कालिंदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा निवासी आदिवासी महिला सुबा सरदार और उसकी बेटी की कल आजसू नेता और पश्चिम विधानसभा से आजसू के पूर्व प्रत्यासी ब्रजेश सिंह (मुन्ना सिंह) द्वारा बेरेहमी से पिटाई करने की खबर मिलने पर झामुमो के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी उक्त आदिवासी परिवार से मिलने उनके घर पहंचे। विधायक ने सुबा सरदार और उनकी बेटी का हाल जाना और घटना की जानकारी ली। सुबा और उनकी बेटी ने बताया कि डंडे और हाथ से उनको पीटा गया और गलियां दी गयी। जानकारी लेने के बाद विधायक ने मौके पर ही कदमा थाना प्रभारी से सख्त से सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया।

### जटाशंकर ने फुटबॉल टूर्नामेंट विजेता को दी खस्सी



**खरसावां।** रविवार को सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत खरसवां के गोपीडीह ग्राम में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथि के रूप जमशेदपुर के जानेमाने शिक्षाविद और समाजसेवी श्री जटाशंकर पांडे जी शामिल होकर विजेता टीम को पुरस्कृत किया। श्री पांडेय ने फुटबॉल टूनार्मेंट में टीम के विजेताओं, उपविजेताओं और प्रतिभागी टीम के सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में और ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करने को प्रोत्साहित किया।

### इंडस्ट्री ऑल ग्लोबल यूनियन की कोलकाता में बैठक



**जमशेदपुर।** इंडस्ट्री आल ग्लोबल यूनियन के द्वारा कोलकाता साल्टलेक में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन (बेस मेटल सेक्टर इन इंडिया) कोलकाता में हुआ, जिसमें दुनिया में बेस मेटल सेक्टर की वर्तमान परिस्थिति, सरकारी नीतियां, मांग, उत्पादन, रोजगार, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थिति, बेस मेटल सेक्टर की नविनतम स्थिति, प्रवासी मजदूर,सुरक्षा आदि कई गंभीर मुद्दो पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में देश के कई राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन श्री प्रवीण राव, आशुतोष भट्टा चार्ज, बालसुब्रमणिया,आल इंडिया स्टील, मेटल, माइंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी रघुनाथ पांडेय, टिन प्लेट यूनियन के महामंत्री मनोज सिंह, उपाध्यक्ष परबिन्दर सिंह सोहल, टाटा वर्कर्स यूनियन से श्याम बाबू, वंशबाहादुर सिंह, हरजीत सिंह, रजत दीक्षित एवं कई राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रघुवर चॉकलेट खाकर हाथी उड़ा रहे थे और सरयू हाथ साफ कर रहे थे : डॉ अजय कुमार

■ सरयू राय पर लगा 3. 38 करोड़ रुपये की अनियमितताओं में शामिल होने का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डॉ अजय कुमार।

**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास चॉकलेट खाकर हाथी उड़ा रहे थे, तब खाद्य आपूर्ति मंत्री सरयू राय आहार (आहार पत्रिका) का आनंद ले रहे थे। उक्त बातें पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार ने रविवार को परिसदन में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दूसरों की भ्रष्टाचार उजागर करने में माहिर सरयू राय झूठ बोलने में उस्ताद हैं। जानकारी होने के बावजूद वे केवल वही बात सार्वजनिक करते है जिससे उनको लाभ हो। आहार पत्रिका मामले में सरयू राय पर अनियमितता करने के आरोप लगे। इस संबंध में सरयू राय समेत चार लोगों के खिलाफ रांची पुलिस ने भ्रष्टाचार के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। रांची के अरगोड़ा थाने पुलिस द्वारा इस मामले में भारतीय न्याय संहिता धारा 403, 406, 408, 409, 420 एवं भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 की धारा 7, 11, 12 एवं 13(2) के अंतर्गत केस किया गया है।

डॉ. अजय ने कहा कि रांची के अरगोड़ा निवासी मनोज सिंह ने आरोप लगाया है कि पूर्व मंत्री सरयू राय 3 करोड़ 38 लाख 26 हजार 473 रुपये की अनियमितताओं में शामिल हैं। इससे पूर्व डोरंडा थाना रांची में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सरयू राय पर प्राथमिकी संख्या 105/2022 दिनांक 2.05.2022 दायर किया गया था जिस मामले में आरोप पत्र गठित किया जा चुका है। एमपी एमएलए कोर्ट में चार्जशिट दाखिल हो चुकी है एवं माननीय न्यायलय ने मामले को संज्ञान लेते हुए 13 सितंबर को हाजिर होने को कहा है।

डॉ अजय ने कहा कि अभी पिछले सप्ताह ही 30.08.2024 को सरयू राय से जुड़ी उनकी महिला मित्र मधु और उनके साथियों पर रांची के न्यायलय में सुखो मुखी द्वारा शिकायतवाद संख्या 0025274/ 2024 दायर की गई है जो किसी ग्राम्या नामक संस्था से जुड़ा मामला है। सरयू राय का बाबा कंप्यूटर से बहुत करीबी रिश्ता है। बाबा कम्प्यूटर्स को दिया गया कार्य बाजार मूल्य एवं सरकार द्वारा निर्धारित दर से आठ गुणा अधिक था जो कि भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

### रीमा और दीपशिखा अल्पना प्रतियोगिता की चैंपियन



**जमशेदपुर।** रविवार को दी बंगाल क्लब, जमशेदपुर के तत्वावधान में महिलओं के लिए अल्पना प्रतियोगिता का आयोजन बंगाल क्लब सभागार में किया गया। प्रतिगोगिता में कुल 50 प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता कुल दो विषयों पर आयोजित की गयी थी। पहला विषय दुर्गा एलो एवं दूसरा विषय पारंपरिक थी। प्रतियोगिता के पश्चात निर्णायकों के द्वारा प्रतियोगिता के नतीजे घोषित किये गये। दुर्गा एलो विषय में पहला स्थान रीमा सिंह, दूसरा- उमा शुक्ल , तीसरा- अरीबा आफरीन को प्राप्त हुआ। पारंपरिक विषय में पहला स्थान - दीपशिखा सरकार , दूसरा - अनुष्का हाजरा , तीसरा - ऋतू महतो को प्राप्त हुआ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज : अलख दुबे



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में पलामू जिला समाहरणालय के कक्ष में 9 सितंबर को समय 11 बजे से जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक होनी है। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी। श्री दुबे ने बताया कि बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं विशेषकर सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सहित सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की जायेगी। बैठक में डीसी-एसपी व सभी पदाधिकारी रहेंगे।

### कांग्रेस के अशोक ने किया जनसंपर्क



**पाटन पलामू।** छतरपुर विधानसभा अंतर्गत पाटन प्रखंड के अत्यंत जंगली एवं सुदूरवर्ती गांव पोखरिया, कोशियारा, मझौली, खुर्दा काबंधा कांग्रेस पार्टी का जनसंपर्क अभियान पहुंचा। इस दौरान यहां की सड़कों और लोगों की हालत देख कांग्रेस नेता अशोक पासवान ने कहा कि छतरपुर पाटन विस क्षेत्र में अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। लोगों से कहा कि क्षेत्र में विकास के लिए कांग्रेस को समर्थन दें। मौके पर मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, संजय पासवान, अरविंद उरांव, जगदीश उरांव, लव सिंह समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### सीएम हेमंत सोरेन का अधिवक्ताओं के हित में फैसला स्वागतयोग्य : रामदेव



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ डालटनगंज के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने झारखंड सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याण निधि के तहत 65 वर्ष अधिवक्ता कार्य पूरा चुके राज्य के अधिवक्ताओं को 7,000/ रुपये पेंशन योजना और नये अधिवक्ताओं को तीन वर्ष तक 1,000/ प्रोत्साहन राशि देने पर संघ की ओर से बधाई दी है। कहा कि राज्य बनने के बाद पहली बार इंडिया महागठबंधन की हेमंत सरकार ने अधिवक्ताओं के हित में फैसला लिया है वह स्वागत योग्य है, इससे राज्य के अधिवक्ताओं में खुशी है।

### पोलपोल नावाडीह रोड से बाइक की चोरी

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव के समीप नावाडीह रोड के समीप सड़क किनारे खड़ी बाइक उचक्कों ने चोरी कर ली। घटना की सूचना सतबरवा थाना पुलिस को भुक्तभोगी ने दी। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर में पोलपोल पेट्रोल पंप के समीप नावाडीह रोड में सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर खेत की तरफ गया था। जब वापस लौटा तो बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद सूचना सतबरवा थाना पुलिस को दी गयी। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन जारी है।

### फरार अभियुक्त गया से गिरफ्तार



**छतरपुर पलामू।** बिहार के औरंगाबाद टंडवा निवासी धर्मेंद्र सिंह पिता स्व जनेश्वर सिंह ने 23 नवंबर 2018 को नौडीहा बाजार थाना में पांच लोगों के विरूद्ध मारपीट करने एवं धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें पुलिस ने कांड दर्ज कर त्वरित कार्रवाई कर चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसमें फरार अमरजीत यादव उर्फ अमरजीत मंडल उर्फ परमजीत यादव पिता स्व रामस्वरूप यादव ग्राम कादरपुर थाना कोठी जिला गया के विरूद्ध लगातार छापेमारी की जा रही थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सात सितंबर को बांके बाजार गया में छापेमारी कर अमरजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छापेमारी दल में नौडीहा थाना प्रभारी अमित द्विवेदी, पुअनि आशीष कुमार, उदय यादव, आरक्षी नागेंद्र राम, पंकज सिंह व अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**हुसैनाबाद।** रविवार को जपला छतरपुर मुख्य सड़क के गम्हर बिगहा मोड़ के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को देख मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में करने के बाद स्थिति को गंभीर देख उसे मेदिनीनगर रेफर कर दिया। मृतक हैदरनगर थाना क्षेत्र के सरगड़ा निवासी संतोष राजवार (45) वहीं घायल सत्यनारायण रजवार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के संढा गांव का है। दोनों एक बाइक से संढा से जपला आ रहे थे, इसी क्रम में दुर्घटना हुई।

### सीएम से मिले युवा राजद नेता राजीव



**हुसैनाबाद पलामू।** कुकही ग्राम पंचायत के पंसस व राजद युवा नेता राजीव शर्मा ने रांची में सीएम आवास पर मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सरकार की योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने के लिए सीएम को बधाई दी। उन्होंने मंइयां सम्मान योजना से महिलाओं को स्वावलंबन व मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताया। बताया कि सीएम ने हमारी बातों को गंभीरता से लिया एवं बहुत जल्द इनपर फोकस करने की बात कही।

### सुदीप सिंह बने गृहरक्षक संघ के अध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** गृह रक्षक संघ की चुनाव प्रक्रिया में जवानों की सहमति से सुदीप सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर जवान वीरेंद्र दुबे, राम ध्यान राम, शशिकांत तिवारी, गया राम, जिंदल पासवान, रविंद्र पांडेय, सीताराम, राजेंद्र यादव, रामाश्रय यादव, नथुनी सिंह, विजय दुबे, अशोक सिंह, भूपेंद्र सिंह शामिल थे। चुनाव कार्यक्रम का संचालन राम ध्यान राम ने किया। मौके पर गृहरक्षक संघ के नवमनोनीत अध्यक्ष ने बताया कि पलामू जिला के होमगार्ड जवानों की समस्या काफी गंभीर है।

# गुरु के प्रति समर्पित भाव रखें, भगवान शिव सबकुछ देते हैं तो ज्ञान भी देंगे : चंद्रवंशी

- विश्रामपुर के आरसीयू परिसर स्थित जरासंध स्टेडियम में शिव गुरु चर्चा का हुआ आयोजन





विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित शिव गुरु चर्चा कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व कार्यक्रम में शामिल शिव भक्त।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय परिसर स्थित जरासंध स्टेडियम में विशाल शिव गुरु चर्चा की गयी। जिसका उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव आदि ने शिव गुरु चर्चा के संस्थापक हरिंद्रा नंद व नीलम दीदी के तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि शिव जगत गुरू हैं, संसार के सभी लोग उनके शिष्य हैं। हम सदियों से उनका भगवान की भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। यदि हम उन्हें गुरू भाव से याचनापूर्वक दया मांगें तो हमारा कल्याण निश्चित होगा। यदि इस संसार के एक-एक लोग उन्हें शिष्य बनकर गुरु भाव दे तो पूरे जगत का कल्याण निश्चित रूप से सुगमता से हो जायेगा। हमलोगों का पहला कार्य है। अपने आसपास के लोगों को प्रेरित कर उन्हें भी जागृत करना है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव सब कुछ देते हैं तो ज्ञान भी देंगे।

वहीं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि भगवान शिव त्रिकालदर्शी, अंतयार्मी, अजर-अमर अविनाशी हैं। वे सारे संसार के गुरु हैं। भगवान शिव ऐसे देव हैं जिनकी पूजा-आराधना से सभी प्रकार के कष्टों का शमन होता है। थोड़ी सी श्रद्धा व भक्ति के साथ की गयी पूजा-अर्चना से महादेव तुरंत प्रसन्न हो जाते हैं।

शिव गुरु चर्चा कार्यक्रम में शिव भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। जहां पलामू जिला सहित गढ़वा, लातेहार व छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश से भी लोग शामिल होकर भजन कीर्तन किये। मौके पर जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विश्रामपुर प्रतिनिधि राजन पांडेय, भोला चंद्रवंशी, शिव परिवार के एस कुमार, उर्मिला कुमारी, यमुना प्रसाद, पंचम जी, राम प्रवेश जी, राजेश प्रसाद, आलोक कुमार, कमल जी, आशीष पांडेय, धर्मेन्द्र कुमार, चंदन कुमार, राहुल कुमार सहित हजारों की संख्या में शिव भक्त शामिल थे।

**शिव चर्चा के तीन सूत्र :** कहा कि शिव चर्चा तीन सूत्रों पर आधारित है। पहला सूत्र भगवान शिव से दया मांगना है कि हे शिव हम पर दया करें तथा हमें अपने शरण में ले। दूसरा सूत्र अपने आसपास के लोगों से शिव चर्चा करना व कराना। वहीं तीसरा सूत्र 108 बार ओम नमः शिवाय का जाप करना है।

चुनावी घोषणा पत्र समिति के संयोजक अनंत ओझा से मुलाकात कर ज्योतिरीश्वर सिंह ने सौंपा सुझाव, कहा

# हैदरनगर का नाम हरिनगर व मोहम्मदगंज का भीमनगर करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पलामू/ रांची।** भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने इलाकों के नाम बदलने के मामले को पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने का सुझाव दिया है। इसे लेकर रविवार को रांची में मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र समिति के संयोजक सह विधायक अनंत ओझा से मुलाकात कर पत्र सौपा।

सौपे गये पत्र में ज्योतिरीश्वर सिंह ने कहा है कि अविभाजीत बिहार के जमाने से पलामू राजनीतिक रूप से समृद्ध और जागरूक रहा है। इस इलाके में आने वाले हुसैनाबाद अनुमंडल के कई प्रखंड मुख्यालय के नाम मुगलशासकों के नाम पर है पर इसके पिछे न तो ऐतिहिसिक तथ्य है और न ही जनभावना के अनुरूप है। इसलिए यदि इलाकों का नाम जनभावना के अनुरूप करने का प्रयास हो तो इसे लेकर पार्टी के प्रति भी सकारात्मक माहौल बनेगा। श्री सिंह हुसैनाबाद का नाम जपला करने, हैदरनगर का हरि नगर और मोहम्मगंज का भीमनगर करने के मुद्दे को पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की है।



ज्योतिरीश्वर सिंह का कहना है आज भी मोहम्मगंज में भीमचूल्हा नामक स्थान है। इसे लेकर यह कहा जाता है कि महाभारत काल में पांडव ने प्रवास किया था मगर आज तक इन ऐतिहासिक तथ्यों की अनदेखी हुई है इसलिए भाजपा सरकार बनने के बाद इस दिशा में सक्रिय पहल होगा इसका विश्वास आम जन को दिलाया जाना चाहिए।

# दिवंगत रविंद्र तिवारी के परिजनों से मिले प्रथम मेयर और भाजपा नेता आनंद शंकर



सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी के परिजनों को ढाढ़स बंधाने पहुंचे भाजपा नेता व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम मेयर अरुणा शंकर और वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद शंकर ने रेड़मा निवासी दिवंगत रविन्द्र तिवारी के परिजनों से रविवार को मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। गत शुक्रवार दिवंगत रविन्द्र तिवारी का पारस अस्पताल में देर शाम निधन हो गया था। शनिवार को पंपु कल स्थित श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। दिवंगत रविंद्र तिवारी (सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी) सामाजिक तौर पर काफी सक्रिय रहते थे। इसकी जानकारी मिलने पर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने रेड़मा स्थित उनके आवास पर पहुंच कर उनकी पत्नी व पुत्रों समेत पूरे परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि हम सभी उनके दुख में साथ खड़ा हैं। इस दौरान उक्त रास्ते की खराब स्थिति को देखते हुए अपने निजी कोष से दो हाईवा डस्ट गिराने का आदेश दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, पंडित मुरारी तिवारी, ददन तिवारी, आलोक तिवारी, अरविंद गुप्ता, रिंकू दूबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

### समाधान कार्यक्रम का पुलिस कर रही प्रचार प्रसार



**पाटन पलामू।** पाटन पुलिस 10 सितंबर को होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से एलाउंस कर जानकारी लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि राज्य स्तरीय जन शिकायत समाधान एक ही दिन में सभी प्रखंडों में आयोजित करना है जिसमें जनसमस्या का समाधान ऑन स्पोट होगा। इसके लिए लोगों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार पुलिस कर रही है।

### मिथिलेश बने मनातू दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**मनातू पलामू।** दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाने को लेकर मनातू के विकास अग्रवाल के घर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उमेश साहू व संचालन डीलर संघ के अध्यक्ष शिवकेश्वर गिरी ने किया। मौके पर मिथिलेश चंद्रवंशी उर्फ टुनु को दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मनोरंजन गुप्ता, सचिव राकेश कुमार, उप सचिव पवन गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष बिपिन प्रसाद बनाये गये। बैठक में कई लोग शामिल थे।

## मिंटू अग्रवाल बने सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, संतोष सचिव

- महावीर जी भवन में हुई सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला बाजार स्थित महावीर जी भवन के प्रांगण में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास मनाने को लेकर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर जी भवन की एक बैठक आहूत हुई। इसकी अध्यक्षता रविंद कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने की और संचालन श्रवण अग्रवाल ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व के आय और व्यय की जानकारी दी गयी। तत्पश्चात पूर्व की समिति भंग कर नयी समिति बनायी गयी। जिसमें सर्वसम्मति से सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर जी भवन के अध्यक्ष कुमार मनीष उर्फ मिंटू अग्रवाल को बनाया गया। वहीं सचिव संतोष गुप्ता चुने गये। बैठक में पूजा पंडाल की भव्यता को बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई। सर्वसम्मति से समिति के संरक्षक रविंद्र सिंह, विनोद सिंह, दिनेश कश्यप, दीनानाथ सोनी, अजित अग्रवाल, श्रवन अग्रवाल, रामेश्वर राम, डॉ मलय रॉय, अजय गुप्ता, वीरेंद्र सौंडिक, उदयनाथ विश्ववकर्मा चुने गये।



## रेलवे फाटक व सासाराम-रांची इंटरसिटी के ठहराव को लेकर लोगों का महाधरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** मुगलसराय रेल खंड के सतबहिनी रेलवे स्टेशन व मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 340/33 के समीप रेलवे फाटक व सतबहिनी रेलवे स्टेशन पर सासाराम - रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव को लेकर आधे दर्जन गांवों के सैकड़ों लोगों ने सतबहिनी रेलवे स्टेशन के समीप एकदिवसीय महाधरना दिया। रेल उपभोक्ता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि सतबहिनी रेलवे स्टेशन व मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 340/33 के समीप केबिन था उसी जगह से आधे दर्जन गांवों के लोग आवागमन करते थे लेकिन रेलवे के तीसरी लाइन विस्तार होने से लोगों को आवागमन करने में काफी कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पूर्व भी ग्रामीणों ने पोल संख्या 340/33 के समीप रेलवे फाटक बनाने का मांग रेलवे के वरीय अधिकारियों से लिखित रूप से किया गया था परंतु रेल प्रशासन द्वारा इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिससे हमलोगों की समस्या यथावत बनी हुई है।



### अंबिका बने तैलिक साहू समाज के पंचायत अध्यक्ष



**सतबरवा।** तैलिक साहू समाज की बैठक बोहिता पंचायत के सेहरा में हुई। जिसके मुख्य अतिथि जिला सचिव अजय साहू उपस्थित थे। इस दौरान तैलिक साहू समाज की पंचायत स्तरीय कमेटी बनायी गयी। जिसमें पंचायत अध्यक्ष अंबिका साव बनाये गये। वहीं उपाध्यक्ष उपेंद्र साव तथा बिरजू साव, सचिव जितेंद्र साव, कोषाध्यक्ष जनेश्वर साव, संगठन मंत्री महिमानंद गुप्ता तथा अमरलाल गुप्ता, मिडिया प्रभारी पंचम साहू, संरक्षक ललन साव बनाये गये।

### पलामू के ज्योतिष बिरेंद्र को दिल्ली में गोल्ड मेडल



**मेदिनीनगर।** नई दिल्ली पीरागड़ी में जेरी ज्योतिष हब एवं उंची उड़ान संस्था द्वारा 16वां अंतरर्राष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष सम्मेलन किया गया। जिसमें पलामू जिला समेत देश-विदेश के करीब पांच सौ ज्योतिष शामिल हुए। सभी को संस्था ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पलामू के प्रसिद्ध ज्योतिष पंडित विरेंद्र दूबे ने वैदिक विषय पर प्रकाश डाला। सभा के अंत में संस्था के अध्यक्ष डॉ राकेश डागर व उनकी पत्नी रेखा डागर, वॉलीवुड अभिनेत्री महक चहल ने उन्हें गोल्ड मेडल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 23 को पलामू में

- लोजपा जिलाध्यक्ष ने किया पार्टी कार्यालय का उद्घाटन
- लेस्लीगंज में करेंगे बाबा चौहरमल व पार्टी संस्थापक रामविलास पासवान की प्रतिमा का अनावरण, सभा को भी करेंगे संबोधित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पलामू जिला कार्यालय का उद्घाटन बैरिया चौक के समीप पलामू अध्यक्ष राकेश सिंह ने किया। मौके पर लोजपा पलामू जिला कमेटी की बैठक हुई। जिसमें लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से प्रभावित होकर एवं पार्टी के सिद्धांतों को मजबूत बनाने हेतु कई लोगों ने पार्टी का दामन थामा। जिन्हें पलामू अध्यक्ष ने पार्टी की सदस्यता देते हुए पार्टी में शामिल किया। मंत्री 23 को पलामू आयेंगे। लेस्लीगंज में बाबा चौहरमल एवं पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा का अनावरण एवं आयोजित सभा को संबोधित करेंगे।



### मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से बच्चे की मौत

**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के बरांव टोला गिदहा निवासी ब्रजेश चौधरी के 4 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार उर्फ गोलू चौधरी का मौत मोटरसाइकिल से दुर्घटना होने से हो गई। मिली जानकारी अनुसार गोलू अपने माता पिता के साथ गढ़वा जिला के अशेया गांव से मौसी के घर से पुरे परिवार मोटरसाइकिल से अपने घर गिदहा टोला लौट रहे थे तभी पिछे से तेज रफ़्तार से आ रहा ट्रैक्टर था बरवाडीह पहाड़ के पास धक्का मार दिया। सभी मोटरसाइकिल पर सवार गिर गये।

## बरवाडीह और नावाखास पंचायत में शिविर आयोजित

- सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास व मईयां सम्मान योजना के आये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के बरवाडीह एवं नावा खास पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, उप मुखिया मधु प्रिया देवी, बीपीआरो अहमद अंसारी, दिवाकांत, सोनम, शिवम जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों ने स्टॉल लगाये थे। जिसमें आये हुए लोगों से आवेदन प्राप्त कर कारवाई करने के लिए संबंधित विभाग को दिया गया। शिविर में अबुआ आवास व मईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं केज्यादा आवेदन प्राप्त किये गये। सभी आवेदनों को ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन किया गया। वहीं अन्य विभागों में भी लोगों ने आवेदन जमा किये।



प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

# आज के परिवेश में बच्चों और शिक्षकों के बीच सामंजस्य बहुत जरूरी : अविनाश देव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के कुड़वा मोड़ आरपीएम मैरेज हॉल में पाटन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पाटन तरहसी नावा जयपुर पदमा पड़वा इन सभी थाना के प्राईवेट स्कूल के डायरेक्टर एवं शिक्षक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नन्द झा, विशिष्ट अतिथि अविनाश वर्मा, संरक्षक अजय श्रीवास्तव, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, ओरिएंट स्कूल डालटनगंज के डायरेक्टर मुकेश अग्रवाल, आवासीय विद्यालय डालटनगंज के डायरेक्टर सतीष अग्रवाल, मिडिया प्रभारी पीएसए झारखंड आनंद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन मेराज अहमद ने किया।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

शिक्षक सम्मान समारोह में डीइओ ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने समाज में उदाहरण पेश किया है। शिक्षक भी अपने दायित्व को समझ बच्चे को बेहतर शिक्षा प्रदान करें। उपस्थित सभी प्राइवेट स्कूल के डायरेक्टर ने अपने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने कहा कि आज गुरु का दायित्व बढ़ गयी है। आज के परिवेश में बच्चों एवं शिक्षक में सामंजस्य जरूरी है वहीं अविनाश देव ने कहा कि गुरु बनना काफी कठिन काम है लेकिन गुरु का जो कर्तव्य है दो कठिन समय में भी निभाना चाहिए।

# जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष, सदस्य चिकित्सक व अस्पताल निदेशक से मिले

- 15 को स्वास्थ्य शिविर आयोजन की दी जानकारी
- स्वास्थ्य शिविर में एसएच अस्पताल सुविधा प्रदान करेगा : डा रोहित पांडेय



अस्पताल निदेशक से मिलते ट्रस्ट के पदधारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे एवं सदस्य अखिलेश पाठक ने शहर के सुप्रसिद्ध फिजिशियन डॉ रोहित पांडे एवं एसएच हॉस्पिटल प्रबंधक निदेशक, एमडी समाजसेवी, पूर्व एमओ रजनीकांत पांडेय से मुलाकात की। इस दौरान कहा कि ट्रस्ट के तत्वावधान में चैनपुर प्रखंड ग्राम पंचायत पथरिया खुर्द स्थान कटुवल काला हाई स्कूल के प्रांगण में 15 सितंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगना है। चर्चा में अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि शहर के सुप्रसिद्ध फिजिशियन डॉक्टर रोहित पांडेय ने जन कल्याण ट्रस्ट के जनहित में कराये जा रहे कार्य को काफी सराहा है। उन्होंने एसएच अस्पताल की ओर से इस मेडिकल कैंप आयोजन में जो भी मूलभूत सुविधा होगा वह सुविधा प्रदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही एमडी एसएच अस्पताल के तरफ से डॉक्टर की टीम एवं सभी तरह की जांच सुविधा देने की बात कही। वरिष्ठ समाजसेवी सह पूर्व एमओ रजनीकांत पांडे ने भी जनकल्याण ट्रस्ट के इस पुनीत कार्य के लिए जनकल्याण ट्रस्ट के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी को बधाई दी। ट्रस्ट ने स्वास्थ्य शिविर में सहायता प्रदान करने के लिए डा रोहित पांडेय का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने दी।

स्पीड न्यूज

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक

**चिनियां।** गढ़वा जिले के चिनियां प्रखंड में दुर्गा धूमधाम से मनाने को लेकर पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर अयक्ष अर्जुन सोनी, उपाध्यक्ष उमेश सिंह, कोषाध्यक्ष अरविंद प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष दीपक प्रसाद, सचिव संदीप प्रसाद, उपसचिव बलराम सिंह, संयोजक बुु राम, संगठन मंत्री राजेश प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा मंदिर परिसर का चला सफाई अभियान

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगराखाड़ स्थित कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर के नेतृत्व में छात्रों ने टाउनशिप के दुर्गा मंदिर परिसर का सफाई अभियान चलाया। मौके पर प्राचार्य बृज किशोर ने कहा कि कल्याण गुरुकुल में प्रशिक्षण के आलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भाग छात्र लेते है। इसी के तहत आज दुर्गा मंदिर परिसर का सफाई अभियान चलाया गया। कहा कि हम सभी को मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने को लेकर जागरूक होना होगा।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी का विस्तार

**धुरकी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा धुरकी प्रखंड कमिटी की ओर से प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया। बैठक में जानकारी देते हुए झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पाण्डेय ने बताया कि संगठनात्मक दृष्टिकोण से प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में संगठन को मजबूती के लिए प्रखण्ड कमिटी का विस्तार किया गया है। कमिटी की मजबूती के लिए सभी बिंदुओं पर बातचीत की गई। उन्होंने पार्टी के सभी सदस्यों को कार्यकर्ताओं को तन मन धन से सहयोग करने की अपील की।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**चिनियां।** गढ़वा जिले के चिनियां प्रखंड के डोल पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, जिला पार्षद सदस्य बनारसी सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने सांसद को सौंपा मांग पत्र

**धुरकी।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के युवा जिलाध्यक्ष शुभम कुमार ने पलामू सांसद बीडी को ओबीसी के आरक्षण बढ़ाकर नवमी सूची में डालने, जातीय जनगणना करने, आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा और क्रीमी लेयर को हटाने के लिए मांग पत्र सौंपा है। दिये आवेदन में ओबीसी मोर्चा के युवा महासचिव अखिलेश पाल ने कहा कि देश में एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस की आबादी के अनुसार क्रमशः 15 प्रतिषत ,7 प्रतिशत और 10 प्रतिशत दी जा रही है। वहीं ओबीसी समुदाय जिनकी आबादी 1931 के जनगणना के अनुसार 52 प्रतिशत है उसे मात्र 14 प्रतिशत दी जारी है। उन्हें उनकी जनसंख्या के अनुपात में 52 परसेंट आरक्षण क्यों नहीं मिलना चाहिए। मौके पर ओबीसी समाज के संतोष निषाद, अमरेश यादव, संतोष निषाद, प्रिंस ठाकुर उपस्थित थे।

## इंटक जिलाध्यक्ष ने की लंबित मांगों को लेकर बैठक

**भवनाथपुर।** तुलसीदामर डोलोमाइट खादान में कार्यरत मजदूरों की मांगों को लेकर इंटक (त्रिपाठी गुट) जिलाध्यक्ष सुशील कुमार चौबे की अध्यक्षता में लंबित मांगों को लेकर बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर 23 सितंबर तक उपायुक को दिए गए पत्र के आलोक में मांग नही पूरा हुआ तो प्रखंड कार्यालय का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उपायुक्त को दिए पत्र में उल्लेख किया गया है कि सेल द्वारा तुलसीदामर डोलोमाइट की गुणवत्ता इस्पात उत्पादन के अनुरूप नहीं बता कर खादान बंद करने हेतू खदान समर्पण करने का अनुरोध किया गया है।

# भूमि विवाद में अररिया में कई राउंड फायरिंग, तीन घायल, एक गंभीर

**एजेंसी**

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के नरपतगंज थाना क्षेत्र के खाब्दह कन्हेली में आज भूमिविवाद को लेकर जमकर गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी से पूरा इलाका थर्रा गया। ग्रामीणों का कहना है कि दर्जनों राउंड गोली चली साथ में तीर से भी हमले किए गए। इस गोलीबारी में एक 12 वर्षीय किशोर सहित तीन लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया रेफर किया गया है।घायलों में पूर्व वार्ड सदस्य कंचन यादव का 12 वर्षीय बेटा बाबुल कुमार यादव शामिल हैं। दूसरे और तीसरे घायलों में एक ही पक्ष के परमेश यादव एवं जीवेश यादव दोनों के पिता कमल यादव शामिल हैं। घटनास्थल पर से दो खोखा, एक जिंदा कारतूस सहित आधा दर्जन तीर जब्त करने की बात कही गई है।स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में इलाजरत किशोर बाबुल की मां रूपा देवी ने बताया कि उनका बेटा को लड़ाई झगड़ा से कोई मतलब नहीं था। बल्कि वह झंझट देख रहा था जहां उसे गोली लग गई। बालक को बाएं सीने के ऊपर गोली लगी है। पुलिस सूत्रों व ग्रामीणों के अनुसार कमल देव यादव पिता लाल दास यादव एवं सकल दीप यादव पिता स्वर्गीय नंदू यादव के बीच 84 डिसमल खेतिहर जमीन का वर्षों से विवाद चल रहा था। रविवार को सकलदीप का बेटा पवन यादव खेत जोतने गया जहां विरोधी द्वारा रोका गया। बताया गया कि इसके बाद पवन यादव की ओर से ही गोलीबारी शुरू हो गयी। नरपतगंज थाना के अपर थाना अध्यक्ष विमलेश चौधरी ने बताया कि बालक सहित तीन लोगों को गोली से घायल होने की बात सामने आई है। घटनास्थल से खोखा तथा तीर बरामद किया गया है। इस संदर्भ में फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार साहा ने बताया कि जमीनी विवाद में गोलीबारी एवं तीर चलने की बात कही गई है । 07-08 राउंड गोली चलने की बात कही जा रही है । गोली लगने से बाबुल नामक नाबालिक युवक घायल हुआ है जिसे रेफर किया गया है। दो अन्य लोगों के भी गोली लगने से घायल होने की बात कही जा रही है । पूरे मामले की सत्यता की जांच हो रही है । घटनास्थल से खोखा तथा तीर बरामद किया गया है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिसका नाम सकलदीप यादव और योगेश यादव बताया जा रहा है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिला समेत तीन की मौत

**अररिया।** जिले के रानीगंज के ठेकपुरा गांव के बहियार में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य झुलसकर घायल हो गए।वहीं वज्रपात के चपेट में आने से छह बकरी की भी मौत हो गई।सभी बहियार में कृषि कार्य से गए हुए थे। इसी क्रम में हुए वज्रपात के चपेट में सभी आ गए। आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 35 वर्षीय बिजेंद्र राय पिता -सखीलाल राय,40 वषीर्या सुशीला देवी पति फेकू राय और खुशबू कुमारी पिता फेकू राय की मौत हो गई। मृतकों में सुशीला देवी और खुशबू कुमारी मां बेटी थी। मृतक सभी रानीगंज थाना क्षेत्र के ठेकपूरा गांव के वार्ड संख्या 16 का रहने वाला है।

## भारत-नेपाल बार्डर पर शंकराचार्य गेट के समीप बनेगा भव्य अक्षरधाम मंदिर

**पूर्वी चंपारण।** भारत-नेपाल की सीमा पर अक्षरधाम मंदिर निर्माण को लेकर कागजी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सब कुछ ठीक रहा तो इस साल के अंत तक रक्सौल-वीरगंज बॉर्डर पर शंकराचार्य गेट के समीप भव्य अक्षरधाम मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा। वीरगंज में अक्षरधाम मंदिर बनाने की पहल वीरगंज के मेयर राजेशमान सिंह के द्वारा शुरू की गयी थी, जिसे वीरगंज ही नहीं बल्कि रक्सौल के लोगों का भी भारी समर्थन प्राप्त हो रहा है। हाल ही में वीरगंज महानगरपालिका के मेयर राजेशमान सिंह ने कलकता में स्वामी नारायण अक्षरधाम ट्रस्ट के डॉ. स्वामी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने वीरगंज महानगरपालिका के तरफ से अनुरोध पत्र के साथ-साथ सभी प्रकार के आवश्यक अनापति प्रमाण पत्र को अक्षरधाम मंदिर ट्रस्ट को सौंपा है, साथ ही, अनुरोध किया है,कि जल्द से जल्द वीरगंज की धरती पर अक्षरधाम मंदिर निर्माण कार्य की शुरूआत की जाये।

# टीवीटी अवार्ड 2024 के लिए चयनित हुए 22 शिक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**पूर्णिया।** बिहार के प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह टीबीटी अवार्ड 2024 के लिए पूर्णिया जिले के 22 शिक्षकों का चयन किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान बिहार के उन सरकारी शिक्षकों को प्रदान किया जाता है जो विद्यालय अवधि के बाद भी लगातार नवाचारी ऑनलाइन शिक्षण देने का काम करते हैं। अत्यंत कठिन प्रक्रियाओं से गुजरते हुए प्रतियोगी माहौल में इन शिक्षकों का चयन किया जाता है इसी कड़ी में पूर्णिया जिले से 22 शिक्षकों का चयन होना पूरे जिले के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। इन शिक्षकों में जुली कुमारी-धमदाहा, प्रभा रानी-बी.कोठी, पूजा बोस-कसबा, सुमन कुमारी-जलालगढ़,चन्दन कुमार ठाकुर-धमदाहा, फुल कुमार महतो-रूपौली, अनिल कुमार - रूपौली, रानी कुमारी- भावनीपुर, गोविन्द कुमार - रूपौली, सुषमा कुमारी-रुपौली, गुंजन कुमारी- रूपौली, नेहा कुमारी- जलालगढ़, स्वर्णलाता- धमदाहा, डॉ कुमारी अनुपमा भारती- धमदाहा, श्रुति प्रिया - कसबा, प्रीति कुमारी - रूपौली, श्रवण पोद्दार - रूपौली, सुशांत शेखर- धमदाहा, सौरभी दास-बैसा, निष्ठा कुमारी - रूपौली, कुमारी मौसम - कसबा, प्रिया ज्योती- बी. कोठी हैं। जिन्होंने पूरे जिला का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है जिससे पूर्णियां जिले के शिक्षकों में काफी उत्साह का माहौल है।

इन्हें विद्यालय स्तर पर भी इस अवार्ड की प्राप्ति हेतु सम्मानित किया जा रहा है। टीबीटी अवार्ड 2024 इस बार 15 सितंबर को पटना लॉ कॉलेज के प्रेक्षालय में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बिहार के सैकड़ों शिक्षक भाग लेंगे । इस कार्यक्रम में बिहार शिक्षा विभाग के 40 से अधिक राज्य स्तरीय पदाधिकारियों एवं शिक्षाविदों का आगमन एवं आशीर्वाद होता है। यह प्रतिष्ठित सम्मान 'द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स' समूह के द्वारा दिया जाता है जो सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के ऑनलाइन शिक्षण का सबसे बड़ा मंच है। इस मंच से बिहार के 38000 शिक्षक जुड़े हुए हैं तथा 2 लाख से अधिक बच्चों को व्हाट्सएप समूह एवं विभिन्न ऑनलाइन मंचों के द्वारा शिक्षक गतिविधियों से लाभान्वित करते हैं। हाल ही में बिहार के महामहिम राज्यपाल महोदय के द्वारा भी इस समूह को आशीर्वचन प्राप्त हुआ है। टीबीटी अवार्ड 2024 में इन शिक्षकों का शामिल होना पूरे जिले के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। मौके पर टेट शिक्षक संघ अध्यक्ष नितेश कुमार, प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार जायसवाल सहित सभी शिक्षकों ने चयनित शिक्षकों को बधाई दी है।

# गढ़वा में वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा का अनावरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**




जुलूस में शामिल मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय सांसतिक भवन टॉउन हॉल के समीप वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा का अनावरण किया। इससे पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर, महारानी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

बाबा चौहरमल कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित जुलूस में शामिल होकर मंत्री श्री ठाकुर कार्यक्रम स्थल टॉउन हॉल पहुंचे। यहां पासवान समाज की ओर से मंत्री श्री ठाकुर, झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम सहित सभी अतिथियों को बड़ा माला पहनाकर, तलवार, पुष्प गुच्छ एवं शल देकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वीर बाबा चौहरमल ने सामंतवादी ताकतों से लोहा लेकर समाज को एकजुट किया। उनके आदर्शो पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पासवान समाज हर क्षेत्र में परचम लहरा रहा है। इस प्रतिमा अनावरण का सारा श्रेय पूरे पासवान समाज को जाता है। मंत्री ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान राजनेता नहीं बल्कि सामाजिक प्रणेता थे। वे मेरे आदर्श थे। उन्होंने कहा कि गढ़वा तेजी से विकास कर रहा है।

हर समाज की पहचान बन रही है। विशिष्ट तिथि बैजनाथ राम ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पासवान समाज की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाया है। पासवान समाज हमेशा मंत्री श्री ठाकुर के साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि वीर बाबा चौहरमल में भक्ति और शक्ति का अद्भुत मेल था। मौके पर आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, अंबा, बिहार के पूर्व जिप अयक्ष पंकज पासवान, गढ़वा के पूर्व डीडीसी ग्रामीण विकास विभाग झारखंड के विशेष सचिव राजेश कुमार राय, सुनील पासवान, रामजी पासवान आदि ने विचार व्यक्त किया।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के अध्यक्ष चंदन पासवान, जिप अध्यक्ष शांति देवी, पलामू जिप अध्यक्ष प्रतिमा देवी, सुमन देवी, उर्मिला देवी, बबीता देवी, कविता देवी, सबीता देवी, रामचंद्र पासवान, डॉ. यासिन अंसारी, सोनल पासवान, रविंद्र पासवान, भरदुल पासवान, सुमेर पासवान, रानी देवी, विरेंद्र पासवान, नरेश पासवान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विधि विभाग के प्रधान सचिव ने घर्मपत्नी के साथ सतबहिनी झरना तीर्थ में की पूजा अर्चना

**कांडी।** गढ़वा व्यवहार न्यायालय के निवर्तमान जिला एवं सत्र न्यायाीश तथा संप्रति झारखंड सरकार के विाि विभाग के प्राान सचिव राजेश शरण सिंह ने सतबहिनी झरना तीर्थ के सभी मंदिरों में अपनी धर्मपत्नी रेणु सिंह के साथ पूजा अर्चना की। रविवार की सुबह सतबहिनी झरना तीर्थ पहुंचे प्रधान सचिव ने कहा कि यह बहुत ही रमणीक पर्यटन स्थल है। आज मैं यह सोच रहा हूं कि मैं पहले यहां क्यों नहीं आया। उपस्थित लोगों से कहा कि यहां आप लोगों ने काफी काम किया है। बावजूद इसके यहां का और विकास अपेक्षित है। मौके पर सिविल कोर्ट के प्रधान सहायक दीनदयाल पाठक, प्रोसेस सर्वर महेंद्र पासवान, पुजारी पंडित प्रवीण पांडेय, पंडित नीतिश पाठक, पत्रकार राम रंजन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विधि जागरूकता कैंप का आयोजन

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित स्वच्छ रक्सौल संगठन के कार्यालय में रविवार को विधि जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। संगठन के अध्यक्ष रंजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोतिहारी सिविल कोर्ट के अधिवक्ता पवन कुमार सिंह के द्वारा लोगों को निःशुल्क कानूनी सलाह दी गयी। इस दौरान स्वच्छ रक्सौल संगठन के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि कानून की जानकारी के अभाव में लोगों को कई तरह की परेशानी होती है, ऐसे में हमारे संस्था का यह छोटा सा प्रयास है कि लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जाये।कैंप के दौरान मुख्य रूप से फौजदारी, चेक बाउंस मामले, जमीनी विवाद के साथ-साथ भूमि सर्वे को लेकर लोगों को आ रही परेशानी का समाधान किया गया। मौके पर अनु सिंह, प्रधुमन कुमार, सैमुल मैसी, प्रमोद कुमार, सुबोध ठाकुर, ऋषिदेव सिंह, कन्हैया कुमार, मो. असलम के अलावे स्वच्छ रक्सौल की महिला इंचार्ज साबरा खातून मौजूद रही।

# पुलिस ने एक पिकअप पर 16 पशुओं के साथ चालक सहित दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जप्त पशु

**मझिआंव।** पिकअप वाहन से भुचड़ खाने ले जा रहे 16 पशुओं के साथ चालक सहित दो पशु तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मझिआंव-बिशनपुरा मुख्य सड़क से पिकअप वाहन द्वारा गौ तस्करी की सूचना के आधार पर थाना प्रभारी आकाश कुमार, वहीं थाना प्रभारी के द्वारा इस आशय का सन्हा दर्ज कर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु सहायक अवर निरीक्षक आलोक कुमार, चालक आरक्षी मिथिलेश तिवारी एवं सशस्त्र बल के हवलदार संतोष कुमार, विकेश चौधरी एवं आरक्षी चंदन राम के साथ 8 सितंबर के 4 बजे सुबह में वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया। उसी क्रम में 4:30 बजे उजाला रंग के पिकअप वाहन जो बिशनपुरा की ओर से आ रही थी। उसे रोकने का प्रयास किया व्यक्ति गाड़ी से उतर कर भागने लगे जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से दो व्यक्ति को पकड़ा गया एवं एक व्यक्ति औरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। किंतु भगाने के क्रम में उसका मोबाइल गिर गया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की गई। जिसमें बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत ग्राम एवं थाना कुटुंबा निवासी शंभू पासवान के पुत्र भीम कुमार पासवान, दूसरा औरंगाबाद जिला के बारुण थाना के बरौली गांव निवासी अर्जुन पासवान के पुत्र उमेश पासवान को पकड़ा गया। वहीं दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की के बाद भागने वाला तीसरा व्यक्ति पलामू जिला के हरिहरगंज थाना ग्राम अंसारी बीघा निवासी कुदुश अंसारी के पुत्र इमरान अंसारी बताया गया। पिकअप वाहन का डाला चेक किया गया तो पाया कि 16 गोवंशीय पशुओं को क्रुरता पूर्वक एवं बेरहमी से पैर एवं मुंह बंाा हुआ पाया गया। उन दिनों लोगों से पूछताछ की गई तो तस्करों ने बताया कि इन गोवंशीय पशुओं को खरीद कर भुचड़ खाना भेजने हेतु औरंगाबाद ले जा रहे थे। थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा 16 गोवंशीय पशुओं के साथ पिकअप वाहन बीआर 26 जीबी 6316 को जप्त करते हुए दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान 16 पशुओं से लड़ा पिकअप के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और थाना कांड संख्या 91/2024 दिनांक 8 सितंबर दिन शनिवार को गिरफ्तार युवक भीम कुमार पासवान एवं उमेश कुमार पासवान को जेल भेजने का काम किया गया।

खबर एक नजर में

## नालंदा में मेधा सम्मान समारोह में दर्जनों प्रतिभागी सम्मानित

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिलान्तर्गत हिलसा अनुमंडल के डाकबंगला स्थित राज कम्प्यूटर सेंटर के प्रांगण में रविवार को मेधा सम्मान समारोह का आयोजन कर दर्जनों वैसे प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया जिन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित क्वीज प्रतियोगिता में बेहतर स्थान हासिल किए थे। साथ हीं इस कार्यक्रम में टॉपर स्थान लाने वाले अनुशासित छात्र छात्राओं में मुस्कान, चंदन, सोनम, पूजा, गौरव आदि को भी प्रशस्ति पत्र , मेडल, स्मृति चिह्न से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि एवं समाजसेवी डा.आशुतोष कुमार मानव , चंद्रभूषण आर्य, राजवर्धन , अरुण कुमार, सन्तोष कुमार पार्थ, उपेन्द्र कुमार एवं आरसीसी संचालिका मधुमिता कुमारी ने सभी सफल छात्र छात्राओं की हौसला आफजाई करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज कम्प्यूटर सेंटर की संचालिका मधुमिता कुमारी ने बताया कि संस्थान में क्वीज के माध्यम से निरंतर वैसे विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है जो पढ़ाई में अव्वल रहते हैं।इस तरह के कार्यक्रम से उनके अंदर का स्किल विकसित होता है और वे स्वरोजगार के प्रति जागरुक होते हैं।इस अवसर पर समाजसेवी डा. मानव ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के भविष्य हैं। अगर छात्र जीवन से ही इनके अंदर प्रतियोगिता के साथ साथ कठिन मेहनत करने की ललक और सामाजिक सोंच पैदा किया जाए तो यही विद्यार्थी आने वाले समय में देश का नाम पूरी दुनिया में रौशन करेंगे। उक्त समारोह में वक्ताओं ने सभी छात्रों की हौसला आफजाई करते हुए कठिन मेहनत करने एवं इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

## सीएमआर लंबित रखने वाले पैक्सों, मिलरों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई : डीएम

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिला के डीएम दिनेश कुमार राय ने रविवार को कहा कि सीएमआर लंबित रखने वाले पैक्सों, मिलरों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। 15 सितंबर तक लंबित सीएमआर की आपूर्ति करें, अन्यथा ऋ्रक्र दर्ज करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्चस्तर पर लगातार सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा की जा रही है। सीएमआर आपूर्ति कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही, कोताही एवं शिथिलता बरतने वालों को कतई बख्शा नहीं जायेगा। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बीसीओ वाइस सीएमआर आपूर्ति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सख्त हिदायत दी कि लक्ष्य के अनुरूप 15 सितंबर तक सीएमआर आपूर्ति नहीं कराये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध भी कठोर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। ऐसे प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के विरुद्ध प्रपत्र-क गठित करते हुये अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। बैठक से अनुपस्थित एवं कार्य में लापरवाही को लेकर कई प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को शोकॉज करने तथा वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

## अररिया में भाजपा ने किया संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया जिला भाजपा कार्यालय में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा अररिया जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री सरोज झा जी और अररिया जिला के सांसद प्रदीप कुमार सिंह जी मौजूद रहे।कार्यक्रम को जिला प्रभारी लखी मेहता नरपतगंज के विधायक जय प्रकाश यादव, पूर्व विधायक परमानंद ऋषिदेव, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी भानु सिंह, किसान मोर्चा के राजेश कुमार राजू, निवर्तमान जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में 8800002024 पर मिस्ड कॉल के जरिए सदस्य बनाने और अन्य विधि से सदस्य बनाने पर विस्तार से बताया गया ।अररिया जिला से चार लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।इस काम में मोर्चा के पदाधिकारी भी दिन रात मेहनत कर अधिक से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित करें। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता किसी भी काम को गंभीरता से लेता है सदस्यता अभियान को भी निश्चित रूप से काफी तन्मयता के साथ करके लक्ष्य हासिल करेंगे ।कार्यशाला में मंच संचालन महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष चांदनी सिंह ने किया,कार्यशाला में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश राज, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष गंगा ऋषिदेव, अनुसूचित जन जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मुर्मू, अति पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष एमडी याकूब, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी वर्मा, जिला महामंत्री कृष्ण सेनानी, विकाश भगत, दिव्यमूर्ति, सुष्मिता ठाकुर, ज्योति भगत, कनकलता झा के अलावे सभी मोर्चा के जिला पदाधिकारी मंडल के अध्यक्ष मंडल के सदस्यता टोली और मोर्चा महामंत्री भी उपस्थित रहे।

## विधायक खेमका ने चलाया सदस्यता अभियान

**पूर्णिया।** पूर्णिया विधानसभा अंतर्गत शहर के बेगमाबाद टोला में सदर विधायक विजय खेमका ने कार्यकताओं के साथ भाजपा का सदस्यता अभियान 2024 घर घर संपर्क कर चलाया। राधाकृष्ण मंदिर पर महिला पुरुष युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक ने वार्ड में चौपाल लगाकर लोगों से संवाद किया तथा उनकी स्थानीय कठिनाई से भी अवगत हुए विजय खेमका ने कहा भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है।जिसका सदस्य बनना राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना है। विधायक ने कहा भाजपा की सदस्यता का शुभारम्भ होते ही तीन से चार दिनों में 1.5 करोड़ से ज्यादा नागरिकों ने देश में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है तथा बिहार में लगभग 35 लाख से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा का सदस्यता अभियान 25 सितम्बर तक गाँव गाँव, टोला टोला हर बूथ तक सदस्यता अभियान चलेगा।विधायक खेमका ने भाजपा के सभी कार्यकताओं को अपने अपने बूथ पर कम से कम सौ सदस्य बनाने का आग्रह किया तथा सभी भाइयों बहनों से 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर भाजपा का सदस्य बनने की अपील किया। सदर विधायक ने कहा एनडीए की सरकार में पूर्णिया का निरंतर विकास हो रहा है। पूर्णिया की जनता की सेवा एवं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरा संकल्प है। सदस्यता अभियान में अध्यक्ष पवन सहनी मुनिधर महालदार अजय साह मुन्ना ठाकुर मंगल महालदार मानिक चन्द्र साह गोबिंद साह संजय सिंह सहित प्रमुख कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## कार्यक्रम में 191 मामलों का निष्पादन

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत के उत्क्रमित मय विद्यालय बेलपहाड़ी परिसर में रविवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उप प्रमुख पिंटू टोपनो, मुखिया गायत्री देवी, समाजसेवी अनिल चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, षि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन सहित 8 कई अन्य विभाग के स्टल लगाए गए। शिविर में 954 आवेदन मिले एवं 191 का निष्पादन किया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना 489, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 113, मईयां सम्मान योजना 70, पशु विकास योजना 95, सर्वजन पेशन योजना 62, राशन कार्ड 18, श्रम विभाग 33, सहित कई विभाग के आवेदन प्राप्त हुए। उप प्रमुख पिंटू टोपनो, मुखिया गायत्री देवी ने जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाओं को रोजगार के लिए 6 लाख 50 हजार का चेक एवं विद्यालय के 68 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।

स्पीड न्यूज

## गाजा में दो इस्लामिक जिहाद कमांडर ढेर

यरूशलम। इजरायली हवाई हमले में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) आंदोलन के दो बटालियन कमांडर मध्य गाजा पट्टी में हाल ही में मारे गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। इजरायली विमानों ने गुरुवार को हमास और पीआईजे आतंकियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले दीर अल-बलाह शहर में एक कमांड और कंट्रोल सेंटर पर सटीक हमला किया। हमले में कई आतंकवादी मारे गए, जिनमें पीआईजे के दक्षिणी दीर अल-बलाह बटालियन के कमांडर अब्दुल्ला खतीब भी शामिल थे।

## वियतनाम में तूफान से नौ लोगों की मौत

हनोई। उत्तरी वियतनाम में भीषण यागी तूफान से अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है और 186 लोग घायल हुये हैं। देश के कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह जानकारी दी। पिछले 30 वर्षों में इस क्षेत्र में आए सबसे शक्तिशाली तूफान के कारण तटीय प्रांत क्वांग निन्ह से तीन, उत्तरी प्रांत हाई डुओंग से एक, बंदरगाह शहर हाई फोंग से एक और होआ बिन्ह के उत्तरी प्रांत से चार मौतें हुयीं हैं।

## हूती विद्रोहियों ने अमेरिक के एमक्यू-9 ड्रोन गिराया

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने देश की वायु सीमा में उड़ रहे अमेरिका के एक और एमक्यू-9 निगरानी ड्रोन को रविवार तड़के गिराने का दावा किया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के जवाब में अमेरिका ने हूती नियंत्रित इलाकों में हवाई हमले किए। अमेरिकी सेना ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि वह इस दावे से अवगत है, लेकिन उसे यमन में अमेरिकी सैन्य ड्रोन को गिराए जाने के संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। हूती विद्रोहियों ने अपने दावे के समर्थन में कोई तस्वीर या वीडियो जारी नहीं किया। लेकिन 2014 में यमन की राजधानी सना पर कब्जे के बाद हूती विद्रोहियों ने बड़ी संख्या में एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराए हैं।

## मोदी 14 को आयेंगे जम्मू, करेंगे रैली

जम्मू। विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को जम्मू आएंगे और जम्मू प्रांत में विभिन्न रैलियों का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 40 नेताओं में से एक स्टार प्रचारक हैं जो दस साल के अंतराल के बाद क्षेत्र में होने वाले तीन चरणों के चुनावों से पहले पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को जम्मू का दौरा करेंगे। वे 2024 के विधानसभा चुनावों से पहले जम्मू में मेगा रैलियां करेंगे। तीन चरणों में चुनाव 18 सितंबर से शुरू होंगे और 1 अक्टूबर को समाप्त होंगे जबकि वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू के पलोड़ा में एक रैली को संबोधित किया था जबकि रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रामबन में अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए रैली को संबोधित किया और जम्मू-कश्मीर की जनता से भाजपा को जीताकर यहां के विकास की गति को और बढ़ाने की अपील की।

# पाकिस्तान में लगा शैक्षिक आपातकाल

## निजी स्कूल और एनजीओ बच्चों को भविष्य बचाएं : शहबाज

**प्रधानमंत्री ने स्कूल नहीं जाने वाले करीब 26 मिलियन बच्चों की पढ़ाई के लिए विश्व साक्षरता दिवस पर शिक्षा आपातकाल का किया एलान**



एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने रविवार को आर्थिक हालातों के कारण पाकिस्तान में स्कूल ना जाने वाले करीब 26 मिलियन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई करवाने के लिए विश्व साक्षरता दिवस के मौके पर शिक्षा आपातकाल की घोषणा की है। एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्कूल ना जाने वाले बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए निजी स्कूलों और एनजीओ से कहा कि आप सरकार के साथ आइए और हमारे मुल्क के भविष्य को संभालने में हमारी मदद कीजिए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और हम जल्दी ही इसमें एक बेहतर उपलब्धि हासिल कर लेंगे। पीएम ने इस मौके पर कहा कि हमने पूरे देश में शैक्षिक आपातकाल घोषित कर दिया है, छात्रों के लिए नामांकन अभियान शुरू किया है और स्कूलों में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन भी शुरू किया गया है। शहबाज ने कहा कि साक्षरता एक मौलिक मानवीय और संवैधानिक अधिकार है, जो हमारे मुल्क के भविष्य की गारंटी देता है। शिक्षा केवल पढ़ने लिखने की क्षमता भर नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण, आर्थिक अवसरों और समाज में सक्रिय भागी दारी का शुरुआती दरवाजा है। हमने स्कूल छोड़ने की दर को कम करने के लिए और शिक्षा पूरी करने के लिए बच्चों को छात्रवृत्ति और अन्य प्रोत्साहन शुरू किए हैं। पाकिस्तान के पीएम ने कहा कि इस उभरती हुई दुनिया में प्रौद्योगिकी के अनुरूप साक्षरता हासिल करना बहुत जरूरी है। हम यह चाहते हैं कि हमारे युवा डिजिटल क्षेत्र में आगे बढ़ें और आवश्यक कौशल से लैस हों। इस मौके पर पीएम ने निजी स्कूलों और एनजीओ से भी भागीदारी लेने का आग्रह किया कि आप भी आइए और इसमें अपनी भागीदारी दीजिए।

इससे पहले शहबाज शरीफ ने मई में शिक्षा आपातकाल की घोषणा की थी और लगभग 26 मिलियन बच्चों का नामांकन कराने की कसम खाई थी। उन्होंने कहा था कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों का स्कूल ना जाना भविष्य में पाकिस्तान के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आएगा और इससे बेरोजगारी भयंकर रूप से बढ़ेगी। अधिक शिक्षित, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और टिकाऊ समाज बनाने के लिए नीति-निर्माताओं और जनता को साक्षरता के महत्वपूर्ण महत्व की याद दिलाने के लिए 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। यूनेस्को ने के अनुसार, शिक्षा तक पहुंच की कमी सामाजिक विकास में एक महत्वपूर्ण बाधा बनी हुई है, क्योंकि विकासशील देशों में चार में से तीन बच्चे 10 साल की उम्र तक बुनियादी चीजों को पढ़ या समझ नहीं सकते हैं। विश्व स्तर पर अभी भी 754 मिलियन निरक्षर वयस्क हैं,जिनमें दो-तिहाई महिलाएं भी शामिल हैं।

## मणिपुर के सीएम ने 20 विधायकों के साथ राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

# राज्य सरकार को पर्याप्त शक्ति दे केंद्र : बीरेन सिंह



एजें

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य में हिंसा की ताजा घटनाओं के बीच रविवार सुबह राज्यपाल एल. आचार्य से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने केंद्र से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र को मणिपुर में शांति सुनिश्चित करनी चाहिए और राज्य सरकार को पर्याप्त शक्तियां देनी चाहिए। मुख्यमंत्री की दो दिनों में राज्यपाल से यह दूसरी मुलाकात है। मुख्यमंत्री 20 से अधिक विधायकों के साथ सुबह करीब 11 बजे राजभवन पहुंचे। राज्यपाल के साथ उनकी लगभग एक घंटे तक बैठक चली। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह भी मौजूद रहे।

अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से कुकी समूह द्वारा उठाई गई अलग प्रशासन की मांग को न मानने का आग्रह किया। साथ ही सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ) समझौते को रद्द करने का आह्वान किया, ताकि सुरक्षा बल पूरी ताकत से उग्रवादियों पर कार्रवाई कर सकें। उग्रवादी समूहों के साथ राजनीतिक वार्ता शुरू करने के उद्देश्य से वर्ष 2008 में एसओओ समझौता किया गया था। मणिपुर में 30 कुकी उग्रवादी समूहों में से 25 भारत सरकार और राज्य सरकार के साथ त्रिपक्षीय संचालन स्थगन (एसओओ) के अधीन हैं। राजभवन ने एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सिंह ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ राज्यपाल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। हालांकि, न तो राजभवन और न ही मुख्यमंत्री ने ज्ञापन के बारे में कोई ब्योरा दिया। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी : मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं में कई लोगों की मौत के बाद राज्य में रविवार को सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। एक अधिकारी ने कहा, रविवार को अभी तक हिंसा की कोई नई घटना दर्ज नहीं की गई है। विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक सुरक्षा बलों के साथ मिलकर स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि असम राइफल्स ने किसी भी ड्रोन हमले से निपटने के लिए इंफाल घाटी के दूरस्थ इलाकों में ड्रोन रोधी प्रणालियां तैनात की हैं। अधिकारी के मुताबिक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने राज्य पुलिस को एक ड्रोन रोधी प्रणाली सौंपी है।

### कुकी उग्रवादियों से समझौता रद्द करे केंद्र

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को एक ज्ञापन देकर राज्य की मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से राज्यपाल को अवगत कराया और कई कई महत्वपूर्ण मांगें रखी। मुख्यमंत्री ने मणिपुर के कुकी उग्रवादी समूहों के साथ किए गए युद्धविराम समझौता (एसओओ) को निरस्त करने की भी मांग की मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में यूनिफाइड कमांड गठित करने की आवश्यकता है, ताकि अभियान को कारगर तरीके से चलाया जा सके।

## टीएमसी नेता जवाहर सरकार ने राज्यसभा से दिया इस्तीफा

कोलकाता। आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या और अस्पताल में भ्रष्टाचार के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जवाहर सरकार ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ उन्होंने राजनीति से संन्यास लेने का भी ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक लंबा पत्र लिखकर उन्होंने इस मामले में राज्य सरकार के रवैये की तीखी निंदा की है। ममता बनर्जी को लिखे अपने पत्र में जवाहर सरकार ने कहा, मैंने पिछले एक महीने से आरजी कर अस्पताल की घृणित घटना के खिलाफ सभी की प्रतिक्रिया देखी है और सोचा है कि आप पुराने ममता बनर्जी की तरह क्यों नहीं जूनियर डॉक्टरों से सीधी बात कर रही हैं। अब सरकार द्वारा जो भी शासकीय कदम उठाए जा रहे हैं, वे बहुत कम और काफी देर से उठाए गए हैं। इससे पहले ममता ने इस आंदोलन को वामपंथी और भाजपा का समर्थन प्राप्त बताया था। उसी राह पर चलते हुए तृणमूल के अन्य नेताओं ने भी इस आंदोलन को राजनीतिक साजिश करार दिया। जवाहर सरकार ने इस प्रवृत्ति की निंदा करते हुए लिखा कि इस आंदोलन में शामिल लोग गैर-राजनीतिक और स्वतःस्फूर्त रूप से विरोध कर रहे हैं। इसलिए इस आंदोलन पर राजनीतिक लेबल लगाना उचित नहीं होगा। ये लोग राजनीति को पसंद नहीं करते। वे केवल न्याय और सजा की मांग कर रहे हैं। जवाहर सरकार के इस कदम के बाद तृणमूल में एक नई चुनौती खड़ी हो गई है।

## अगले सप्ताह रूस जायेंगे डोभाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल अगले सप्ताह रूस का दौरा करेंगे। इस दौरान रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर चर्चा होगी। सूत्रों के अनुसार, इस यात्रा के दौरान वह अपने चीनी समकक्ष के साथ बैठक भी कर सकते हैं। डोभाल के अपने रूसी समकक्ष और अन्य ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधियों संग अलग-अलग बैठक की भी संभावना है। इससे पहले उन्होंने 2023 में जोहान्सबर्ग में 13वीं ब्रिक्स एनएसए बैठक में भाग लिया था। पिछले वर्ष पांच नए सदस्य सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, मिस्र और इथियोपिया को समूह में शामिल किया गया था। इसके बाद यह पहली ब्रिक्स एनएसए बैठक होगी। राष्ट्रपति पुतिन के साथ प्रधानमंत्री की फोन पर बातचीत के दौरान यह चर्चा हुई कि प्रधानमंत्री अपनी यूक्रेन यात्रा के बाद शांति से जुड़े विचारों पर चर्चा करने के लिए अपने एनएसए को रूस भेजेंगे। इसी के मद्देनजर एनएसए अजीत डोभाल रूस की यात्रा करेंगे। ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक, ब्रिक्स राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।




## अबू धाबी के क्राउन प्रिंस पहुंचे भारत, आज प्रधानमंत्री से मिलेंगे



नयी दिल्ली। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनका स्वागत किया। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। क्राउन प्रिंस के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। सोमवार को अबू धाबी के क्राउन प्रिंस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। उनका भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मिलने का कार्यक्रम है। वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे। मंगलवार को वे एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के कारोबारी नेता भाग लेंगे।

## रणवीर सिंह के घर आयी लक्ष्मी

### दीपिका पादुकोण ने बेटी को दिया जन्म



मुंबई। बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बेटी के माता-पिता बन गए हैं। दीपवीर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने प्रशंसकों के साथ इस खबर की आधिकारिक पुष्टि की। पोस्ट में लिखा कि आपका स्वागत है बच्चा! इस खुशखबरी के बाद दीपवीर के प्रशंसक खुशी से झूम उठे। शनिवार को अस्पताल जाते समय दीपिका की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। अपने पहले बच्चे का स्वागत करने से पहले, दीपिका और रणवीर शुक्रवार शाम को गणेश चतुर्थी के अवसर पर मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर गए। मंदिर में प्रवेश करते ही इस जोड़े की तस्वीर वायरल होने लगीं।जब दंपति गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर पहुंचे तो वे मुस्कुरा रहे थे। हाल ही में इस जोड़े ने अपने शानदार मैटरनिटी शूट से प्रशंसकों का मनोरंजन किया। दीपिका- रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा की गई संयुक्त पोस्ट में जोड़े ने इसे बुरी नजर से बचाने वाला और दिल इमोजी के साथ कैप्शन दिया।




# मंगल ग्रह पर शहर बसाने की तैयारी में जुटे मस्क

## दो साल के अंदर मंगल के लिए लॉन्च करेंगे स्टारशिप

एजेंसी



वाशिंगटन। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने रविवार को कहा कि मंगल ग्रह पर पहला अनक्रूड स्टारशिप मिशन दो साल में लॉन्च किया जाएगा। स्टारशिप दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इसका उपयोग इंसानों को चंद्रमा और फिर अंत में मंगल ग्रह पर भेजने के लिए किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में टेक अरबपति ने कहा कि मंगल ग्रह पर पहला स्टारशिप दो साल में लॉन्च होगा। मंगल ग्रह पर लैंडिंग की विश्वसनीयता का परीक्षण करने के लिए इन्हें शामिल किया जाएगा। अगर लैंडिंग अच्छी रही, तो मंगल ग्रह पर पहले क्रू की उड़ान उड़ान चार साल में होगी। उन्होंने कहा कि लगभग 20 वर्षों में एक शहर बनाने का लक्ष्य है, जो खुद की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। आने वाले वर्षों में किसी ना किसी ग्रह पर मानव जीवन को शुरू करने की तैयारी भी होगी। मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने पहली पूरी तरह से रियूज होने वाली रॉकेट का निर्माण किया है। इससे स्पेश मिशन पर आने वाले खर्चों में काफी कमी आएगी। मस्क ने बताया कि मंगल ग्रह पर चुनौतीपूर्ण माहौल है। मानव के लिए स्थितियां उचित नहीं हैं। इसके बावजूद हम आने वाले सालों में ऐसा करने में सक्षम हो सकते हैं, इसके लिए हमें मौजूदा तकनीक को 10 हजार गुना बेहतर करने की जरूरत होगी।

### 10 लाख लोगों को भेजने की योजना

स्पेसएक्स ने हाल ही में हेवी बूस्टर के साथ अपने 400 फुट ऊंचे स्टारशिप की तीसरी परीक्षण उड़ान शुरू की है। स्टारशिप में एक विशाल बूस्टर होता है, जिसे सुपर हेवी कहा जाता है। इसमें ऊपरी हिस्से में एक अंतरिक्ष यान भी है, जिसे स्टारशिप कहा जाता है। स्पेसएक्स के सीईओ कम से कम दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना बना रहे हैं।

